e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 303

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
07.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
परिस्थितियाँ जितनी ज्यादा, आपको तोड़ती हैं,उससे कहीं ज्यादा आपको, मजबूत बना देती हैं !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को किया फोन,इजरायल-हमास जंग पर हुई बात

**नई दिल्ली** : इजरायल और हमास के बीच चल रही जंग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से फोन पर बात की.पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि पश्चिम एशिया के मुश्किल हालात, इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी से फोन पर बात की.उन्होंने और ईरान के राष्ट्रपति रईसी ने तनाव कम करने, मानवीय सहायता जारी रखने और शांति की शीघ्र बहाली पर जोर दिया. पीएम मोदी ने आगे कहा कि चाबहार बंदरगाह सहित द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति का स्वागत किया.

### 300 फीट गहरी खाई में गिरा टैम्पो, 3 की मौत

**राजौरी** : राजौरी जिले में एक टैम्पो के खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 16 लोग घायल हो गए हैं। यह टैम्पो कोटरंका से राजौरी के लिए जा रहा था।पुलिस के अनुसार सोमवार को राजौरी-बुद्धल सड़क पर एक टैम्पो (जेके02एबी-5535) अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर चला गया और सड़क से फिसलकर 300 फीट से भी ज्यादा गहरी खाई में जा गिरा। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। इस हादसे में हुब्ब कंडी के चंदिया के बेटे अब्दुल रशीद, तुल्ली के कासम दीन के बेटे मोहम्मद हनीफ और दराल बुद्धल के गुलाम दीन के बेटे मोहम्मद आजम की मौके पर मौत हो गई।

### पलामू में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक-युवती का शव

**मेदिनीनगर** : जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के अमानत नदी के पास रेलवे पुल पोल संख्या 294/9 व 294/11 के बीच मिडिल रेलवे ट्रैक के रेल लाइन के बीच युवक-युवती का शव मिला है। दोनों का शव शत-विक्षत स्थिति में हैं। शव को देखने से प्रतीत होता है कि घटना सोमवार अहले सुबह 4 बजे के आस पास की है।रेल लाइन मैन ने बताया कि घटना की जानकारी रेल ड्राइवर ने कजरी स्टेशन को दी। स्टेशन स्टाफ ने स्टेशन स्थित आरपीएफ को बताया। आरपीएफ ने लाइन मैन की मदद से शव को ट्रैक को हटाया। युवक-युवती की पहचान नहीं हो सकी है। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या है या हत्या यह जांच का विषय है।पड़वा के थाना प्रभारी नकुल शाह ने बताया कि शवों की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छानबीन की जा रही है।

### गाजा में इजरायल की बड़ी कार्रवाई,हमास के 450 ठिकाने उड़ाए, खतरनाक आतंकी जमाल मूसा ढेर

**येरूशलम** : हमास और इजरायल के बीच हो रही जंग के 31वें दिन गाजा पट्टी में हमले तेज हो गए हैं. सोमवार की सुबह इजरायली सेना ने जबरदस्त बमबारी की है. इस हवाई हमले में गाजा स्थित अल शाती शरणार्थी शिविर को टारगेट किया गया है. इसमें 40 लोगों की मौत हो चुकी है. इजरायल डिफेंस फोर्सेस ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान हमास के 450 से ज्यादा ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए हैं. इसमें टेरेरिस्ट कैंप, मिलिट्री कंपाउंड, ऑब्जर्वेशन पोस्ट और एंटी टैंक मिसाइल लॉन्च पोस्ट शामिल हैं. इजरायली सेना ने हमास के कई मिलिट्री कंपाउंड पर कब्जा भी कर लिया है, जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है.इजरायल डिफेंस फोर्सेस और इंटेलिजेंस सर्विसेस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि उनके हमले में हमास के कई आतंकवादी मारे गए हैं.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# मिशन मोड में होगा वनपट्टा का वितरण : हेमंत सोरेन

### वनों पर आश्रितों के लिए अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान महत्वपूर्ण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। झारखंड की संस्कृति, सभ्यता और शिष्टाचार की अलग पहचान है। यहां के आदिवासी समुदाय के लोग काफी सहनशील और सरल है।

राज्य में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जो कार्य बहुत पहले होना चाहिए था कहीं न कहीं उस कार्य की शुरुआत आज हमारी सरकार अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के रूप में कर रही है। इस मुहिम के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी एवं मूलवासी समुदायों के बीच बड़ी संख्या में वनपट्टा का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

### राज्य में 80 प्रतिशत लोग खेती-बाड़ी पर निर्भर,हमारी सरकार दे रही उन्हें हक और अधिकार

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में 30 प्रतिशत वन क्षेत्र हैं।जंगल-झाड़ मिलाकर देखें तो यह 50त्न के करीब है। यहां के 80 प्रतिशत लोग खेती-बाड़ीपर ही निर्भर हैं। मात्र 20 प्रतिशत लोग जो बाजार और शहरों में है, बाकी सभी लोग खेती कार्य से ही जीवनयापन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे राज्यों को देखें जहां आदिवासियों की बहुलता कम है लेकिन वहां पर अधिकार के तहत वन पट्टों का वितरण निमित बेहतर कार्य हुआ है। मुझे लगता है कि कोई भी कार्य आप सभी अधिकारी ने अगर आज ठान लिया तो वह पूर्ण नहीं होगा ऐसा हो ही नहीं सकता है। झारखंड अलग हुए इतने वर्ष बाद भी वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की गंभीरता पर हम लोगों ने ध्यान नहीं दिया है।

**वन विभाग के अधिकारी जंगलों को बचाने पर फोकस करें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा आदिवासियों को माइग्रेट कर विभिन्न जगह ले जाया गया ताकि उनके लिए वे खेती का कार्य, पेड़ लगाने का कार्य कर सके। आदिवासियों में जंगलों को बचाने की क्षमता है। वन विभाग कार्यशैली में बदलाव लाकर वनों को बचाने के प्रति विशेष कार्य करें। व्यवस्था में आपको जो जिम्मेवारी मिली है उसका पालन करें। आप सभी अधिकारी कार्यों के प्रति ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

**नगाड़ा वादन कर अभियान का हुआ शुभारम्भ:** इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह ने नगाड़ा वादन कर अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान का विधिवत शुभारम्भ किया। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा इस अभियान की सफलता के लिए अभियान का लोगो/ टी शर्ट, मोबाईल एप एवं वेबसाइट, अभियान संसाधन तथा प्रचार सामग्री का उद्घाटन किया गया। अभियान के उद्देश्य को लेकर राज्य के मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह एवं विभागीय सचिव श्री राजीव अरुण एक्का ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आदिवासी कल्याण आयुक्त श्री अजय नाथ झा ने किया।

**10 साल बाद अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान का बेहतर परिणाम देखने को मिल सकेगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम शहर में अतिक्रमण के दंश से जूझ रहे हैं। शहर में इसे रोकना संभव नहीं है लेकिन गांव में हम आज भी इस काम को रोक सकते हैं। लोगों को उनका हक और अधिकार देकर। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां तक जागरूकता की बात है तो यहां के आदिवासियों और वनवासियों में इसकी कमी नहीं है। कमी है तो सिस्टम के अंदर कार्य करने वाले लोगों की इच्छा शक्ति में। कार्यशैली में काम को लटकाने का तो हम लोगों के पास भरपूर उपाय है लेकिन उसका रास्ता हम कैसे निकले इस पर पसीने छूटने लगते हैं।



### कार्यशैली में बदलाव लाकर लोगों के बीच उदाहरण पेश करें अधिकारी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस राज्य के भौगोलिक और इस राज्य के अंदर चल रहे विकास की गतिविधियां आने वाले दिनों में एक दूसरे से परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न करेगा। वर्तमान में जो खेती योग्य जमीन है उसमें भी कोयला निकाला जा रहा है। आज नहीं तो कल वह खनिज संपदा समाप्त होगा। खनन कंपनियां खनिज संपदा निकालकर ऐसी स्थिति में छोड़ेंगे जिसकी व्याख्या करना मुश्किल है। जो किसान विस्थापित हो रहा है उसका अस्तित्व रहेगा कि नहीं। जहां आज धान की खेती हो रही है, क्या खनन कार्य के बाद उस जमीन पर फिर से वैसी ही खेती हो पाएगी क्या? हमें इस और भी ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों से कहा कि जिलों में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आप सभी की कार्यशैली राज्य के विकास को बेहतर दिशा देने का काम करती है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल,अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, राजस्व विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, सभी जिलों के उपायुक्त,वन अधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खूंटी : 6 उग्रवादी गिरफ्तार रायफल-कारतूस बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी** : प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूलने के उद्देश्य से बनाए गए ब्लैक टाइगर नामक आपराधिक गिरोह के केथित कमांडर अमन खान, मो उमर सहित छह उग्रवादियों को पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र के बनई टोली के पास से गिरफ्तार किया। उनके पास से हथियार आदि भी बरामद किए गए हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि पांच नवंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूलने की नीयत से संगठन के कुछ उग्रवादियों ने ब्लैक टाइगर नामक अपराधिक गिरोह बनाया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गिरोह के कमांडर अमन खान अपने दस्ते के मो उमर सहित अन्य सदस्यों के साथ हथियार से लैश होकर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने और क्षेत्र में अपना दबदबा बढ़ाने के लिए खक्सी टोली होते हुए बनई सदन टोली तरफ आनेवाला है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए एसपी अमन कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह से जुड़े छह उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में अमन खान उर्फ छोटू खान उर्फ ब्लैक टाइगर, मो उमर, शमीम मियां और मिंटू, आसीफ उद्दीन उर्फ आसिफ खान उर्फ राजा, गुरु प्रसाद महतो उर्फ भूषण उर्फ गुरु और सुनील कंडुलना उर्फ बिरसा हैं। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक देसी राइफल, दो जिंदा कारतूस, 5.56 एमएम की 35 जिंदा गोली, संगठन का 17 पर्चे, चार चंदा रसीद, कर नकद 10500 रु, चार मोबाइल, दो मोटरसाइकिल और एक पाउच बरामद किया गया है।एसडीपीओ ने बताया कि अमन खान उमर खान और वशिफ उद्दीन का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। इन उग्रवादियों के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज है।

**गिरफ्तार उग्रवादियों में अमन खान उर्फ छोटू खान उर्फ ब्लैक टाइगर, मो उमर, शमीम मियां और मिंटू, आसीफ उद्दीन उर्फ आसिफ खान उर्फ राजा, गुरु प्रसाद महतो उर्फ भूषण उर्फ गुरु और सुनील कंडुलना उर्फ बिरसा हैं।**

## दिल्ली-एनसीआर में महसूस किए गए भूकंप के झटके




एजेंसी

**दिल्ली** : दिल्ली-एनसीआर में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए है। भूकंप के बाद लोग अपने अपने घरों से बाहर निकलकर खुली जगह की ओर जाते दिखे। झटके दिल्ली से सटे नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम और गाजियाबाद में भी महसूस किए गए।

नेशनल केन्द्र फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र नेपाल रहा और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.6 मापी गई।फिलहाल अभी कहीं से भी किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार को ही नेपाल में भूकंप ने बड़ी तबाही मचाई थी।

इसमें जाजरकोट में 905 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जबकि 2745 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा था। वहीं रुकुम पश्चिम में भूकंप से 2,136 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए और 2,642 घरों को आंशिक व 4,670 घरों को सामान्य नुकसान पहुंचा था। इसके अलावा 150 से अधिक लोगों को इस जलजले में अपनी जान गंवानी पड़ी और करीब 200 लोग घायल हुए थे। बता दें कि पृथ्वी के अंदर सात प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

## भारत ने जापान को हराकर दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक

* झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना विजयरथ जारी रखते हुए झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 का फाइनल मुकाबला जीतकर दूसरी बार इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। मेजबान टीम ने रविवार को यहां मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में जापान को 4-0 से हराया। वहीं, चीन ने कोरिया को 2-1 से मात देकर कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने हाफ टाइम की समाप्ति तक 1-0 की बढ़त बना ली थी। भारत के लिए यह गोल संगीता कुमारी ने 17 वें मिनट में मैदानी गोल के रूप में किया। मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में भी अपना तूफानी प्रदर्शन जारी रखा और तीन गोल और दाग दिए। टीम के दूसरा गोल नेहा ने 46वें, तीसरा गोल लालरेमसियामी ने 57वें और चौथा तथा अंतिम गोल वंदना कटारिया ने 60वें मिनट में किया। भारत की इस संस्करण में सात मैचों में यह लगातार सातवीं जीत थी। भारतीय टीम के लिए संगीत कुमारी ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छह गोल किए जबकि चीन की जियाकी झोंग सात गोल के साथ टॉप स्कोरर रहीं।स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ियों को तीन-तीन लाख रुपये और प्रत्येक सपोर्ट स्टाफ को 1.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। इससे पहले, कांस्य पदक मुकाबले में चीन के लिए यी चेन ने तीसरे और तियांतियन लोउ ने 47वें मिनट में गोल किए। वहीं, कोरिया के लिए एकमात्र गोल सुजिन एन ने 38वें मिनट में दागा। कोरिया को चौथे, मलेशिया को पांचवें और थाईलैंड को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा।

## उत्तराखंड में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं देश-विदेश के उद्यमी : धामी

* मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुंबई में उद्योग समूहों के साथ की बैठक




एजेंसी

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुम्बई में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आयोजित रोड शो में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देश के प्रमुख उद्योग समूहों के साथ बैठक कर उत्तराखण्ड में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी निवेशकों को आगामी 8-9 दिसम्बर को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी ही नहीं बल्कि यह भारत के विकास की अनूठी कहानी का एक प्रमुख भाग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए जहां आधुनिक तकनीक तथा प्रबंधकीय कौशल आवश्यक है, वहीं आध्यात्मिक शक्ति एवं शांति भी अत्यंत आवश्यक है। उत्तराखंड ने भी अपनी जीएसडीपी को आगामी 5 वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि अब तक रोड शो से लगभग एक लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों के उद्यमी भी उत्तराखंड में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं। राज्य में लाइसेंस आदि के अनुमोदनों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था में सुधार किया गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस सन्धु, सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी समेत विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक सूरत युद्धपोत के शिखर का अनावरण

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय नौसेना के स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक 'सूरत' के शिखर का अनावरण सोमवार को नौसेना की पश्चिमी कमान के तत्वावधान में सूरत शहर में आयोजित किया गया। युद्धपोत का अनावरण गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार भी शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस जहाज को पिछले साल 17 मार्च को मुंबई में लॉन्च किया था। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि युद्धपोत का शिखर खंभात की खाड़ी के दक्षिणी प्रवेश द्वार पर स्थित हजीरा (सूरत) के प्रसिद्ध प्रकाश स्तंभ को दर्शाता है।



# छठ पूजा को लेकर स्टूडेंट क्लब के पदाधिकारियों ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** छठ महापर्व को लेकर विभिन्न क्लब द्वारा छठ घाट की साफ- सफाई शुरू कर दिया गया है। छठ महापर्व को लेकर कमिटी द्वारा जोर शोर से छठ घाट की साफ- सफाई के साथ- साथ छठ घाट का सजाने व सवारने का कार्य शुरू कर दिया गया है। छठ पर्व को लेकर स्टूडेंट क्लब की बैठक सोमवार को आहूत की गई। इसकी जानकारी देते हुए क्लब के संरक्षक विनोद जायसवाल उर्फ नेताजी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष छठ घाट पर विशेष रूप से तैयारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छठ घाट पर छठव्रतियों को स्नान करने के लिए झरना लगाया जाएगा ताकि छठव्रतियों को स्नान करने में किसी भी तरह की कोई दिक्कत न हो। छठ घाट को बेहतर तरीका से सजाया जाएगा। इसके अवाले छठ घाट पर एक से बढ़कर एक लाईट लगाया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक दीपक केसरी, राकेश केसरी, सुशील विश्वास, सरदार रंजीत सिंह, मनोज कमलापुरी, संदेश, बृज बिहारी प्रसाद, दयाशंकर गुप्ता, प्रमोद कमलापुरी, गंगा गोस्वामी, सुदामा महतो, कार्यकारी अध्यक्ष नमन केसरी, उपाध्यक्ष कुशल केसरी, ऋषिक जायसवाल, प्रितम केसरी, विश्वजीत केसरी, अंकित कांस्यकार, शुभम केसरी, अभिजीत पटेल, राजा केसरी, विक्कू कांस्यकार, शिवम केसरी, शुभम केसरी, राहुल कुश्वाहा, अंकुर अग्रवाल, अंशु कांस्यकार, अर्पित राज, शिवम सोनी, उतम केसरी, प्रकाश केसरी, निखिल केसरी, पियूष केसरी, अतुल जायसवाल, विशाल गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आगामी छठ महापर्व मनाने को लेकर तैयारी शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार के मुकुंदपुर में स्थित सूर्य नारायण वन मंदिर परिसर को आगामी लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मानने को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू हो गई है। गौरतलब हो की छठ महापर्व मनाने को लेकर लाखों श्रद्धालु की भीड़ यहां हर साल हुआ करता है। उसी को लेकर तैयारी गत सोमवार से ही साफ सफाई शुरू हो गया है। छठव्रतियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो उसके लिए मंदिर विकास समिति इस परिसर को एक पखवाड़े पहले से बैठने की उचित स्थान की साफ सफाई, जल कुंड की सफाई, पार्किंग व्यवस्था, परिसर में लगे चापाकल को दुरुस्त करने के साथ-साथ मेला का रूपरेखा तैयार किया जा रहा है।प्रत्येक वर्ष कोई ना कोई समाजसेवी जेसीबी उपलब्ध कराकर सफाई कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस बार सर्वप्रथम समाजसेवी सह मंदिर के अनुशासन समिति के पदाधिकारी ब्रजेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह जेसीबी उपलब्ध कराकर साफ सफाई शुरू कर दिया है जिसकी प्रशंसा लोग कर रहे हैं।

## किसानों के बीच मसूर व सरसों बीज का हुआ वितरण



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत सोमवार को किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। इस दौरान कुलहिया व सेमरवार पंचायत के चयनित गांव के किसानों के बीच मसूर व सरसों बीज का वितरण बीएओ ब्रजेश कुमार तथा एटीएम प्रवीण जहां ने किसानों को बीज प्रदान किया। मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सचिव अजय सिंह, उदय सिंह, रामवृक्ष मस्ताना के अलावे कृषक मित्र पंचम मेहता, रामजनम मेहता, अखिलेश मेहता सहित कई किसान मौजूद थे।

## नवपदस्थापित सीओ को भाजपा नेता ने गुलदस्ता भेंट किया



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवपदस्थापित सीओ यमुना रविदास को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने सोमवार को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। वहीं राजीव रंजन ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नए अंचलाधिकारी जनसमस्याओं के समाधान के प्रति हमेशा सजग होंगे। वहीं नव पदस्थापित सीओ ने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर संजय जायसवाल, संतोष गुप्ता, दिनेश पासवान, विनोद पासवान, गोपाल स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

# रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए विवेक तिवारी को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** युवा समाजेसवी सह गढ़वा जिले में रक्तवीर के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले विवेक तिवारी ने रक्तदान के क्षेत्र में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहते है। विवेक खुद तो रक्तदान करते ही हैं, अन्य युवाओं को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते है। विवेक तिवारी को गढ़वा नहीं बल्कि दूसरे प्रदेशों में कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। रविवार को गढ़वा ब्लड़ बैंक की ओर से विवेक तिवारी को पुनः एक बार और सम्मानित किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विवेक तिवारी ने बताया कि रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए मुझे सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में भी मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध कराने का कार्य किया है। गढ़वा नहीं बल्कि दूसरे प्रदेशों में विवेक ने मरीज के स्वजनों को आसानी से रक्त उपलब्ध करा देते है। मरीज के स्वजन अगर विवेक को फोन कर सूचना देते है कि मेरे मरीज को रक्त की जरूरत है तो विवेक आसानी से मरीज को रक्त उपब्लध कराने का काम करते है। विवेक तिवारी ने बताया कि मरीज को रक्त की कमी से कभी नहीं मरने दिया जाएगा। मरीज का इलाज भारत के किसी भी हॉस्पिटल में हो रहा है, तो वहां भी आसानी से रक्त उपलब्ध कराने का काम करते है। उन्होंने कहा कि अब तक 500 से अधिक मरीजों को रक्त दिलवाने का काम किये है। विवेक ने बताया कि खुद से 36 बार रक्तदान कर चुके है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती है। स्वस्थ्य व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में एक बार रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग के लोग रक्तदान में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा ले रहे है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना मेरा प्राथमिकता है।

# आकलन सहायक अध्यापक के अध्यक्ष बने अभिषेक शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद परिसर में आकलन सफल सहायक अध्यापक की हुई बैठक। यह बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सहायक अध्यापक सुनील पाठक की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम के दौरान सलाह समिति का गठन कर सर्वसम्मति से आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघ हुसैनाबाद का चुनाव किया गया, जिसमे विभिन्न पदों के लिए निम्नलिखित सहायक अध्यापकों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अभिषेक शर्मा उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम उपेन्द्र सिंह मीडिया प्रभारी अनिल कुमार सचिव वैद्यनाथ पासवान सह सचिव विंध्याचल सिंह कोषाध्यक्ष अविनाश सिन्हा सह कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार वहीं सर्वसम्मति से आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघ हुसैनाबाद का चुनाव किया गया। चुनाव कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ सहायक अध्यापक राजेश सिन्हा, संजय पासवान, रामचंद्र राम, अनिल कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, गोविंदा सिंह, रंजन कुमार सिंह, पप्पू पासवान, दिलीप भगत, कृष्ण कुमार राम, विनय शर्मा, अभिसेक सिंह सुनील यादव, जयकुमार, संतोष पासवान अभयपासवान, अखिलेश यादव, विनोद कुमार, धीरेंद्र राम, अवधेश यादव, मनोज कुमार, मुरलिश्याम प्रजापति, भारदूल ठाकुर, अर्जुन यादव, रामलाल राम फरजाना खातून, राजीव रंजन सिंह, आदि सैकड़ों की संख्या में सहायक अध्यापक अध्यापिका उपस्थित थे।

## छठ पूजा घाटों पर गंदगी का अंबार, सफाई का इंतजार



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छठ महापर्व को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में तैयारी तेज हो गई है। बाजार में सूप दउरा आदि के विक्रेता अपेक्षित संख्या में सामग्री मंगाकर इकट्ठा करने में जुटे हैं। छठ घाटों की सफाई भी शुरू कर दी गई है। परंतु शहर के कई घाटों पर अब भी गंदगी की भरमार है। नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर दलित मोहल्ला के छठ घाट की सड़क का पक्कीकरण करा दिया गया है परंतु नाली का गंदा पानी सीधे नदी में बहकर पानी व रेत को गंदा कर रहा है। इससे छठ व्रतियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि शाहपुर की छठ पूजा समिति ने कमल किशोर के नेतृत्व में बैठक कर छठ पूजा महोत्सव 2023 को लेकर आवश्यक तैयारी समय से पहले पूजा कर लेने का निर्णय लिया है। घाट की सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया है। छठवृत्तियों की सुविधा के लिए घाट पर रोशनी, सफाई, कपड़ा बदलने के लिए टेंट, भजन संध्या कार्यक्रम आदि का निर्णय लिया है। शाहपुर के कोयल नदी छठ घाट के निवासी मो अलाउद्दीन ने बताया कि छठ पूजा को लेकर घाट की विशेष सफाई कराई जाती है। हालांकि घाट व मोहल्ले की नियमित सफाई अभी शुरू नहीं हुई है। निवर्तमान वार्ड पार्षद प्रमिला देवी ने बताया कि छठ घाट की सफाई के लिए नगर निगम प्रबंधन से अनुरोध किया गया है। सामाजिक संगठन स्तर पर भी प्रयास किया जा रहा है। घाट तक की सड़क का पक्कीकरण कर दिया गया है।

# नपं के कार्यपालक पदाधिकारी ने छठ घाट का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर सोमवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। कार्यपालक पदाधिकारी सबसे पहले शहर के मुख्य छठ घाट थाना रोड स्थित बटाने नदी तट पहुंचे तथा छठ पूजा समिति के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए साफ-सफाई को लेकर जेई नीरज कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी ने बटाने नदी के डेमा, पूर्णाडीह, अररूआ, घाघरा, विशुनपुर छठ घाट की सफाई को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह जिला सचिव अजय सिंह समाजसेवी संतोष प्रजापति के अलावे नवयुवक सांस्कृतिक छठ पूजा समिति संजय कुमार, रिंकू शौंडिक, निरंजन प्रसाद, हरिद्वार मेहता, शिव कुमार, शशि कुमार आदि उपस्थित थे।

# पांकी प्रखंड पंचायत स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष बने बैजनाथ प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के पांकी पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में सोमवार की दोपहर पांकी प्रखंड पंचायत स्वयंसेवक संघ की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई, जिसमे पांकी स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने संगठन के 5 वर्ष की अवधि पूरे होने पर पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का पुनर्गठन किया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने पूर्व के अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद गुप्ता को सर्वसम्मति से दूसरी बार भी अध्यक्ष बनाया। अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार संगठन का प्रभार ग्रहण करने वाले बैजनाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से पांकी स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने दूसरी बार भी उन पर भरोसा जताया है उस भरोसे पर वे खरा उतरेंगे साथ ही अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से एवं कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे, ताकि प्रखंड के सभी पंचायत स्वयंसेवक संघ के सदस्यों को उनका हक अधिकार मिल सके संघ के लोगों के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। नई कमिटी के उपाध्यक्ष संतोष कुमार एवं सचिव अवधेश यादव, कोषाध्यक्ष अमलेश यादव, को बनाया गया। मौके पर उपसचिव कमला कुमारी, मीडिया प्रभारी अमलेश राम, सुजित कुमार, जितेंद्र ठाकुर, कौसल पाठक, समसुल आलम, कैसर अली, निरंजन यादव, निरंजन गुप्ता सतेंद्र गुप्ता, प्रदीप यादव नवीन कुमार, फजलुल अंसारी, प्रेम कुमार, धर्मेन्द्रकुमर, आलम तब अंसारी, स्वीटी ज्योति कमला, बिमला, रिंकी, सावित्री, बिभा कुमारी सहित कई पंचायत स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# मुखिया ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** पांकी प्रखण्ड के लोहरसी पंचायत के लोहरसी चटी के पास में वृक्ष मांझी के घर से शंकर साव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का पंचायत के मुखिया चिंता देवी ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर लोहरसी पंचायत के मुखिया चिंता देवी ने कहा कि यह सड़क 15 वें वित्त आयोग से राशि के अंतर्गत निर्माण की जाएगी। उक्त सड़क वृक्ष मांझी के घर से शंकर साव के घर तक निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में समाजसेवी अरविंद सिंह, नागेंद्र कुमार, उमेश कुमार सिंह, मो0 कैफ उर्फ रिंकू, मुकेश सिंह, दिलीप कुमार, गोविंद बड़ाईक, बसीर अंसारी, अवनीश कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अवैध बालू उत्खनन का कार्य प्रखंड में जोरों पर



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत इन दिनों प्रखंड के सभी छोटी बड़ी नदियो से अवैध बालू उत्खनन का कार्य जोरो से किया जा रहा है। और बालू माफियो की सक्रीयता बढ़ गई है। प्रखंड के छोटी बड़ी नदी नालों से प्रति दिन रात सैकड़ो ट्रैक्टर अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बालू माफिया रात के अंधेरे से बालू उठाव कर शहर में बिक्री कर रहे हैं। तथा पूरे दिन छुप छुपे तरीके से बालू उठाव जारी रहता है। आगे बताते चले कि गिद्धौर अंचलाधिकारी रहे जयशंकर पाठक के कार्यकाल में बालू माफियाओ का मनोबल थोड़ी पस्त हुई थी। कारण सीओ जयशंकर पाठक पुलिस प्रसाशन की मदद से रात्रि के समय में अवैध बालू उत्खनन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया था। इस समय बालू से लदे दर्जनों ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। परंतु उनका स्थान्तरण होते ही एक बार फिर से बालू माफियाओं का गतिविधि सक्रिय हो गई। मालूम हो कि सीओ जयशंकर पाठक का स्थान्तरण गिद्धौर से एक माह पूर्व लातेहार हो गया है। इसके बाद से चतरा सदर प्रखंड के बीडीओ को गिद्धौर प्रखंड के बीडीओ, सीओ का अतिरिक्त प्रभार सौपी गई है। बहरहाल प्रखंड के बलबल नदी, गिद्धौर बड़की नदी, सिंदुआरी घटेरी नदी सहीत लगभग आधा दर्जन से अधिक छोटे छोटे नदी नालों से प्रत्येक दिन बेरोक टोक बालू उठाव जारी है।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत गार्डन गर्व पब्लिक स्कूल सभागार परिसर में रविवार को जसलोक अस्पताल, रांची के सौजन्य से स्वास्थ्य जागरुकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जसलोक अस्पताल सह ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ जितेंद्र सिन्हा व सचीव डॉ आर एन प्रसाद की गरिमापुर्ण उपस्थिति रही.इस अवसर पर आमंत्रित ग्रामीण चिकित्सक, दवा विक्रेता, लैब टेकनीसीयन, व चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए, कार्यशाला का शुभारंभ उपस्थित गणमान्य लोगों के परिचय लेकर किया गया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ जितेंद्र सिन्हा ने जसलोक अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल मे अब विश्व स्तर का वेन्टीलायजर, व आइ सी यू की व्यवस्था की गई है। एडवांस टेक्नोलॉजी से आपरेशन किया जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि आज जसलोक अस्पताल अनेक उपलब्धि प्राप्त कर चुकी है। अब अस्पताल का अपना नर्सिंग कॉलेज भी खुल चुका हैं जहा पर बहुत ही कम खर्च पर जीएन एम, बीएससी नर्सिंग, डी फार्मा, व पेरामेडिकल का कोर्स कराया जा रहा है, हमारा प्रयास हैं कि लोगों को कम खर्च पर अच्छा स्वास्थ्य सुविधा मिले. डॉ आर एन प्रसाद ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आधुनकि चिकित्सा पद्धति से सबको अवगत कराना है, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र मे आए विभिन्न बदलाओं को उन्होंने उदाहरण सहित विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शहर व ग्रामीण चिकित्सा क्षेत्र में बहुत बड़ा अंतर है, शहरो में आधुनकि चिकित्सा सुविधाओं के उपयोग से चिकित्सा किया जाता है। जबकि गांवों में अनुभवजनित चिकित्सा है. ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सा कर्मी अपने स्तर तक ही चिकित्सा करें जहा पर स्थिति सीमा से पार कर रहा हो तो उसे तत्काल हायर चिकित्सा सेन्टर भेजे, चोट लगे हुए पेसेन्ट, एक्सिडेंट के पेसेन्ट, माथे पर चोट लगे पेसेन्ट, टरूमा के केसेज को रेफर करना जरूरी हैं, उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि मरीजों को ऐसे अस्पताल मे भेजे जहां कम खर्च पर अच्छा ईलाज हो, इन सब के लिए जसलोक अस्पताल एक विकल्प है, डॉ. जितेंद्र सिन्हा व डॉ आर एन प्रसाद ने ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले विभिन्न बिमारियों, उसके रोकथाम व ईलाज के संबन्ध में उदाहरण के साथ बताया, एवं उपस्थित गणमान्य स्वास्थ्य कर्मीयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


# शिक्षा विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की योजनाओं का मासिक समीक्षा बैठक किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक बड़ाईक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय के सभी वार्डेन एवं लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया। शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों में विद्यांजली, खादी महोत्सव, फिट इंडिया, मिशन चंद्रयान, उर्जा संरक्षण, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, रेल कार्यक्रमों में गति लाने हेतु सभी बीईईओ, बीपीओ, वार्डेन को निर्देशित किया गया। साथ ही सभी संकुल साधनसेवियों का सप्ताह में दो बार समीक्षात्मक बैठक करते हुए समीक्षा कराने का निर्देश दिया, शौचालय विहीन, पेयजल विहीन विद्यालयों का सत्यापन कार्य कनीय अभियंता से कराते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिससे कि शौचालय विहीन, पेयजल विहीन विद्यालयों में समुचित व्यवस्था किया जा सके। इंस्पायर अवार्ड की आज अंतिम तिथि है। सभी 47 विद्यालयों से पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। वहीं पाठ्य योजना, पाठ्यक्रम, विद्यालयों में आपूरित शैक्षणिक कैलेण्डर का अनुपालन कराने का निदेश दिया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद तुलस्यान के निधन पर पत्रकारों ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के वरिष्ठ पत्रकार राम प्रसाद के निधन पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभा कक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया।जिला के विभिन्न अखबार, टीवी चैनल एव यू ट्यूब के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। राम प्रसाद तुलस्यान निर्भीक, निष्पक्ष पत्रकारिता एव ईमानदार व्यक्तित्व के रूप में उनकी पहचान थी।इस मौके पर दिवंगत पत्रकार रामप्रसाद तुलस्यान के कार्यकाल एवम् मीडिया जगत में उनके योगदान को याद किया गया तथा उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस दुख की बेला भगवान उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति दे।शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार शंभू साहू, नौशाद आलम, दीनबंधु, प्रवीण रस्तोगी, सुनील कश्यप, जफर परवेज, विपिन सिंह, सूर्यकांत कमल, रवि कुमार, मो लकी, गौतम सिंह, रूपेश सिंह उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## ईडी ने जेल सुपरिटेंडेंट हामिद अखतर को भेजा समन, 9 नवम्बर को करेगी पूछताछ

**रांची।** बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट जेलर और बड़ा बाबू को ईडी ने समन भेजा है। रांची स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। जेल के बड़ा बाबू दानिश से 7 नवम्बर, जेलर नसीम 8 नवम्बर ओर सुपरीटेंडेंट हामिद अख़्तर को 9 नवम्बर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। याद दिला दें राँची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेट्रल जेल में करीब चार घंटे तक छापेमारी की थी। इसके पूर्व ईडी पीएमएलए कोर्ट में आवेदन देकर सेंट्रल जेल में जांच को लेकर अनुमति मांगी थी। प्रेम प्रकाश एंड कंपनी ईडी के अधिकारियों को फर्जी मुकदमें में फंसाने की साजिश रच रहे थे। जेल में बंद मनी लॉड्रिंग के आरोपी दो महिला को केस दर्ज कराने के लिए तैयार किया गया था। इसके अलावा नक्सली से भी संपर्क किया गया था नक्सली के अलावा राज्य के गैंगस्टर से भी ईडी के अधिकारियों को क्षति पहुंचने की योजना थी।

## युवक के साथ मारपीट और छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** रातू थाना क्षेत्र के परहेपाट में सोमवार को एक बाइक सवार युवक के साथ मारपीट और छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार मुरचू जा रहे हुरहुरी के बाइक सवार युवक तनवीर हसन को ओवरटेक कर रोकने के बाद तीन लोगों ने मारपीट की। इसके बाद आरोप लगाया गया है कि हथियार का भय दिखाकर बाइक (जेएच 01डीडी 7712 ), गले से सोने का चेन और पॉकेट से 50 हजार नकद मारपीट कर छीन लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपितों के घर से बाइक बरामद कर लिया है। मामले को लेकर पीड़ित की ओर से रातू थाने में चांद अंसारी, महफुज अंसारी और जाबिर अंसारी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

# पुलिस ने बच्चे को सकुशल किया बरामद, 8 गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** मधु देवी लीची बगान थाना जगरनाथपुर जिला रांची की रहने वाली जो भीख माँग कर गुजारा करती है । उसने पुलिस को लिखित मामला दर्ज कराया कि 22.10.23 को अपने डेढ़ वर्ष के बच्चे रूद्र राज के साथ हिनू के पास में थी। इसी क्रम में एक काले एवं लाल रंग के मोटरसाईकिल पर एक अज्ञात महिला एवं पुरूष आये एवं इन्हें बताये कि धोनी के द्वारा हरमू में पैसा एवं एक घर दिया जा रहा है, चलो तुमको दिलवायेंगे उसके बहकावे में आकर वह अपने 1.5 वर्षीय पुत्र के साथ अज्ञात पुरुष के साथ बाईक पर सवार होकर हरमू बिजली ऑफिस के पास आ गयी एवं यहाँ पर उसे अपने बालों में फँसाकर उक्त व्यक्ति एवं महिला उसके बच्चे का अपहरण कर लिया। इस सबंध में वादिनी मधु देवी के फर्दब्यान पर उक्त कांड दर्ज किया गया एवं कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक हटिया के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घटना में शामिल व्यक्ति बिनय वर्मा मधुकम शास्त्री चौक थाना सुखदेवनगर एवं सिमडेगा की रहने वाली महिला सलूजा बेगम के द्वारा बच्चे का अपहरण किया गया था को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों में पहले से ही मजदूरी के दौरान आत्मीय संबंध बना था ये बताये कि चान्हो के रहने वाले साजिद असारी उर्फ बबलू जो मानव तस्करी के केस में पहले जेल जा चुका था एवं रामगढ़ के कृष्णा मिश्रा उर्फ पंडित हमसे कुछ दिन पहले बोले थे कि एक छोटा बच्चा कही से लाओ पोसना है और बबलू मुझे दस हजार रूपया दिया था हम बच्चा के खोज में महिला भिखारी से कडरू में बच्चा मागे थे तो पहले वह इनकार कर दी फिर उसको धोनी से पैसा दिलवाने के नाम पर ठग कर हरमू तरफ ले आये और बच्चे को उससे लेकर हमलोग निकल गये। बच्चे को लेकर बबलू के साथ रामगढ़ में पंडित के पास गये। वहीं पर बच्चे को बेचने का प्लान किया गया। पंडित रामगढ़ के ही एक महिला गीता मुंडा को बुलाकर बात किये इसपर गीता मुंडा चतरा इटखोरी के रहने वाले सरिता देवी से संपर्क की इसपर सरिता देवी अपने ही गाँव के कुंती देवी एवं उसके पति महेन्द्र साव को बच्चा लेने के लिए राजी किया। महेन्द्र साव को बच्चा बेचने के एवज में एक लाख बीस हजार रूपये बबलू, गीता मुंडा एवं पंडित की उपस्थिति में लिया गया।

**इन लोगों को मिला पैसा:** बच्चा चोरी करने वाले विनय वर्मा एवं सलुजा बेगम को 25 हजार रूपया मिला। गीता मुंडा को 11 हजार रूपया, पंडित को 30 हजार रूपये और बबलू 54 हजार रूपया अपने पास रख लिया। महिला सलुजा बेगम एवं पुरूष विनय वर्मा एवं घटना में संलिप्त चान्हो के रहने वाले साजिद अंसारी उर्फ बब्लु रामगढ़ के रहने वाले कृष्णा मिश्रा उर्फ अशोक मिस्त्री उर्फ पंडित एवं गीता मुण्डा के बताये अनुसार कांड में अपहृत बच्चे को ईटखोरी की रहने वाली कुन्ती देवी, महेन्द्र साव के पास से बरामद किया गया। इस काण्ड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो होंडा पैसन प्रो जे0एच0 02 ए0ए0 0516 को जप्त किया गया है। अभियुक्त द्वारा यह भी बताया गया है कि उक्त बच्चे की माँ बच्चे को 50 हजार रुपया में बेचने को राजी हुई थी किंतु पैसा वह पहले ही माँग रही थी।

**गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम पताः** विनय वर्मा मधुकम शास्त्री चौक, सलुजा बेगम सिमडेगा, कृष्णा मिश्रा उर्फ अशोक मिस्त्री बंगालीटोला रामगढ़। गीता मुण्डा रामगढ़,साजिद अंसारी उर्फ बब्लू चान्हो, महेन्द्र साव परसोनी ईटखोरी, कुन्ती देवी, ईटखोरी. जिला- चतरा , सरिता देवी चतरा,

**जप्त सामानः** अपहरण किये गये बच्चे की बरामदगी की गयी है घटना में प्रयुक्त लाल, एवं काले रंग की पैसन प्रो मोटरसाईकिल रजि0 सं0 जेएच02 एए0516

**गठित टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारीयो का नामः** पु0नि0 सह थाना प्रभारी बृज कुमार, अरगोड़ा थाना, पुअनि विष्णुकांत, अरगोड़ा थाना, राँची,पुअनि अनिमेष शांतिकारी अरगोड़ा थाना राँची सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

# झारखंड कारा अस्पताल पारा चिकित्सा संवर्ग नियुक्ति नियमावली लागू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य कारा अस्पताल पारा चिकित्सा संवर्ग नियुक्ति प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधित नियमावली 2023 लागू हो गयी है। इससे संबंधित अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी गयी है। इसके अनुसार झारखंड के शैक्षणिक संस्थान से ही मैट्रिक इंटर पास होने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है।

वहीं, इस संवर्ग में शैक्षणिक योग्यता आइएससी, 10 प्लस टू रखी गयी है। इसके साथ ही एक्स-रे टेक्नीशियन का डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण होना व कम्प्यूटर का ज्ञान होना अनिवार्य किया गया है। फार्मासिस्ट, मिश्रक के पद के लिए भी शैक्षणिक योग्यता वही रखी गयी है और संबंधित विषय में डिप्लोमा करना अनिवार्य होगा। पुरुष और महिला नर्स के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास 45 प्रतिशत के न्यूनतम अंक के साथ रखा गया है। परिधापक के लिए 10वीं पास के साथ एक वर्ष का प्रशिक्षण कोर्स, नर्सिंग अर्दली के लिए 10वीं पास योग्यता रखी गयी है। अब रिक्तियों की अधियाचना के साथ आयोग के द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

# पूर्व विधायक अमित महतो को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक और खातियानी झारखंडी पार्टी के नेता अमित महतो को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गयी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आर एस बोपन्ना और जस्टिस नरसिम्नहन की बेंच में अमित महतो की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अमित महतो की ओर से वरीय अधिवक्ता संजीव कुमार ने बहस की।

**क्या था मामला:** रांची सिविल कोर्ट ने बीते वर्ष 2018 में अमित महतो को सोनाहतू सीओ के साथ मारपीट के केस में दो वर्ष की सजा सुनायी थी। जिसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गयी थी। सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ अमित महतो ने झारखंड हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को कम करते हुए एक साल की सजा निर्धारित की थी। जिसके बाद अगस्त 2023 में अमित महतो ने सरेंडर किया था। अमित महतो ने सुप्रीम कोर्ट में क्रिमिनल एसएलपी दाखिल की थी। जिसपर सोमवार को सुनवाई हुई और अदालत ने उन्हें जमानत दे दी है।जमानत मिलने के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

# श्रीरामजन्म भूमि से पूजित अक्षत रांची लाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची ।** श्री अयोध्याजी श्रीराम मंदिर जन्मभूमि से पूजित अक्षत को रांची लाया गया। रांची आने पर बहु बाजार चौक के पास से रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी के नेतृत्व में गाजे- बाजे के साथ एवम् पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए श्रीराम मन्दिर चुटिया लाया गया। पूजित अक्षत को लाने के लिए झारखंड प्रतिनिधि के रूप में रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा, रामगढ़ सहमंत्री तरुण वर्मा, रामगढ़ नगर प्रचारक संजीव जी वह एबीवीपी के कार्यकर्ता गौतम महतो ने अयोध्याजी में पूजित अक्षत को लेकर रांची आए थे।

इस अवसर पर प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि अयोध्या से लाया गया पूजित अक्षत को झारखंड प्रांत के सभी जिलों में भेजा जाएगा। सनातन परंपरा में पीले अक्षत चावल से ही आमंत्रण किया जाता है। अक्षत कलश को झारखंड की रांची स्थित अभी मुख्य मंदिरों में रखा जाएगा एवं पूजन आरती होगा। दिसंबर माह में इस अक्षत को सभी जिला केंद्रों में भेजा जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू , प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, प्रचार प्रसार प्रांत सहप्रमुख प्रकाश रंजन, रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी, रामगढ़ मंत्री छोटू वर्मा, महंत गोकुल दास, जी,विक्रम साहू,रतन केशरी, संतोष कुमार, रेणु सिंह, सुभम केशरी, गोल्डी साहू, आशीष साहू, शिवलाल साहू, अक्षय केसरी,अमित केशरी, लक्की नायक शहीद कई राम भक्त उपस्थित थे।

# ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पांच दिनों में कटे 1213 चालान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** रांची की ट्रैफिक पुलिस लगातार यातायात का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में पिछले पांच दिनों में मेकॉन चौक, देवेंद्र मांझी चौक, राजेंद्र चौक, रतन पीपी चौक, कर्बला चौक और सर्जना चौक सहित अन्य स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 1213 चालान काटा गया। इसमें रॉन्ग पार्किंग का 1052, सिग्नल उल्लंघन का 50 और नो एंट्री में गाड़ी परिचालन करने पर 111चालान काटा गया है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को बताया कि लगातार डीएसपी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इसके अलावा जाम से निजात दिलाने के लिए भी लगातार काम किया जा रहा है।

# मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सूना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राज्य के वित्त और खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सोमवार को कांग्रेस भवन में जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान मंत्री ने समस्याओं के निराकरण के लिए अधीनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिये। साथ ही लोगों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ त्वरित लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया। जन-सुनवाई कार्यक्रम में बोकारो, रांची, खूंटी, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्या में मुख्य रूप से जमीन कब्जा, शिक्षक बहाली करने, आर्थिक मदद, चापाकल एवं स्ट्रीट लाइट, सड़क निर्माण, बेवजह पुलिस प्रशासन द्वारा मारपीट करने, फर्जी हुकुमनामा, घाट निर्माण, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को हटाने, जमीन हड़पने, चारमिनार, भूमि अधिग्रहण मामले में मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा। मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि तमाम जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

# कॉसमोस यूथ क्लब 10 हजार नारियल से बना रहा मां काली का पूजा पंडाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** रांची में काली पूजा की तैयारियां जोर-जोर से चल रही है। लालपुर के सर्कुलर रोड में देबुका नर्सिंग होम के पास कॉसमोस यूथ क्लब 10 हजार नारियल से पूजा पंडाल बन रहा है। इस वर्ष और भी भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। क्लब के संस्थापक सदस्य देवाशीष राय ने सोमवार को बताया कि इस बार अमेरिकन आदिवासी संस्कृति की थीम पर पंडाल बनाया जा रहा है। इसमें अमेरिका आदिवासियों की संस्कृति और मनाए जाने वाले उत्सव को दर्शाया जाएगा। यह पंडाल पूरी तरह से ईको फ्रेंडली होगा। 10 हजार नारियल और 50 लालटेन, बांस और लकड़ी से पंडाल बनाया जा रहा है। जगह-जगह तीर-धनुष, टांगी आदिवासियों की ओर से उपयोग में लाये जाने वाले अस्त्र भी दिखेंगे। साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। पशु-पक्षी के मुखौटे भी दिखेंगे। 14 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम और 15 को आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि पंडाल 40 फीट चौड़ा और 65 फीट ऊंचा बन रहा है। बंगाल से आए 20 कारीगर दिन-रात पंडाल का निर्माण कर रहे हैं। प्रतिमा की ऊंचाई 13.5 फीट होगी। इस वर्ष क्लब की ओर से आकर्षक लाइटिंग लगाई जाएगी। काली पूजा दीपावली 12 नवम्बर की रात में होगी। यहां 1981 से लगातार पूजा की जा रही है। यह 43वें वर्ष की पूजा है।

# लालपुर बीआईटी में चार दिवसीय खेल महोत्सव शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लालपुर स्थित बीआईटी में सोमवार को चार दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सेंटर की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने फीता काटकर खेल महोत्सव शुरु किया। प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओं के बीच टग ऑफ वार (रस्साकस्सी) का महामुकाबला से शुरुआत हुई। मुकाबले में टग टैक्टिकन्स , यूरेका, रोप वारियर्स, टग स्टार ने अपने अपने मुकाबले जीत कर अंतिम चार में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस मुकाबले में खेल प्रभारी डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ अमृता प्रियम ,डॉ संजय कुमार, डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, जलेश्वर भगत, शांतनु सिन्हा, मनोज कुमार उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## रांची से पाकुड़ जा रही बस पलटी, एक की मौत और दस घायल

**रांची :** ओरमांझी थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौक से आगे पुल के समीप रांची से पाकुड जा रही पप्पू ट्रैवल्स नामक बस अनियंत्रित होकर ओरमांझी में पलट गई। घटना रविवार देर रात की है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही ओरमांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहयोग से घायल यात्रियों को एम्बुलेंस से बस से निकालकर अस्पताल भेजा। राहत बचाव का कार्य जारी है।

# झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ. तौसीफ का हुआ स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची ।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ का हुसैनाबाद आगमन पर देवरी रोड दुर्गाबाड़ी में हुसैनाबाद नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर हुसैनाबाद नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान, नवल किशोर पाठक, अर्जुन सिंह , झारखण्ड मोर्चा अल्पसंख्यक विभाग के केंद्रीय सचिव डॉ एजाज आलम, 15 सूत्री के पलामू के सदस्य नेहाल असगर , गुप्तेश्वर पांडे , नदीम खान, जगदीश पासवान, महताब आलम, मीना देवी, अवधविहारी सिंह, इजहार अंसारी, राखुराई यादव , फिरोज अंसारी, एवम बड़ी तादाद में कांग्रेसी उपस्थित थे। इस मौके पर डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि हुसैनबाद के लोगों ने मुझे बहुत इज्जत बक्शा एम मेरा हौसला अफजाई किया इस के लिए में सदा यहां के लोगो का आभारी रहूंगा। डॉ तौसीफ ने कहा कि सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी होना चाहिए और उसका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे यही सरकार की मंशा है सरकार आप के दुवार के मध्यम से राज्य के अंतिम बेयक्ति तक पहुंचे का काम गठबंधन की सरकार ने किया। सरकार हर ज़रूरत मंद व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ देना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर यहां के लोगों को लगता है कि सरकार के द्वारा कुछ और काम किया जाना चाहिए तो वो लोग हम लोगों को इस बारे में अवगत कराएं संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करूंगा।

# झारखंड विस का 23वां स्थापना दिवस 22 नवंबर को मनाया जायेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड विधानसभा का 23वां स्थापना दिवस 22 नवंबर को मनाया जाएगा। इस बार भी विधानसभा के 81 में से किसी एक विधायक को सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना जाएगा। 17 नवंबर को विधानसभा की चयन समिति की बैठक में सर्वश्रेष्ठ विधायक के नाम पर चर्चा होगी और सबकी सहमति के बाद नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों का भी चयन किया जाएगा। स्थापना दिवस के दिन उत्कृष्ट विधायक और कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार भी झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। विधानसभा स्थापना दिवस समारोह को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर चुके हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई विधायक शामिल होंगे। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। पिछली बार की तरह इस बार भी देश के किसी नामी हस्ती को बुलाया जा सकता है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बताया कि इस बार भी भव्य तरीके से विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। झारखंड विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक और उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। देश की सुरक्षा में लगे सेना और पुलिस के जवानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

सेना और पुलिस के शहीद जवानों के आश्रितों को भी सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों और मैट्रिक-इंटर की परीक्षाओं के टॉपर सहित देश और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा।

# ईटकी आरोग्यशाला के जर्जर भवनों को खाली कर ध्वस्त करें : आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय मनोज कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में 06.11.2023 को अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन की स्थापना के लिए हस्तांतरित 150 एकड़ भूमि में भवन निर्माण से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, अपर समाहर्त्ता राँची, राजेश कुमार बरवार एवं स्टेट हेड अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन को हस्तांतरित ईटकी आरोग्यशाला की भूमि पर अवस्थित भवन में रह रहे आरोग्यशाला के कर्मियों को भवन खाली कराने के संबंध में आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों ने आयुक्त से भवन खाली कराने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में ईटकी आरोग्यशाला के कर्मियों के रहने की व्यवस्था एवं उनके कार्यालय तक आने जाने को लेकर बस की सुविधा उपलब्ध कराने के सुझाव पर विचार करने की बात कही गई। ईटकी सेनेटोरियम की भूमि पर विभिन्न ब्लॉक में स्थित जर्जर भवनों, नर्सेस हॉस्टल एवं अन्य संरचनाओं को ध्वस्त करने हेतु अंचल अधिकारी ईटकी एवं अधीक्षक, ईटकी सेनेटोरियम, रांची को अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जल्द से जल्द नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पिपरवार में सीसीएल कर्मी की हत्या का आजसू महासचिव रौशनलाल ने की निन्दा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में गिरते कानून व्यवस्था चिंता का विषय बन गया है।राज्य में आए दिन अपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है,जिससे राज्य की जनता परेशान है।राज्य में अपराधिक घटनाओं के रोकथाम मे झारखंड सरकार पुरी तरह से विफल है।उक्त बातें पिपरवार दौरे पर आये आजसु पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी ने कही।उन्होंने पिपरवार में सीसीएल कर्मचारी रामविजय सिंह की गोली मारकर की गई हत्या की कड़ी निंदा की।उन्होंने कहा कि ड्यूटी के लिए जा रहे सीसीएल कर्मचारी को दिनदहाड़े अपराधियों ने गोली मार दी,जो काफी शर्मनाक है।स्थानीय पुलिस प्रशासन जल्द इस पर कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करें,अन्यथा पार्टी के द्वारा इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार से भी राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

## क्रोमा फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स शानदार डील की पेशकश कर रहा है

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा एंटरप्राइज, क्रोमा, अपना वार्षिक फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स अभियान शुरू कर रहा है, जिसमें टीवी, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप, स्मार्टफोन और बहुत कुछ पर शानदार सौदे पेश किए जा रहे हैं। अभियान में 15त तक कैशबैक, 20,000 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ और विभिन्न उत्पादों पर 24 महीने तक की आसान ईएमआई शामिल है। कम कीमतों की गारंटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापक चयन के साथ, क्रोमा का फेस्टिवल ऑफ ड्रीम इस दिवाली आपके घर को अपग्रेड करने के लिए अंतिम त्योहार स्थल है। सबसे रोमांचक दिवाली डील खोजने के लिए अपने नजदीकी क्रोमा स्टोर पर जाएं या क्रोमा.कॉम पर ऑनलाइन खरीदारी करें।क्रोमा का फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स 15 नवंबर 2023 तक वैध है, और यह उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करता है। क्रोमा के स्वयं के लेबल उत्पाद दुकानों और वेबसाइट पर भी आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध है।

## ब्लूस्टोन ने की बिग गोल्ड अपग्रेड नामक एक अनूठी पेशकश पेश

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्लूस्टोन, एक अग्रणी भारतीय ओमनीचैनल फाइन ज्वैलरी ब्रांड, ने बिग गोल्ड अपग्रेड पेश किया है, जो अपनी तरह की पहली पहल है, जिसका उद्देश्य आधुनिक आभूषण प्राथमिकताओं को पूरा करने वाली डिजाइन-आधारित कृतियों की पेशकश करना है। अपग्रेड पुराने सोने के भावनात्मक महत्व को संरक्षित करते हुए नवीनतम डिजाइनों के साथ उच्च कैरेट मूल्य प्रदान करता है। इस पहल का लक्ष्य 170 से अधिक ब्लूस्टोन स्टोर्स में ग्राहकों को अपने पुराने सोने को नए, अधिक स्टाइलिश सोने से बदलने के लिए सशक्त बनाना है। महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि 18 कैरेट सोने का मूल्य अब 22 कैरेट है, जबकि 22 कैरेट का मूल्य 24 कैरेट है। ब्लूस्टोन का मुख्य मिशन ग्राहकों को उनके पुराने सोने का अधिकतम मूल्य प्रदान करना है, जिससे उनके प्रिय सोने को प्यार और ग्लैमर के साथ बढ़ाया जा सके।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के अंतर्गत फोरेश यूवा क्लब बडाम के द्वारा चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि के रूप आजसू पार्टी रांची जिला कार्य उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा उपस्थित हुए और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष जकरियश गाड़ी, पंचायत के मुखिया कृष्णा लोहरा, पंचायत समिति सदस्य प्रितरूस तिकी, समाज सेवी कल्याण टोप्पो, नारायण गोप, निखिल दागल सार, आजसू पार्टी पंचायत अध्यक्ष शंकर नायक,रामवृत माहतो, सुनील कुजूर एवं कमिटी के सदस्य गण के अलावा सैक्डो दर्शक उपस्थित थे।

## डॉ. रेड्डी ने सेलेविडा वेलनेस वेबसाइट लॉन्च की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):**डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड ने मधुमेह रोगियों के लिए अपनी पहली डी2सी ई-कॉमर्स वेबसाइट सेलेविडा वेलनेस लॉन्च की है। यह प्लेटफ़ॉर्म सेलेविडा रेंज के उत्पादों और अन्य तृतीय-पक्ष ब्रांडों की मेजबानी करेगा, जो मधुमेह देखभाल के लिए एक व्यापक समाधान पेश करेगा। यह मंच मधुमेह रोगियों की दैनिक पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करेगा और पूरे दिन की रूपरेखा में फिट होगा। उत्पादों को एक कठोर चयन प्रक्रिया के बाद शामिल किया जाता है, जिसमें उनकी पोषण संरचना का कठोर अध्ययन शामिल होता है। वेबसाइट वर्तमान में पूरे भारत में 18,000 से अधिक पिन कोड पर डिलीवरी करती है। यह मंच मधुमेह रोगियों की अधूरी जरूरतों को पूरा करेगा और उन्हें सही पोषण और आहार सेवन के साथ बीमारी का प्रबंधन और नियंत्रण करने में मदद करेगा।

## पिस्तौल का भय दिखाकर खुंटी तमाड़ रोड़ पर व्यापारी से लूट

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):**खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के गम्हरीया के रहने वाले व्यापारी संजय साहू को पिस्तौल का भय दिखाकर उसके पास से 55000 से60000 हजार रुपये अज्ञात लुटेरों के द्वारा लुट लिए सुचना है। ज्ञात हो कि भुतभोगी संजय साहू सीआरपीएफ कैंप और बाजार में सब्जी की सप्लाई का काम करता है।रविवार के दिन दलभंगा बाजार सब्जी बिक्री कर के अपने घर पहुंचा गम्हरीया पहुंचा और ड्राइवर को मैक्सिमो माल वाहक गाड़ी देकर बुंडू के लिए भेज दिया और खुद संजय साहू स्कूटी से अपना डेरा बुंडू जा रहा था उसी क्रम में जारंगा के सरना स्थल पर दो अपराधी पिस्टल का भय दिखा कर संजय साहू को रोक कर जान से मार डालने की पहले धमकी दिए फिर और उसे रूपये देने को कहा।जान से मारे जाने की डर से संजय साहू ने सारे रुपए निकाल कर दे दिया। मौके पर से दोनों अपराधी रुपए लेकर चलते बने इधर तुरंत घटना की सूचना भुक्तभोगी संजय साहू ने अड़की थाना जाकर पुलिस को सूचना दी जिसके आधार पर अपराधियों की धरपकड़ में अड़की पुलिस जूटी है ।

## एक्युप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की विशेष बैठक संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की विशेष बैठक मां एक्यूप्रेशर सेंटर टाटीसिल्वे के सभागार में एक्यूप्रेशर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्री प्रकाश बरनवाल के अध्यक्षता में हुआ । जिसमें झारखंड शाखा एवं रांची जिला के लिए एक्यूप्रेशर



काउंसिल पदाधिकारी मनोनीत किए गए, जो इस प्रकार हैं न्यायमूर्ति महेंद्र प्रसाद प्रदेश सभापति ,डॉक्टर मधुसूदन पांडे प्रदेश सचिव, डॉक्टर शिव कुमार बर्मन स्टेट डायरेक्टर ,डॉ दिनेश जायसवाल सेंटर डायरेक्टर मेंन रोड रांची, डॉक्टर बलराम महतो सेंटर डायरेक्टर टाटीसिल्वे, डॉक्टर महेश प्रजापति सेंटर डायरेक्टर राजा उल्हाटू, डॉक्टर रुकमणी कुमारी सेंटर कोर्स डायरेक्टर ,डॉक्टर सरस्वती कुमारी ,डॉ लपून कुमारी ,डॉक्टर नीरज चौधरी ,डॉक्टर नरेश महतो का चुनाव किया गया । मां एक्यूप्रेशर सेंटर को झारखंड एक्यूप्रेशर परिषद का प्रदेश मुख्यालय बनाया गया।

## प्रखंड स्तरीय वीपीआरपी जीपीडीपी की बैठक संपन्न

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्लॉक सभागार मे JSLPS द्वारा प्रखंड स्तरीय VPRP - GPDP की बैठक रखी गई, जिसकी अध्यक्षता माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने की। बैठक मे छ्स्सक्कर से जुड़ी महिला सदस्य जिनकी सड़क दुर्घटना मे देहांत हो गई



थी, ऐसे 15 मृतक के परिजनो के अकाउंट मे छ्स्सक्कर द्वारा दो दो लाख रुपये डलवाया गया। इस संबंध में पूर्ण जानकारी दिया गया। बैठक मे कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही कैसे पंचायत मे इन योजनाओं को पहुंचाया जाये, इसपर भी विचार किया गया। मौक़े पर जिला परिषद बेरोनिका उरांव, प्रमुख सुश्री बिनीता कच्छप, उप प्रमुख मोदस्सिर हक, मुखिया गण, पंचायत समिति गण, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, मन्कु कुजूर, सिल्वेस्टार कच्छप एवं अन्य उपस्थित रहे।

# दीपावली और छठ के लिए मिट्टी के बर्तनों को अंतिम रूप देने में जुटे कुम्हार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** दीपावली और छठ महापर्व मे मिट्टी से बने दिये एवं अन्य बर्तनों को बनाने एवं उसको पकाकर अंतिम रूप देने में कुम्हार जुट गए है।इस संबंध में इस पुश्तैनी कार्य में जुटे राय बस्ती के एक कुम्हार ने बताया कि सतातन धर्म में मिट्टी के बर्तनों का बहुत महत्व होता है।खासकर दिपावली और छठ मे बिना मिट्टी के दिये और बर्तन के यह अधुरा है।इसके अलावा शादी ब्याह,श्राद्ध कर्म,गृह प्रवेश,मुंडन के साथ सभी कर्मकांडों मे इसका अनिवार्य रूप से प्रयोग होता है।इसके बावजूद इस पुश्तैनी पेशे से



घर परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है,यही कारण है कि आज के युवा पीढ़ी अपने परंपरागत और पुश्तैनी पेशे को छोड़कर किसी अन्य धंधे में जा रहे है।इस काम में आने वाली कठिनाइयों को बताते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष दशहरा के बाद से दीया बनाने का काम शुरु कर दिया गया।और इस वर्ष आशानुरूप एवं बढ़े हुए दाम पर दीया एवं अन्य बर्तनों की बिक्री होने से हमलोगों को अपने मेहनत का सही मुल्य मिलेगा जिससे अभी भी इस पुश्तैनी काम मे लगे हुए लोगो की हौसला अफजाई होगी और वह इसे आगे बढ़ाते रहेंगे।उसने बताया की इस साल दीया का दाम दो सौ रुपये प्रति सैकड़ा रहेगा और इसी अनुपात में अन्य मिट्टी के बर्तनों के दाम में बृद्धि होगी।उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बनाए गए मिट्टी के सामानों की बिक्री राय पंचायत के कई इलाकों के अलावा बचरा के इलाकों में किया जाता है।इधर दीपावली को लेकर राय और बचरा इलाके में मिट्टी के सामानो को बेचने के लिए कई दुकानें लगाई जा रही है।

# गलत कार्य करने के मामले में चूरी मॉडल प्रोजेक्ट बन गया है : कमलेश

**डकरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आठ सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को चूरी परियोजना कार्यालय के मुख्य द्वार पर जनता मजदूर संघ ने धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम किया.सीसीएल जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि चूरी परियोजना प्रबंधन में बैठे लोग स्वयं निकम्मे हैं और यहां का माहौल भी खराब कर रहे हैं.गलत कार्य के मामले चूरी मॉडल प्रोजेक्ट बन गया है.यह



पहला एसा खदान है जहां अधिकांश लोग खदान के भीतर नहीं जाते हैं सीसीएल खान सुरक्षा समिति सदस्य रविंद्रनाथ सिंह ने कहा कि जिन कारणों से यहां खदान में आग लगी थी वही कारण फिर से तैयार हो रहे हैं.इसके अलावा फर्जी और फोन पर हाजिरी बनाने,लोकल सेल में गड़बड़ी,मैन राइडिंग की खरीद और उसे बर्बाद करने के मामले आदि में भी लोगों ने प्रबंधन को घेरा.अध्यक्षता गोल्टेन प्रसाद यादव, संचालन डीपी सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन तपेश्वर यादव ने किया.बाद में एक ज्ञापन पीओ-मैनेजर क्रमशः अनुज कुमार, शैलेश कुमार को सौंपा गया.इस अवसर पर चंद्रभूषण सिंह, आनंद कुमार सिंह, टुपा महतो, विशाल कुमार, बुटन चौहान, संजय कुमार, भुवन भुइयां, छोटन गंझू, शंकर चौहान, सुनील कुमार नाहक, नागेश्वर दुसाध, इंसान गंझू, बिरजू लोहार, गोपीचंद यादव, वीरेन कुमार पासवान, अजय चौहान, अजय कुमार भेंगरा, अनिल लोहरा, राजेश कुमार सिंह, राजेंद्र भुइयां, भगवान नाहक, अभिषेक चौहान, जीटी शर्मा, चूरामन दास, गणेश राम, अमृत मोदी, विजय कुमार सेठी, जितेंद्र नोनियां, जुएल प्रकाश बारा, सहबीर राम, टुनटुन नोनियां, सीटू मिस्त्री, निरंजन साव, गुर्जर महतो, शिव शंकर प्रसाद, पूरन सिंह, भीमलाल मंडल, जयलाल महतो, धिरजू गांझु, विनोद मिंज, हीरालाल आदि मौजूद थे.

# मृतक के परिवार को दिया गया चावल

**ख़लारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तुमांग पंचायत के राशन डीलर सीता देवी के द्वारा मृतक महेश महली के परिवार को पचास किलो चावल दिया गया.इस संबंध में तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली ने ख़लारी बीडीओ से मृतक महेश महली के परिवार को राशन देकर सहायता करने का आग्रह किया गया था.जिसके बाद बीडियो के निर्देश पर राशन डीलर के द्वारा मृतक महेश महली के घर जाकर परिवार को सहायतार्थ चावल दिया गया .

## झामुमो खलारी प्रखण्ड कमिटि की हुई बैठक

**खलारी :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ख़लारी प्रखण्ड कमिटी की बैठक करकट्टा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने किया.बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने बताया की जिला कमिटी के निर्देश पर पंचायत कमिटी का पूर्ण गठन एवं बूथ कामिटी का जल्द से जल्द गठन करना है. वहीं जिला सदस्यता अभियान चलाने और प्रखण्ड पदाधिकारी तथा सभी पंचायतअध्यक्ष एव सचिव को सक्रीय बनाने के साथ निष्क्रय पदाधिकारियों को पद मुक्त करने की बात कही. राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया.

साथ ही बताया गया कि 17 दिसम्बर को रांची जिले का प्रखण्ड सम्मेलन होना है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन उपस्थित रहेंगे. बैठक में अगामी आने वाले लोक सभा तथा विधान सभा का चुनाव पर भी विचार विमर्श किया गया.

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विजिलेंस अवेयरनेस सप्ताह मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची परिसर में छात्रों और शिक्षकों द्वारा विजिलेंस अवेयरनेस सप्ताह मनाया गया। यह समय की मांग है कि छात्र हमारे देश में भ्रष्टाचार को रोकने में सतर्कता की भूमिका निभाएं और कार्य की गंभीरता को समझें। इसी उद्देश्य से विद्यालय में विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों से अवगत कराने हेतु अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद आदि मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों ने सीवीसी वेबसाइट पर ई-शपथ ली। उन्होंने जीवन के सभी



क्षेत्रों में ईमानदार रहने और सभी प्रकार की गलत प्रथाओं और दोहरेपन की निंदा करने की भी शपथ ली। स्कूल परिसर में 'आओ भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ें' विषय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में छात्रों ने भी जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। अन्य गतिविधियों में कार्टून बनाना, निबंध लेखन, नारा और कहानी लेखन तथा पेंटिंग शामिल थे, सभी के बीच यह सवाल उठाया गया कि भारत को भ्रष्टाचार, अपराध और बेईमानी के खतरों से कैसे बचाया जा सकता है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को सतर्क रहने की आवश्यकता के संबंध में याद दिलाया और उन्हें समाज में सामूहिक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए अपने साथियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# कैम्बो पंचायत भवन में लाभुकों के बीच बीज का वितरण किया गया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत कैम्बो पंचायत के ग्राम कैम्बो में ÷एग्री स्मार्ट ग्राम कैम्बो÷ के तहत बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची। इस कार्यक्रम मे विधायक ने लाभुकों के बीच बीज का वितरण किया। इस कार्यक्रम मे विधायक ने आये ग्रामीण वासियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि ये योजना का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों को उठना चाहिए, ये योजना सरकार ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए बनती है और निकलती है। बस ग्रामीण भाइयो और बहनो को जानकारी रखने की जरूरत है। इस सभी योजनाओं के बारे जानकारी के लिए समय समय पर अपने ब्लॉक जा कर जानकारी लेने की जरूरत है। या फिर पार्टी के जानकार कार्यकर्ता से जानकारी लेने की आवश्यकता है। विधायक ने इस के साथ साथ अन्य चीजों के बारे मे भी ग्रामीणों को जानकारी दिया। मौक़े पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, मांडर सीओ विजय हेमराज, बीटीएम गोपाल महतो एवं पार्टी कार्यकर्ता नसीम अंसारी, रसीद अंसारी, पंचायत अध्यक्ष सोमरा जी एवं अन्य उपस्थित हुए।



# 15 नवम्बर से 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कम्पोस्टिंग प्रशिक्षण का होगा शुभारंभ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केनरा बैंक द्वारा संचालित रुडसेट संस्थान सिल्ली मे 15 नवंबर से प्रारम्भ होने वाले 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कम्पोस्टिंग प्रशिक्षण लेने के लिए बेरोजगार युवक एवं किसान लोगो के लिए शुरू किया जाएगा।आप सभी से आग्रह है कृपया रूडसेट संस्थान कार्यालय मे प्रशिक्षण के लिए नामांकन कर अपना सीट सुरक्षित करा लें क्योंकि सीटों की संख्या सीमित है। प्रशिक्षण पूर्णत निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण लेने के लिए 18 से 45 वर्ष उम्र होनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान भोजन एंव आवास व्यवस्था भी निशुल्क होगा। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, महिला समूह कोड,शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र,बैंक पासबुक,और 5 फोटोग्राफ और डाक्यूमेंट की जेरॉक्स कोपी देना अनिवार्य है।इसकी जानकारी रूडसेट संस्थान सिल्ली की ओर से दी गई है!



## पिपरवार के तरवां व कारो में वन अधिकार समिति की हुई बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के किचटो पंचायत स्थित तरवां मंदिर प्रांगण में वन अधिकार समिति की बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता तपेश्वर गंझु और संचालन सुरेंद्र कुमार महतो ने किया।बैठक में मुख्य रूप से वन प्राकृतिक संसाधनों के बचाव को लेकर 14 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के युवाओं को जागरूक करने के



लिए बाल अखड़ा का गठन करने का निर्णय लिया गया।इस बाल अखड़ा में वनों के संरक्षण,लुप्त पेड़ पौधे को पुर्नर्जीवित करने और परंपरागत संस्कृति और सभ्यता को बचाने को लेकर आगामी सोहराय पर्व मे परंपरागत खोड़ा और पशु पक्षी के दीवारों पर चित्र बनाकर ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। इधर दुसरी ओर बहेरा पंचायत के कारो गांव में भी कोलेश्वर महतो की अध्यक्षता मे वन अधिकार समिति की बैठक हुई,जिसमें उपस्थित सभी ग्रामीणों को संस्कृतिक सभ्यता को बचाने को लेकर जागरूक किया गया।मौके पर जोधन महतो,रामकुमार उरांव,रूपलाल महतो,प्रियंका देवी,अनिल कुमार महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

## झारखंड किक बॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिंबोसिस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों से मिले

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में सोमवार को झारखंड किकबॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बी.सी.ठाकुर (रिटायर आईएएस ऑफिसर) सिंबोसिस पब्लिक स्कूल पहुंचे और किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों तथा खेलो इंडिया में शामिल होने वाले महिला प्रतिभागियों (खिलाड़ियों) से मिलकर अभ्यास किस तकनीक से चल रही है उनका



जयजा लिया तथा प्रोत्साहित किया।ज्ञात हो कि रांची के खेलगांव स्थित ताना भगत स्टेडियम में आगामी 25 और 26 नवंबर को खेलो इंडिया के तहत प्रतियोगिता आयोजित होने वाली है।इस दौरान मुख्य रूप से कोच प्रदीप प्रमाणिक और खिलाड़ी मौजूद थे।

## राशन डीलर की मनमानी के विरुद्ध बुंडू अनुमंडल कार्यालय परिसर में ग्रामीणों ने धरना दिया

**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):**रांची जिले के बुंडू अनुमंडल अंतर्गत तमाम प्रखंड के मरधान पंचायत के रोलाडीह,चिरगालड़ीह के ग्रामीणों ने राशन डीलर के मनमानी के विरोध सोमवार को अनुमंडल कार्यालय के प्रांगण में धरना दिया।ग्रामीणों का कहना है कि उक्त गांव के राशन डीलर के द्वारा ग्रामीणों से 3 महीना राशन उठाने का टेपा लगाकर एक महीना का



राशन वितरण किया. इसके विरोध ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तमाड,अंचल अधिकारी , जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी रांची समेत उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया था लेकिन राशन डीलर के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने सोमवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में धरना देकर जांच कर कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस को रद्द और नया राशन डीलर का चयन करने की मांग की है,धरना समाप्ति के पश्चात पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया।धरना प्रदर्शन का नेतृत्व हाराधन सिंह मुंडा ने किया।धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से लालमोहन महतो, कालेश्वर पुराण, गुरुचरण मुंडा, सतनारायण मुंडा, संजय दास, परमेश्वर महतो, सोम मुंडा, के अलावा बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## सीओ प्रताप मिंज ने लिया प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने सोमवार को प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के तौर पर पदभार ग्रहण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी दफ्तर में ही सादगी के साथ पूर्व अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमंत तिर्की ने उन्हें पदभार सौंपा। पदभार सौंपते हुए सुमंत तिर्की ने कहा कि प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के



तौर पर अल्प अवधि के लिए काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। थोड़े समय के बावजूद यह हमेशा हमारे लिए यादगार रहेगा। बेड़ो प्रखंड में मेरे 2 वर्ष और 8 महीने का सफर यादगार रहा। इस अवसर पर पदभार ग्रहण करते हुए प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप मिंज ने कहां कि मुझे प्रखंड और प्रखंड वासियों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है मेरी हमेशा कोशिश रहेगी कि मैं बेहतर कार्य कर सकूं। प्रखंड का संपूर्ण विकास ही मेरा लक्ष्य होगा जिसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूंगा।

## पत्रकार के पुत्र का इलाज के दौरान हुआ निधन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पत्रकार जमील अख्तर के 15 वर्षीय पुत्र शाद अरहम का रविवार की रात अस्पाताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है। पिछले दस दिनों से शाद अहरम गंभीर रूप से बिमार था। उसका इलाज लेक ब्यू हॉस्पिटल रांची में चल रहा था। वह इटकी पब्लिक स्कुल के 9वीं कक्षा का छात्र था। सोमवार को कुंदी कब्रस्तान में नमाजे जनाजा के बाद सुपुर्दे खाक कर दिया गया। जनाजे की यात्रा में बडी संख्या लोग



शामिल हुए । इधर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, डीएसपी रजत माणिक बाखला,पूर्व जिप सदस्य मसूद आलम, थाना प्रभारी अमित प्रशांत, पूर्व थाना प्रभारी रजनी रंजन, बीएसओ हेमन्त एक्का, प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज राजा, जेजेए के संस्थापक शहनवाज हसन, पत्रकार ललन पाण्डे, प्रदीप कुमार, कमलेश केशरी, जावेद खान, गोविंद यादव, तबरेज अंसारी, अब्दुल गफ्फार, नौशाद अख्तर, अजित केशरी, आजसू ज़िला सचिव मुरतेजा आलम,आरिफ रजा, मुखिया रमेश महली, राजन किस्पोट्टा सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने दुखी पत्रकार जमील अख्तर के मकान पहुंच कर शोक व्यक्त कर स्वजनो को ढाड़स बंधाया।

## एन एल यू एम परियोजना के तहत खूंटी नगर निगम के 67 उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम किया पूरा

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में डे एनएलयूएम परियोजना के तहत खुटी नगर निगम के 67 उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम पूरा किया है और प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। आज उन सभी अभ्यर्थियों के लिए एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बारबोक नेशन, कंपास ग्रुप और होटल आकाश सरोवर प्लेसमेंट एजेंसियों ने भाग लिया। इस प्लेसमेंट कैंप में उत्साही छात्रों की रुचि ध्यान देने योग्य थी क्योंकि अधिकांश छात्रों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने काम में निवेश किया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### तसव्वर खान सहित सैकड़ों ने आजसू पार्टी छोड़ थामा कांग्रेस का हांथ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी जुगसलाई के वरीय नेता तसव्वर खान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कदमा कार्यालय स्थित स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के नेतृत्व में विधिवत रूप से आजसू छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर बन्ना गुप्ता ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि तसव्वर खान पुराने साथी है जिनकी कांग्रेस पार्टी में घर वापसी हुई है इनके आने से पार्टी का जनाधार जुगसलाई अल्पसंख्यक क्षेत्र में बढ़ेगा। इस अवसर पर युवा जुगसलाई विधानसभा अध्यक्ष नवनीत मिश्रा, जुगसलाई प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष राशिद करीम, मीडिया प्रभारी मो कमरुद्दीन, महासचिव इरशाद हैदर, युवा विधानसभा उपाध्यक्ष शारिब अहमद उपस्थित थे। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्यरूप से इमरान मनिहार, गुलाम मोहिउद्दीन, सोनू अली, मो इरफान, मो तबरेज़, मो सोनू, मो सैफ, मो अमन, दानिश, मो अज़हर, डब्लू, रानू, आसू, गुलरेज, निखिल तिवारी शामिल थे।

### भाजपा नेता मुचीराम ने नेता प्रतिपक्ष का किया स्वागत



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर महानगर भाजपा के किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी ने सोमवार को जमशेदपुर परिसदन पहुंचे नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष बनने की बधाई देते हुए कई समस्यायों से अवगत कराया। मुचीराम ने किसानों से की गई धान अधिप्राप्ति की बकाया राशि के मामले को विधानसभा में उठाने की मांग भी की। कहा कि क्षेत्र के किसानों का करोड़ों रुपए बकाया राज्य सरकार पर है लेकिन सरकार या विभाग की ओर से कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने मुचीराम बाउरी से उनके अनुज स्व विद्याधर का पिछले दिनों हुए आकस्मिक निधन के बारे में जानकारी लेते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में किसी भी तरह की कोई जरूरत पड़ने पर मदद की जाएगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, कृष्ण मोहन कुंभकार व वीरेन महतो आदि मौजूद थे।

### सहरबेड़ा दलमा चौक पर मानसिंह की मूर्ति लगाने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सहरबेड़ा में मूर्ति विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. मूर्ति लगाने को लेकर लोगों के मन मे अलग-अलग मत चल रहा है। कुछ लोग मूर्ति को दलमा चौक पर लगाना चाहते हैं, तो कुछ लोग लगाने का विरोध कर रहे है। बता दें कि आसनबनी पंचायत अंतर्गत सहरबेड़ा दलमा चौक पर कुछ महीने पूर्व देहांत हुए मानसिंह मार्डी की मूर्ति लगाने को लेकर पहले से ही विरोध होते आ रहे है।हालांकि दलमा चौक पर उनके नाम पर उनके चहिदों द्वारा एक पत्थर गाढ़ दिया गया है। मानसिंह की समर्थकों द्वारा मूर्ति स्थापित करने को लेकर चंदा भी किया जा रहा है। कुछ ही दिनों के भीतर मूर्ति स्थापित होने को भी है। जिसको देखते हुए दूसरी और सहरबेड़ा गांव के सैकड़ो स्थानीय महिलाएं एवं लोगों ने एकजुटता होकर दलमा चौक के पास मूर्ति नही लगाने की विषय पर बैठक की एवं वार्तालाप कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के कहा कि दलमा चौक पर पहले से ही बजरंगवली की मूर्ति है और गांव के महिलाएं हर रोज पूजा अर्चना करती है। अगर वहां किसी मनुष्य की प्रतिमा लगे तो हमे पूजा अर्चना में परेशानी होगी ।इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने ये भी कहा अगर ग्रामसभा की बिना अनुमति की मूर्ति स्थापित होती है तो आर या पार की लड़ाई होगी।

### किसान विरोधी रवैये के खिलाफ भारतीय किसान सभा ने जलायी एफआईआर की प्रति




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को बोड़ाम के कांकिडीह में अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से जिलाध्यक्ष कॉमरेड लोटन दास के नेतृत्व में एक विरोध सभा हुई। सभा में कॉमरेड लोटन दास ने कहा गत दिनों न्यूज क्लिक वेबसाइट पर केंद्र सरकार द्वारा झूठा एफआईआर कर जिसमे विदेशी फंडिंग के सहारे और देश में अस्थिर स्थिति पैदा कराने के लिए किसान आंदोलन को उस फंड से सहायता किया गया जैसे मन गरन्त कहानी को पेश किया गया। हम बताना चाहते है को किसान अन्नदाता होते है देशद्रोही नही के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में एफआईआर का प्रति जलाया गया। जोरदार नारे लगे, हम किसान अन्नदाता है देशद्रोही नही, यूएपीए वापस लो ,संवाद कर्मियों पर हमला बंद करो, देश की सभी संवाददाता तुम मत घबराना एआईकेएस तुम्हारे साथ है आदि। कार्यक्रम में माणिक महतो, दमन महतो गुरुपदो , तारामोनी, कालीपद, नियति, एलोमोटो, हबू आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर डीडीसी ने की बैठक



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के क्रियान्वयन को लेकर उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में उक्त योजना को लेकर 09 प्रखंडों से आए बस रूट के 24 प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाना है। इसी के मद्देनजर दूर-दराज के गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके इसके लिए अस्पताल, विद्यालय, कॉलेज, साप्ताहिक हाट, स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थलों, प्रखंड, अनुमंडल व जिला मुख्यालय को ध्यान में रखकर रूट बनाया गया है।इस योजना के पहले चरण में 24 रूट पर बसों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी शुरूआत राज्य के स्थापना दिवस 15 नवंबर 2023 से की जाएगी।योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और कॉलेज के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव, विधवा और झारखंड आंदोलनकारी को बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा होगी। बैठक में उप विकास आयुक्त के साथ जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला परिवहन पदाधिकारी शंकरचर्या सामद , जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

### पंचायत सचिवालय में लगा अकॉउंट सीडिंग कैम्प

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला जिला के उप विकास आयुक्त के निर्देशानुसार सोमवार को तिरूलडीह पंचायत सचिवालय में मनरेगा मजदूरों के बीच बैंक अकाउंट सीडिंग कैम्प का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि एक नवम्बर के एबीपीएस समीक्षा बैठक में सरायकेला जिला को 12वे स्थान पर पाया गया जिसमें सुधार लाने के लिए सभी पंचायतो में कैम्प लगाकर बैंक मित्र के माध्यम से मनरेगा मजदूरों की अकॉउंट सीडिंग किया जा रहा है ताकि आने वाले दिनों में उनका भुगतान राशि उन्हें मिलने में कोई असुविधा न हो।

## हेमंत सरकार ने महिलाओं को दिया सम्मान : सविता महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सोमवार को ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक संगठन का आम सभा का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में ईचागढ़ विधायक सविता महतो शामिल हुए। बैठक में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। सभी महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है।आज के महिलाएं आजीविका मिशन के तहत काम का अपने परिवार और समाज को आईना दिखाया है। विधायक सविता महतो ने कहा कि अब महिला भी पुरुषों से कम नहीं है। आज देश के सर्वोच्च पद पर महिला हैं।

मौके पर सोड़ो, सितु, लेपाटांड़, ईचागढ़ आदि पंचायत का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, स्वप्न सिंहदेव, पशुपति बागची, अमित कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## मोती महल कदमा में पूर्व भारतीय क्रिकेटरों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में आयोजित एक टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सुरेंद्र खन्ना एवं राजेश चौहान,प्रख्यात न्यूरो सर्जन डॉ आदिल छागला, ऑस्ट्रेलिया से आये इनामुएल बेंजामिन के सम्मान में मोती महल रेस्टोटेंट कदमा में डिनर का आयोजन किया गया एवं सभी अतिथियों को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना ने कहा के जमशेदपुर के लोग खेल प्रेमी हैं शहर के लोगों ने बहुत प्यार और सम्मान दिया जिसके लिए मैं आभारी हूँ।पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान ने मोती महल कदमा में सम्मानित किए जाने पर आभार जताया, श्री चौहान ने कहा के जमशेदपुर में क्रिकेट का क्रेज़ शुरू से रहा है यंहा आकर काफी खुशी महसूस हुई है। इस अवसर पर डॉ शाज़िया परवीन,सौरभ दत्ता,शहज़ाद क़ुरैशी, राहुल सिंह,रोहित पाठक, उपस्थित थें।

## डीएसओ ने किया कुकड़ू प्रखंड के राशन डीलरों के साथ बैठक

**तिरूलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को कुकड़ू प्रखंड सभागार में सरायकेला जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा ने कुकड़ू प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान डीएसओ ने पीडीएस दुकानदारों से उनकी समस्याओं को सुना। वहीं एजीएम को हर महीना के 15 तारीख तक डीलरों के पास आवश्यक रूप से राशन पहुंचाने का निर्देश दिया और राशन डीलरों को राशन प्राप्त होने के बाद ससमय कार्य दिवस में पारदर्शिता के साथ लाभुकों के बीच अनाज का वितरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि अनाज वितरण मामले में शिकायत मिलने पर डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीडीओ सह एमओ राकेश कुमार गोप, नीमडीह के एजीएम भुवन चंद्र महतो, ईचागढ़ के एजीएम कृटिभूषण गोप सहित प्रखंड के सभी डीलर मौजूद थे।

### बोड़ाम में एग्री स्मार्ट ग्राम में किसानों के बीच परिसम्पत्ति का वितरण

## सरकार किसानों की आय बढ़ाने को प्रयासरत : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** एग्री स्मार्ट ग्राम के रूप में चयनित बोड़ाम प्रखण्ड के पहाड़पुर में किसानों के बीच उपादान का वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जुगसलाई मंगल कालिन्दी शामिल हुए। इस अवसर पर 125 किसानों को सब्जी प्रत्यक्षण का किट, आत्मा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनान्तर्गत 30 किसानों के बीच सरसों फसल का मिनीकिट एवं 6 किसानों को अनुदानित दर पर पम्पसेट का वितरण किया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा किसानोपयोगी अन्य योजनाओं की जानकारी भी कृषकों के बीच दी गयी । विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि का कोई विकल्प नहीं है, किसानों की आय एवं जीवन स्तर में गुणात्मक वृद्धि हो सके इसके लिए प्रयास है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विनय मंडल, प्रमुख ललिता सिंह, मुखिया अजब सिंह, ग्राम प्रधान गणेश चन्द्र महतो, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार कालिन्दी, उपपरियोजना निदेशक आत्मा के विजय कुमार सिंह, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी गोपाल चन्द्र मंडल, आत्मा के प्रसार कर्मी सुशील कुमार महतो एवं चैताली दत्ता, जनसेवक सुधाकर महतो, किसान मित्र निर्मल हेम्ब्रम, दुलाल चन्द्र हेम्ब्रम समेत किसान मौजूद थे।

## ज्ञानी के खिलाफ दर्ज करवाएंगे फौजदारी एवं दीवानी मामला : कुलविंदर सिंह





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह ने बर्खास्त ज्ञानी कुलदीप सिंह के खिलाफ अब न्यायालय में फौजदारी एवं दीवानी वाद दाखिल करेंगे। कुलविंदर सिंह की ओर से वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने इस आशय का नोटिस ज्ञानी कुलदीप सिंह को दिया है। इसमें ज्ञानी कुलदीप सिंह से जवाब मांगा गया है कि वह बताएं, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सरदार भगवान सिंह पर कौन सा झूठा आरोप कुलविंदर सिंह ने लगाया है? फिर उन्होंने अपने किन बयानों से बारीडीह की संगत और कमेटी को शर्मसार किया है? अधिवक्ता के अनुसार प्रधान कुलविंदर सिंह की छवि को सार्वजनिक रूप से जो आघात पहुंचाया गया है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। कुलविंदर सिंह के साथ-साथ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की छवि को भी नुकसान पहुंचाने का काम किया गया है। इसके साथ ही ज्ञानी को यह भी बताया गया है कि उनके पुराने आपराधिक गतिविधियों के सारे अभिलेख भी उपलब्ध हैं। ज्ञानी से यह भी पूछा गया है कि वह प्रधान की सहमति के बिना खुद को किस प्रकार से कार्यवाहक प्रधान कह रहे हैं। जबकि समझौते के आधार पर कमेटी गठन के सारे अधिकार कुलविंदर सिंह को प्राप्त हैं। इधर कुलविंदर सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कमेटी गठन का उन्हें अधिकार है और इसके तहत उन्होंने ज्ञानी पर कार्रवाई की है। बाकी कुलविंदर सिंह ने यह भी बताया कि तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन समिति निर्वाचन 2023 के दक्षिण बिहार मतदाता सूची में संशोधन के लिए पत्राचार किया है तथा पटना सिटी के अनुमंडल अधिकारी एवं तहत के संरक्षक जिला एवं सत्र न्यायाधीश से न्यायपूर्ण कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

## कुकडु प्रखंड में तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** सोमवार को कुकडू प्रखंड के प्रखंड सभागार में वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें पहले दिन का शुरूवात जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के द्वारा वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही एक्टिविटी के द्वारा ग्रुप में कैसे एक दूसरे को सहयोग कर कार्य कराया जा सकता है विस्तार पूर्वक समझाया गया। पंचायत के विकास में वार्ड सदस्यों की भूमिका, ग्राम सभा की स्थायी समितियां आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## टीएसएएफ का फिट@50 प्लस समिट्स एंड स्टीयरिंग व्हील्स अभियान संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने भारतीय सेना और पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से 28 अक्टूबर, 2023 को फिट@50+ समिट्स एंड स्टीयरिंग व्हील्स अभियान का सफलतापूर्वक समापन किया। पर्वतारोही बछेंद्री पाल के नेतृत्व में 18 दिवसीय हिमालयी साहसिक यात्रा में 50 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के साहस और दृढ़ संकल्प का जश्न मनाया।

अभियान दिरांग से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान तक चला। यह अभियान महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति टाटा स्टील और टीएसएएफ की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। टीम में पूरी तरह से महिलाएं शामिल थीं, जिनमें सबसे वरिष्ठ सदस्य 80 वर्ष की थीं। यह अभियान 2022 में ट्रांस हिमालयन अभियान के बाद जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई पहल की श्रृंखला में दूसरा है।

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में नव नियुक्त महिला वन रक्षकों के साथ बातचीत के दौरान पर्वतारोही बछेंद्री पाल ने कहा, जिस तरह पहाड़ पुरुषों और महिलाओं के बीच अंतर नहीं करते इसलिए, किसी को भी बिना किसी लैंगिक भेदभाव के प्रकृति के प्रति अपना कर्तव्य पूरा करना चाहिए।

टीम ने अपनी प्रारंभिक प्रमुख चढ़ाई के दौरान 10,300 फीट की ऊंचाई तक पहुंचकर एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने दिरांग मठ का दौरा किया, प्रमुख लामा रिनपोछे से आशीर्वाद प्राप्त किया, और तवांग के रास्ते में जसवन्त गढ़ मेमोरियल और सेला दर्रे पर सीज़न की पहली बर्फबारी का अनुभव किया। तवांग में, टीम ने ऐतिहासिक बुमला दर्रे की खोज की, स्थानीय समुदाय के साथ बातचीत की और मनोरम संगीतसर त्सो (माधुरी झील) का दौरा किया। उन्होंने जेमीथांग पर्वत, गोरी चेन ग्लेशियर, शोक्तसेन गांव और गोरसम चोर्टेन की भी यात्रा की।

## साहित्यिक संस्था उर्दू भवन ने साहित्यकार मंजर कलीम की याद में किया मुशायरा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लौहनगरी जमशेदपुर की साहित्यिक संस्था उर्दू भवन (साझी संस्कृति साझा साहित्य) का पहला कार्यक्रम शालीमार बैंक्विट, पारडीह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की और साहित्यकार जयनंदन तथा मुंबई से आए हुए अख्तर काजमी मुख्य अतिथि के रूप में एवं महिला विश्वविद्यालय जमशेदपुर की डीएसडब्ल्यू दो किश्वर आरा सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम के दो भाग थे, पहले भाग में शहर के साहित्यकार मंजर कलीम को याद किया गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंजर कलीम के व्यक्तित्व तथा साहित्यिक सेवाओं पर डॉ नेहा तिवारी, डॉ अख्तर आजाद कहानीकार नियाज अख्तर तथा तनवीर अख्तर रूमानी ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दूसरे भाग में मुशायरा आयोजित हुआ जिसमें शहर के जाने-माने शायर अहमद बद्र, अनवर अदीब, गौहर अजीज मुश्ताक राज, रिजवान औरंगाबादी, सद्दाम गनी, संजय सोलोमन, सफीउल्लाह सफी, शोएब अख्तर तथा सरफराज शाद ने अपनी गजलें प्रस्तुत कीं।

यह कार्यक्रम 8 साल के एक बच्चे मिसाल अहमद द्वारा तिलावत कुरान ए पाक से प्रारंभ हुआ। उर्दू भवन के अध्यक्ष तथा कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ हसन इमाम मलिक तथा जनरल सेक्रेटरी गौहर अजीज ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ मलिक ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हम चाहते हैं कि शहर में एक साझी संस्कृति और साझा साहित्य का माहौल बना रहे क्योंकि यह सत्य है कि साहित्य ही समाज में मानवता, भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। उनके अलावा मुख्य अतिथि जयनंदन जी एवं अख्तर काजमी तथा डॉ किश्वर आरा ने भी सभा को संबोधित किया। डॉ मोहम्मद रेयाज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ मलिक को बधाइयां दीं, मंजर कलीम को याद किया और अपने शहर के शेयरों को दुआओं से नवाजा। अंत में गौहर अजीज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा का संचालन डॉ यहिया इब्राहिम ने किया। सभा में शहर के बुद्धिजीवी एवं साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजन में सबसे बड़ा योगदान डॉ जफर साहब तथा सैयद साजिद परवेज का रहा इन दोनों सहयोगियों को संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया।

## तारापोर स्कूल एग्रिको में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खो-खो खेल संपन्न




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहली बार राष्ट्रीय खो-खो खेल प्रतियोगिता तारापोर स्कूल, एग्रिको की मेजबानी में सीआईएसई के अंतर्गत संपन्न हुई जिसमें गुलमोहर हाई स्कूल और केरला समाजम स्कूल ने अपनी सक्रिय सहभागिता तथा उचित प्रबंधन से इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में सीआईएसई के ऑब्जर्वर सूजय विश्वास मौजूद थे। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तीनों स्कूल प्रबंधनों की सराहना की। प्राचार्या प्रीति सिन्हा के सक्रिय नेतृत्व में गुलमोहर हाई स्कूल के प्राथमिक कक्षा के बच्चों द्वारा चंद्रयान मिशन पर नृत्य तथा उच्च कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा खेलकूद के महत्त्व पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। खेल प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग थे। आयु वर्ग 14 वर्ष के लिए संचालिका रजनी शेखर (कोषाध्यक्षा कार्यकारी समिति एआईएसजी), आयु वर्ग 17 वर्ष के लिए संचालिका रूबीना तथा आयु वर्ग 19 के लिए संचालक सूजय विश्वास ने कार्यक्रम को सफल बनाया। तीनों आयु वर्ग इस प्रकार थे।

**राष्ट्रीय खो-खो खेल प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा :**

**क) 14 वर्ष के आयु वर्ग में –**
प्रथम पुरस्कार - आंध्र प्रदेश और तेलंगाना
द्वितीय पुरस्कार - बिहार एवं झारखंड
तृतीय पुरस्कार - कर्नाटक

**ख) 17 वर्ष के आयु वर्ग में –**
प्रथम पुरस्कार - कर्नाटक
द्वितीय पुरस्कार - उड़ीसा
तृतीय पुरस्कार - आंध्र प्रदेश और तेलंगाना

**ग) 19 वर्ष के आयु वर्ग में –**
प्रथम पुरस्कार - उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड
द्वितीय पुरस्कार - महाराष्ट्र और गोवा
तृतीय पुरस्कार - आंध्र प्रदेश और तेलंगाना

## कमला पसंद गुटखा को लेकर दो युवकों में मारपीट, एक घायल, एमजीएम रेफर

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नशा एक ऐसा चीज है। जो आदमी नशा से कुछ भी कर बैठता है। वहीं एक ऐसी घटना खरसावां प्रखंड के कृष्णापुर पंचायत अंतर्गत डंगलटाड़ में सोमवार सुबह कमला पसंद गुटखा को लेकर दो युवकों में मारपीट हो गया. जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया. मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी लालु चाकी एवं बासु चाकी एक जगह पर बैठे हुए थे. तभी अपराधी बासु चाकी कमला पसंद गुटखा लाने के लिए लालु चाकी से कहा लेकिन लालु चाकी लाने से इनकार कर दिया. इस पर गुस्सा हुए बासु चाकी ने लोहे की पाइप से मारकर लालू चाकी को घायल कर दिया. जिससे वे लहु लहान होकर जमीन पर गिर पड़े. घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग घटना स्थल पहुंचे व? ग्रामीण के मदद से 108 एम्बुलेंस बुलाया गया. साथ ही घायल लालु चाकी को इलाज के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया. स्थिति नाजुक होने के कारण उसे एमजीएम जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक आमदा ओपी में किसी प्रकार का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है.

## संपादकीय

# चुनाव आयोग की सक्रियता

**भारत** के चुनाव आयोग ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को 'कारण बताओ नोटिस' भेजने में देरी नहीं की। आयोग ने उन रथी यात्राओं को भी रोक दिया है, जिनमें सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को 'रथ-प्रभारी' बनने और भारत सरकार की परियोजनाओं का प्रचार करने को बाध्य करने का सर्कुलर तक जारी किया जा चुका था। हालांकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसी दौरान बयान दिया कि सीबीआई और ईडी 'कुत्ते की तरह' घूमती रहती हैं। प्रियंका और हिमंता ने जो सार्वजनिक बयान दिए थे, उनकी तुलना में गहलोत की टिप्पणी घोर आपत्तिजनक है, क्योंकि वह देश की प्रमुख जांच एजेंसियों को कोस रहे थे। जांच एजेंसियां संविधान और कानून के तहत कार्रवाई करती हैं और भारत सरकार के प्रति जवाबदेह हैं। देश में 55 साल से अधिक सालों तक कांग्रेस सत्तारूढ़ रही है। क्या वह भी सीबीआई और ईडी को 'कुत्ते की तरह' हांकती थी? चुनाव आयोग ने राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत को नोटिस भेजकर उनका स्पष्टीकरण नहीं मांगा अथवा अब भी नोटिस की कार्रवाई विचाराधीन है? बहरहाल आयोग ने कांग्रेस और भाजपा के दोनों स्टार नेताओं के बयानों को 'आदर्श आचार संहिता' के खिलाफ माना है। प्रियंका ने राजस्थान में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसा था कि उन्होंने एक मंदिर की दान-पेटी में 21 रुपए ही लिफाफे में रखकर डाले थे। दरअसल ऐसे तंज पर वोट नहीं मिला करते। प्रधानमंत्री का ऐसा सार्वजनिक अपमान चुनावी मुद्दा भी नहीं है और न ही जनता इसे स्वीकार करती है। जिस तरह अन्य राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने मुद्दों पर जनादेश हासिल करने को प्रचार कर रहे हैं, कांग्रेस महासचिव को भी मुद्दों तक ही सीमित रहना चाहिए था। यह मानसिकता ही 'सामंतवादी' है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी छत्तीसगढ़ के एक मंत्री पर जो टिप्पणी की थी, वह भी आचार संहिता का उल्लंघन करती थी। हिमंता तो संवैधानिक पद पर आसीन हैं, लिहाजा उनसे शब्दों और भाषा की मर्यादा की अधिक अपेक्षाएं हैं। यकीनन चुनाव आयोग की 'तुरंत कार्रवाई' उल्लेखनीय और प्रशंसनीय है, लेकिन 5 दिसंबर को पांच राज्यों में चुनाव-प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। यदि तब तक इन नेताओं के संतोषजनक स्पष्टीकरण आयोग तक नहीं पहुंचते हैं, तो इन नेताओं पर क्या कार्रवाई की जा सकेगी, यह चिंता और सरोकार का सवाल है। शायद इसीलिए कई संदर्भों में चुनाव आयोग को 'दंतहीन' माना गया है। चुनाव तो गुजर जाएंगे, नेताओं को जो बयान देने थे, वे दे चुके हैं, लिहाजा सियासत खेली जा चुकी है, लेकिन आचार संहिता के संरक्षण को लेकर आयोग की भूमिका क्या है?

> आयोग ने उन रथी यात्राओं को भी रोक दिया है, जिनमें सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को 'रथ-प्रभारी' बनने और भारत सरकार की परियोजनाओं का प्रचार करने को बाध्य करने का सर्कुलर तक जारी किया जा चुका था। हालांकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसी दौरान बयान दिया कि सीबीआई और ईडी 'कुत्ते की तरह' घूमती रहती हैं। प्रियंका और हिमंता ने जो सार्वजनिक बयान दिए थे, उनकी तुलना में गहलोत की टिप्पणी घोर आपत्तिजनक है, क्योंकि वह देश की प्रमुख जांच एजेंसियों को कोस रहे थे। जांच एजेंसियां संविधान और कानून के तहत कार्रवाई करती हैं और भारत सरकार के प्रति जवाबदेह हैं। देश में 55 साल से अधिक सालों तक कांग्रेस सत्तारूढ़ रही है। क्या वह भी सीबीआई और ईडी को 'कुत्ते की तरह' हांकती थी? चुनाव आयोग ने राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत को नोटिस भेजकर उनका स्पष्टीकरण नहीं मांगा अथवा अब भी नोटिस की कार्रवाई विचाराधीन है? बहरहाल आयोग ने कांग्रेस और भाजपा के दोनों स्टार नेताओं के बयानों को 'आदर्श आचार संहिता' के खिलाफ माना है। प्रियंका ने राजस्थान में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसा था कि उन्होंने एक मंदिर की दान-पेटी में 21 रुपए ही लिफाफे में रखकर डाले थे।

हालांकि असम के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' (ट्विटर) पर लिखकर अपने बयान का स्पष्टीकरण दिया है और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को ही 'दोषी' करार दिया है। प्रियंका गांधी ने अपना पक्ष रखने के लिए व्हाट्स एप चैनल का इस्तेमाल किया है। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए तीव्र और नाशक बातचीत करना झगड़ालू मुद्दा ही बना रहता है। संवैधानिक स्पष्टीकरण के लिए सोशल मीडिया कोई उचित मंच नहीं है। उसकी वैधानिकता भी नहीं है। यह ऐसा मंच है, जहां राजनीतिज्ञों का मानना है कि वे आयोग के नोटिस और स्पष्टीकरण को नजरअंदाज कर सकते हैं। दरअसल यह भी दंडनीय होना चाहिए, लिहाजा चुनाव आयोग में सुधारों की बात की जाती रही है। मान लीजिए, किसी भी नेता ने आचार संहिता के खिलाफ कोई आपत्तिजनक बात कही, तो उसे त्वरित कार्रवाई के तहत प्रचार करने और भाषण देने से 'अयोग्य' करार दे देना चाहिए। अंतिम निर्णय नोटिस के जवाब के बाद दिया जा सकता है। यह विशेषाधिकार संसद और भारत सरकार ही दे सकती हैं। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी है, लिहाजा प्रचार का धुआंधार और उग्र होना स्वाभाविक है। उन पर नकेल कसने की भूमिका चुनाव आयोग की है। अभी जो बयान दिए जा रहे हैं और जो भाषण दिए जा रहे हैं, उनमें बहुत कुछ ऐसा है, जो आचार संहिता के खिलाफ और घोर आपत्तिजनक हैं। वे लोकतंत्र पर भी सवाल करते हैं, लिहाजा ऐसी परिस्थितियों और प्रवृत्तियों का सामना करना और उन्हें नियंत्रित करना भी आयोग के लिए चुनौतीपूर्ण है।

## कुछ अलग

# पानी में कितनी दरारें

**हिमाचल** सरकार की शिकायत पर 'पानी में दरार' ढूंढने आया केंद्रीय दल। भारी बरसात में इस बार बड़े-बड़े बांधों ने अपनी करतूत को इस कद्र घातक बनाया कि जख्म लिए हिमाचल की तस्वीर बता रही हुए हैं गुनाह कैसे-कैसे। पौंग व पंडोह डैम के अलावा मलाणा-2 तथा पार्वती-3 विद्युत परियोजना के बांधों में बरती गई कोताही ने परेशानियां ही नहीं बढ़ाई, बल्कि हिमाचल में आई आपदा को विकरालता का सबब बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हैरानी यह कि केवल दो परियोजनाओं कोल बांध व नाथपा झाकड़ी परियोजना में ही अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाया गया था, जबकि अन्य स्थानों पर ऐसे निर्देश का पालन नहीं हुआ। बांध सुरक्षा में अपनाई गई लापरवाही ने सैंज बाजार को ही निगल लिया, जबकि पौंग बांध से बिना तैयारी छोड़े गए पानी ने मंड क्षेत्र में तबाही मचा दी थी। मंडी शहर के डूबते मंदिरों तक आ पहुंचा नदी का उफान बताता रहा कि पंडोह बांध ने कब-कब गुस्ताखी की। ये तमाम परियोजनाएं हिमाचल के सामाजिक परिदृश्य के खिलाफ खड़ी हैं और जनता चौकीदार के रूप में यह रखवाली करती है कि कहीं बांध का गुस्सा न फूट पड़े। दरअसल बांध हिमाचल के पानी को पूरी क्षमता से खींचने की पद्धति में निशानदेही करते रहे हैं। उनके लक्ष्य हिमाचली जिंदगी के विपरीत पानी की सरहद बनाते हैं। ये हमारी मजबूरियां क्यों बन गईं कि आपदा के हिस्से का सारा पानी हिमाचल का, बाढ़ प्रदेश की और काम अन्य राज्यों का। सुकून की जिंदगी छीन चुके बांध, अब नमक हलाली में उस फर्ज की शिनाख्त हैं, जो हिमाचल को बेड़ियां पहना कर मजाक उड़ा रहा है। बीबीएमबी एक जीता जागता उदाहरण है जो प्रदेश के अधिकारों की तौहीन करता है। वाटर सेस की झलक मात्र से बीबीएमबी के पार्टनर राज्यों का रवैया बताता है कि पानी को बांधने वाले सिर्फ यही चाहते हैं कि हिमाचल बंधक बना रहे। यह कैसा नियम और कैसा राष्ट्रीय फलक, जो बांधों को निचोड़ने के बावजूद यह नहीं देखता कि राष्ट्र निर्माण की ये ईंटें अपने बगल में छुरी छुपा के कहीं वार कर रही हैं। इस बार की प्राकृतिक त्रासदी ने हिमाचल को बता दिया कि विकास का शैतान कहां-कहां छुपा था। वह बादल बन कर आया जरूर, मगर बांध और विद्युत परियोजनाओं उसे बांधने के बजाय तबाही के लिए खुला छोड़ दिया। वे बांध को लबालब करने के बाद बरसाती हवाओं का रुख मोड़ते हैं, वे धुरंधर है इसलिए पानी खींच कर बाढ़ हमें छोड़ते हैं। यही नहीं इस बार तो पानी-पानी में बैर उभर आया। हिमाचल का पानी हिमाचल में 13 हजार करोड़ की बर्बादी करता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति नहीं, लेकिन यही बहते हुए जब पड़ोसी राज्यों में पहुंचता है तो दर्द का एहसास बदल जाता है। मौसम पर तो किसी का वश नहीं, लेकिन पानी के रुख पर राष्ट्र के जज्बात बहकने नहीं चाहिएं।

## भारत की आर्थिकी की आशावादी तस्वीर उभरकर आना सुकूनदेह है

# चुनौतियों के बीच आशावादी आर्थिकी

**जयंती लाल भंडारी**

> भारतीय उपभोक्ताओं के आशावादी होने का एक बड़ा कारण एक ओर भारत को रूस से कम मूल्यों पर कच्चे माल की आपूर्ति होना है, वहीं भारत के द्वारा कच्चे तेल की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाई जाना भी है। पहले हम 27 देशों से कच्चे तेल का आयात करते थे, वहीं अब 39 देशों से कच्चे तेल का आयात कर रहे हैं। इस तरह अर्थव्यवस्था की समग्र तस्वीर व्यापक तौर पर आशावादी नजर आ रही है। गौरतलब है कि 10 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट 2023 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था की आशावादी तस्वीर प्रस्तुत की गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में जहां वैश्विक विकास दर 3 फीसदी रहेगी, वहीं भारत की विकास दर 6.3 फीसदी रहेगी।

**इन** दिनों जब दुनिया इजराइल-हमास युद्ध, बढ़ती तेल कीमतों और गिरती वैश्विक विकास दर की चुनौतियों का सामना कर रही है, तब विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों और रिपोर्टों में भारत की आर्थिकी की आशावादी तस्वीर उभरकर आना सुकूनदेह है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के उपभोक्ताओं और कारोबारों के विचारों का जो सर्वेक्षण प्रकाशित किया है, उसके निष्कर्षों में कारोबारी और वित्तीय विचार भारत में व्यापक तौर पर आर्थिक विस्तार को लेकर आशाजनक रुख दिखाते हैं। इस सर्वेक्षण में कहा गया है कि देश में खुदरा महंगाई में कमी आ रही है, औद्योगिक उत्पादन बढ़ रहा है, बेरोजगारी में कमी आई है, कर राजस्व में सुधार हुआ है। जहां रोजगार की स्थिति में सुधार हुआ है, वहीं स्वरोजगार को अपनाने वालों की तादाद तेजी से बढ़ी है। बैंक ऋण में अच्छी वृद्धि के मद्देनजर सबसे अधिक वृद्धि खुदरा और व्यक्तिगत ऋण में हुई है। इस सर्वेक्षण से संकेत मिल रहा है कि देश में उपभोक्ताओं के विचारों की नकारात्मकता कम हो रही है और अधिक से अधिक उपभोक्ता भविष्य में आमदनी बढ़ने के मामले में आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। भारतीय उपभोक्ताओं के आशावादी होने का एक बड़ा कारण एक ओर भारत को रूस से कम मूल्यों पर कच्चे माल की आपूर्ति होना है, वहीं भारत के द्वारा कच्चे तेल की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाई जाना भी है। पहले हम 27 देशों से कच्चे तेल का आयात करते थे, वहीं अब 39 देशों से कच्चे तेल का आयात कर रहे हैं। इस तरह अर्थव्यवस्था की समग्र तस्वीर व्यापक तौर पर आशावादी नजर आ रही है। गौरतलब है कि 10 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट 2023 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था की आशावादी तस्वीर प्रस्तुत की गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में जहां वैश्विक विकास दर 3 फीसदी रहेगी, वहीं भारत की विकास दर 6.3 फीसदी रहेगी। साथ ही भारत दुनिया में सबसे तेज विकास दर वाला देश है। इसी तरह पिछले दिनों 3 अक्टूबर को विश्व बैंक के द्वारा प्रकाशित इंडिया डेवलपमेंट अपडेट रिपोर्ट-2023 में भी कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में निवेश और मांग के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया कि सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था में शामिल भारत की विकास दर जी-20 देशों के बीच दूसरे स्थान पर है और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में औसतन लगभग दोगुनी है। इस ऊंची विकास



दर की वजह मजबूत आर्थिक मांग, मजबूत सार्वजनिक बुनियादी ढांचा निवेश और मजबूत वित्तीय क्षेत्र है। विश्व बैंक की तरह दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भी चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की तेज विकास दर के अनुमान प्रस्तुत किए हैं। एसएंडपी ने 6.6 फीसदी और फिच, एडीबी और आईसीडी ने 6.3 फीसदी के अनुमान लगाए हैं। इसी तरह रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 6.5 फीसदी रहने की संभावना है। चूंकि अमेरिका और रूस के साथ-साथ दुनिया के अधिकांश देशों के द्वारा भारत के साथ लगातार आर्थिक मित्रता के कदम बढ़ाए जा रहे हैं, ऐसे में भारत की सबसे ज्यादा विकास दर के साथ वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के लिए वैश्विक आर्थिक अवसर भी बढ़ने की संभावनाएं बनी हुई हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि इस वर्ष 2023 में जी-20 देशों की सफल अध्यक्षता के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज विकास की नई संभावनाएं निर्मित हुई हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन के ऐतिहासिक सफल आयोजन से जहां दुनिया में भारत की डिजिटल अहमियत मजबूत हुई है, वहीं भारत की नई डिजिटल पूंजी भारत की आर्थिक ताकत बनते हुए दिखाई दे रही है। अब भारत जी-20 देशों के साथ-साथ दुनिया के कई अन्य देशों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) विकसित करने की नई भूमिका में है। दुनिया के आठ देशों ने अपने यहां डीपीआई के विकास के लिए भारत से समझौते किए हैं। जी-20 से जहां भारत विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों के लिए और महत्त्वपूर्ण बना है, यह भी महत्त्वपूर्ण है कि जी-20 से भारत के वैश्विक व्यापार, भारत से निर्यात, भारत में विदेशी निवेश, भारत में विदेशी पर्यटन और भारत के डिजिटल विकास का नया क्षितिज सामने आया है। जी-20 से दुनिया में ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के मद्देनजर भारत की अहमियत बढ़ी है। जहां 55 देशों के प्राकृतिक संपदा संपन्न अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल कराकर भारत ने वैश्विक पटल पर अपनी कूटनीति का दबदबा बढ़ाया, वहीं चीन के आर्थिक प्रभुत्व वाले अफ्रीकी संघ के देशों में भारत ने चीन का रास्ता रोकने की जोरदार पहल भी की है। अब भारत अफ्रीकी देशों में कृषि, स्वास्थ्य, फार्मेसी, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा व ढांचागत विकास के क्षेत्र में तेजी से कदम आगे बढ़ाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जी-20 में घोषित हुए भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारिडोर (आईएमईसी) के माध्यम से रेल एवं जल मार्ग से भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसरों का ऐसा ढेर लगाया जा सकेगा, जिससे चीन की तुलना में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता भी बढ़ जाएगी। वस्तुतः आईएमईसी चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा जवाब भी है। अब आईएमईसी के तहत भारत से पश्चिम एशिया होते हुए यूरोप तक कॉरिडोर बनेगा और रेल लाइनें बिछेंगी। एक दूसरे के ऊर्जा और संचार क्षेत्रों को जोड़ने की भी व्यवस्था होगी। यूएई, सऊदी अरब, ईयू, फ्रांस, इटली और जर्मनी साझीदार देश होंगे। भविष्य में यह भारतीय अर्थव्यवस्था को यूरोप और पश्चिम एशिया के देशों की अर्थव्यवस्था से जोड़ने वाला एक अहम माध्यम बनेगा। जी-20 ने भारत में विदेशी पर्यटन की संभावनाओं के लिए अभूतपूर्व नया अध्याय भी लिखा है। निश्चित रूप से वर्तमान इजरायल-हमास संकट और बढ़ते कच्चे तेल के मूल्यों के बीच भारत के लिए वैश्विक आर्थिक अवसरों के बढ़ने की संभावनाएं बनी हुई हैं। वैश्विक अवसरों को मुट्ठी में लेने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। चीन में मंदी और चाइना प्लस वन की रणनीति का लाभ लेने के लिए हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि इस समय भी चीन अगले कई दशकों के सबसे अहम कारोबारों के लिहाज से सर्वाधिक अनुकूल स्थिति में है। ऐसे में दुनिया का नया आपूर्तिकर्ता देश बनने के लिए भारत को अभूतपूर्व रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। जहां भारत को दुनिया के नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता और अफ्रीकी संघ में नए प्रभावी निर्यातक की भूमिका को मुट्ठी में लेना होगा, वहीं अभी से भारत को मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक कारिडोर के तेज क्रियान्वयन के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। यद्यपि भारत राजकोषीय रूप से अनुशासित रहा है और देश के केंद्रीय बैंक ने भी महंगाई को कम करने के लिए तेजी से काम किया है, लेकिन अब महंगाई नियंत्रण पर ध्यान बनाए रखना जरूरी है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## उर्दू मीठी जुबान है इसे प्रयोग में लाएं : प्रो शाहनवाज खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नौ नवंबर को उर्दू दिवस के अवसर पर प्रस्तावित उर्दू लेखन प्रतियोगिता की तैयारी की समीक्षा के लिए अंजुमन फरोग ए उर्दू,पतरातु प्रखंड इकाई की एक आवश्यक बैठक आजाद पब्लिक स्कूल भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मो हातिम ने किया और संचालन सज्जाद अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य तौर पर अंजुमन फरोग ए उर्दू उतरी छोटानगपुर के प्रभारी प्रो शाहनवाज़ खान ने कहा कि उर्दू एक मीठी जुबान है इसे प्रयोग में लाएं। इस जुबान में तहजीब व शकाफत की झलक है। उर्दू को लिखने पढ़ने और बोलने में संकोच न करें। आज हर अच्छा वक्ता उर्दू के शब्दों के सहारे अपनी वक्तव्य को आकर्षक बनाने की कोशिश करता है।सदारत करते हुवे मो हातिम ने कहा उर्दू जुबान की प्रयोग में कमी आने का मुक दर्शक बनकर रहने और दूसरों को कोसने की आवश्यकता नहीं है बल्कि इसके विकाश और तरक्की के लिए व्यावहारिक पहलकदमी लेने की जरूरत है। संचालन करते हुवे साजिद अंसारी ने कहा कि तहजीब व जुबान के सहारे ही अपनी पहचान है को बचा कर रखा जा सकता है अतः हमें इसे बचाने की आवश्यकता



है।बैठक को संबोधित करते हुवे अंजुमन फरोग ए उर्दू के प्रखंड संयोजक मो रियासत हुसैन ने कहा कि प्रतियोगिता 10 से 15 को जूनियर और 16 से 20 वर्ष के बच्चों को सीनियर ग्रुप में रखकर लेखन प्रतियोगिता कराया जाएगा। प्रतियोगिता आजाद पब्लिक स्कूल में नौ नवंबर को दो बजे दिन में होगी उसके पश्चात 3 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।आयोजन समिति द्वारा सामुहिक कार्य करने के साथ कुछ सदस्यों को व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रो शाहनवाज़ खान, दिलदार हुसैन, मो रियासत हुसैन, मो हातिम, साजिद इकबाल, आजाद अंसारी, दिलदार मास्टर, विक्की खान, राजा खान, मो सुलतान, परवेज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## नवगठित महिला संगठन का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को बंजारी हरहरी नदी के समीप स्थित ब्लु प्लानेट पब्लिक स्कूल सह फार्म हाउस के प्रांगण में महिलाओं को संगठित रूप से आर्थिक , सामाजिक एवं न्यायिक संबल प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। आयोजक की मुख्य भूमिका में हेमंती देवी तथा उनके पति पूर्व नेवी सैनिक रामटहल महतो रहे। आयोजन के मुख्य अतिथि नीरज पाठक एवं विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि के रूप में जाने-माने कवि / लेखक राज़ रामगढी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारी संख्या में उपस्थित महिला बहनों के द्वारा शिवचर्चा से हुआ।आस्था , श्रद्धा एवं विश्वास से भरे भजन - कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के पश्चात प्रसिद्ध महिला नेत्री मल्लिका दत्ता तथा ब्लू प्लानेट स्कूल की निदेशिका हेमंती देवी ने उपस्थित महिलाओं को समवेत स्वर में कहा कि वर्तमान परिदृश्य में हम महिलाओं



का जीवन अत्यधिक संघर्षपूर्ण है। हमें सामाजिक, आर्थिक , राजनीतिक और न्यायिक क्षेत्र में अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता है। महिला होने के कारण हमें उपेक्षा का भी शिकार होना पड़ता है। आज हम भगवान भोलेनाथ के स्मरण के साथ संगठित होने संकल्प लें कि हम संगठित होकर आपस में सहयोग की भावना के साथ काम करेंगे ताकि भविष्य में कभी भी किसी क्षेत्र में विषमता का सामना न करना पड़े। इसके बाद उपस्थित अन्य महिलाओं ने भी अपने विचार रखे।अवसर पर मुख्य रूप से रमा मिश्रा , पूर्व मुखिया पूरणी देवी , लक्ष्मी देवी , यशोदा देवी , भानु देवी , दमयंती मिहिरा , ज्योति मानसाता , पूनम टोप्पो , निलम केसरी , जया साहा , सुलोचना देवी , माया देवी , सुमन पाठक , कुसुम देवी , रागिनी देवी , चांदना गांगुली , सुलेखा घोष , दुर्गा कुमारी , किरण कुमारी , वैष्णवी , बबीता देवी , वसंती देवी , नागो देवी , पूनम देवी , निशा देवी , मीरा सिंह , खुश्बू देवी , कमला देवी , कौशल्या देवी , उपमा देवी , सावित्री देवी , रुबिला देवी सहित भारी संख्या में महिला बहनें उपस्थित थीं।

## नन कम्युनिकेबल डिसीज मॉड्यूल के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दिनांक 06.11.23 से 08.11.2023 तक जिला स्तरीय NP-NCD Module (MPW & ANM) के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन, रामगढ़ के नेतृत्व में जिला यक्ष्मा कार्यालय, रामगढ़ के सभागार में किया गया। इस दौरान डॉ0 तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी (NCD), रामगढ़ के द्वारा नन कम्युनिकेबल डिसीज यथा मधुमेह, हाइपरटेंशन, कैंसर के उपचार हेतु उपलब्ध संसाधनों, प्रक्रियाओं आदि संबंधित जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान डॉ0 रेशमी रोमिला सांगा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, माण्डू एवं डॉ0 पल्लवी कौशल, District Consultant (NPPCF), सिविल सर्जन कार्यालय, रामगढ़ के द्वारा इस विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस आयोजन में मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी, पदाधिकारी एवम् स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुऐ डॉ स्वराज, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, आमोद कुमार जिला कार्यक्रम सहायक एवं सभी कर्मचारी उपस्थित हुऐं ।

## नॉर्थ उरीमारी साइडिंग में पूजा अर्चना के बाद कोयला की ढुलाई शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी क्षेत्र में खुले नोर्थ उरीमारी साइडिंग से सोमवार को डोजर मशीन की विधिवत पूजा अर्चना बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने नारियल फोड़कर कर किया।बता दें कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी में आजादी के बाद पहली बार रेलवे का आगमन हुआ है। वहीं इस साइडिंग का निर्माण राइट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा किया गया है। जिसको करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया गया है। वही इस साइडिंग में एक सप्ताह पुर्व ही कोयला गिराने का कार्य शुरू हो चुका था।वहीं इस साइडिंग में कोयले की आपूर्ति न्यू बिरसा परियोजना में आउटसोर्सिंग कंपनी बीजीआर के द्वारा किया जा रहा है। वहीं इस क्षेत्र के कोयले को पुर्व में ट्रांसपोटिंग के माध्यम से सौंदा साइडिंग भेजा जाता था। एरिया की



एक मात्र साइडिंग होने के कारण समय से कोयला की आपूर्ति नहीं हो पाती थी। वहीं अब उरीमारी साइडिंग के चालू से कोयले की डिस्पैच में तेजी आयेगी। वहीं परिवहन खर्च भी घटेगा। वहीं इस साइडिंग में प्रतिदिन दस सौ चालीस टन कोयला गिराया जा रहा है। वही दूसरी तरफ सोमवार को रेलवे अपने 52 बोगीयो के साथ दोपहर दो बजे के करीब पतरातु से उरीमारी क्षेत्र में आई जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की होड़ मची रही। वहीं इसके बाद बोगियों में कोयले की ढुलाई डोजर मशीन के द्वारा शुरू किया गया। वहीं इस मौके पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि उरीमारी क्षेत्र के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है हम सभी के लिए आज खुशी का दिन है उरीमारी क्षेत्र में आज से कोयला की ढुलाई शुरू हो रही है वहीं उन्होंने यह भी कहा कि साइडिंग खुलने से कोयले? की ट्रांसपोर्टिंग में काफी तेजी आएगी। ग्रामीणों को सडको में उड़ने वाले प्रदुषण से काफि हददक राहत मिलेगी। वहीं इस मौके पर महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार, एसओपी अजय कुमार, एसओ सिविल केपी रंजन,बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, उरिमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, मैनेजर उरीमारी पीके सेन गुप्ता, बिरसा मैनेजर रामेश्वर मुंडा, एसओ सीवील आर के प्रधान, एसओ इएंडएम अमरेन्द्र कुमार, युनियन से राकोमयू क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, आदिवासी छात्र संघ के दशई मांझी, विन्ध्याचल बेदिया, संजय करमाली, महादेव बेसरा, दिनेश करमाली, विश्वनाथ मांझी,डा जीआर भगत, साइडिंग मैनेजर जयंत सिंह, एवं रेलवे पतरातु के एस के सांगा, दुसरी तरफ अयोध्या महतो,गार्ड जयराज आदि लोग मौजूद थे।

## ट्रैफिक पुलिस ने गोला में चलाया वाहन जांच अभियान

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को गोला थाना गेट के निकट ट्रैफिक पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों में चलने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच किया गया। जांच आभियान के क्रम में हेलमेट, ट्रिपल लोड, शीट बेल्ट, ओवर लोड तथा कागजात की जांच किया गया। इस दौरान कई वाहन चालकों को शीट बेल्ट लगाने वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करने की हिदायत दी गई। इस दौरान ऑफ लाइन के द्वारा 9 वाहनों से 9500 रुपए तथा ऑनलाइन के द्वारा 10 वाहनों से 14000 रुपए वसूले गए।मौके पर एएसआई सतेन्द्र शर्मा, बालेश्वर सिंह, पुलिस कर्मी रोहित यादव, अंजन कुमार आदि मौजूद थे।



## बीडीओ ने सरगडीह व बरलंगा पंचायत का किया दौरा

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के द्वारा सोमवार को सरगडीह तथा बरलंगा पंचायत का दौरा किया। क्षेत्र भ्रमण के पश्चात उन्होंने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास व सोलर जलमीनार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दरमियान मंकुरी देवी, पारो देवी इत्यादि लाभुकों से मिलकर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।मौके पर पंचायत सेवक अर्जून महली,प्रखंड कार्डिनेटर अजय कुमार, मुखिया प्रभाष प्रकाश आदि मौजूद थे।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# राज्य के श्रम मंत्री ने करोड़ो की योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर कुन्दा पहुंचे, इस दौरान मंत्री ने डीएमएफटी मद से स्वीकृत करोड़ो के योजनाओं को शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर मौजूद रहे।मंत्री ने कुन्दा में वन परिसर से खैरा तक पीसीसी पथ निर्माण, मेदवाडीह मांडर से हरिजन टोला तक पीसीसी पथ निर्माण समेत कई स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास किया। तत्पश्चात मंत्री ने प्रखंड कार्यालय परिसर में जरूरतमंदों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मंत्री अपने सम्बोधन में कहा की क्षेत्र के समुचित विकास व जरूरतमंदों को सहयोग करने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।जरूरत के हिसाब से नई-नई योजनाओं का चयन कर धी विकास की जा रही है,साथ ही उन्होंने कहा की जल्द सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत बच्चियों को सरकार साइकिल खरीदने के लिए उनके खाते में राशि भेजेगी ताकी उन्हें विद्यालय तक पहुंचने के लिए कोई बाधा उत्पन्न न हो। मंत्री ने बाबा साहब भिमराव अम्बेडकर आवास, दीदी बाड़ी, पेंशन की स्वीकृति दिया गया। मंत्री ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत लाभुक किस्मतिया देवी को दो लाख रुपया का चेक दिया गया। साथ सखी मंडलो के बीच ऋण के रूप में पंद्रह लाख रुपये का चेक का वितरण किया। मंत्री ने कहा कि 15 नवंबर से प्रखंड कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आवास, बिधवा पेंसन, छात्रवृति आदि योजना की जाएगी।मंत्री ने कहा कि जिसका जमीन नही है उसको भी आवास दिया जाएगा मंत्री ने बताया कि वन अधिनियम के तहत लाभुक को सरकार के द्वारा जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। वही मंत्री ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की क्षेत्र में जरूरत व प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन कर विकास में गति दे। उसके उपरान्त राज्य के श्रम मंत्री ने दिवंगत रॉकी वर्मा के पीड़ित परिजनों से मिलकर ढाढस बँधाया व मौके पर पुलिस प्रशासन को निष्पक्ष रूप से जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, मुखिया मनोज कुमार साहू, मुखिया अनिता देवी, कुन्दा सांसद प्रतिनिधी जितेंद्र यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव, बिससूत्री प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्लदेव भोक्ता, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव, सुधीर यादव, चन्द्रिका यादव, समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

# अज्ञात अपराधियों ने की फायरिंग, सर्वेयर घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा थाना क्षेत्र के धनगड्डा-रक्शी गांव के पास शिवपुर-कठौतिया रेलवे ब्रिज निर्माण कार्य में लगी मिलियम कंपनी के सर्वेयर पर दोपहर बाईक सवार अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर भाग निकले। इस गोलीबारी में कंपनी के अमित झा नामक सर्वेयर घायल हो गया है। घटना के कारणों और इसमें शामिल अपराधियों के बारे में अब तक कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि आपसी विवाद या लेवी के कारण गोली मारी गयी है। घटना की जानकारी मिलते हीं चतरा एसपी राकेश रंजन व डीएसपी केदार राम दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर बिंदुवार जांच पड़ताल कर कई दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर से गोली का खोखा भी जप्त किया है। अपराधी आपसी रंजिश में घटना को अंजाम दिया है या लेवी वसूली को लेकर की गई है। हरेक पहलू पर पुलिस जांच कर रही है। टंडवा इंस्पेक्टर विजय सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र को घेराबंदी करके धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर समिति का हुआ गठन अध्यक्ष बना डीजे मालिक राहुल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत हेठटोला में लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाने व समिति की गठन को लेकर बीते रविवार देर शाम एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता गौतम कुमार एवं संचालन प्रसादी साव ने किया। जहां सर्व समिति से निर्णय लिया गया। कि अध्यक्ष के लिए राहुल कुमार डीजे मालिक को उपाध्यक्ष के लिए रिंकू कुमार सचिव के लिए राहुल कुमार कोषाध्यक्ष मंटू कुमार संहसचिव हिमांशु कुमार सह कोषाध्यक्ष पवन कुमार एवं निर्देशक विनोद पासवान को चयनित किया गया है। 12 नवंबर को लक्ष्मी पूजा धूमधाम से एवं शांतिपूर्ण से करने का बैठक में निर्णय लिया गया है। जिसमें दयानंद कुमार महावीर दांगी विकास कुमार देवदीप पासवान राकेश कुमार रंजन कुमार रितिक कुमार ब्रह्मदेव दांगी रामदेव साव तुम दर्शन हो लोग पूजा को सफल बनाने में सभी सदस्य एवं अपना अपना योगदान देंगे।

## अवैध तरीके से लदे बालु एक ट्रैक्टर को किया गया जब्त




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत अवैध खनन कर बालू उठाव करने वाली के विरुद्ध प्रखंड के अधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी हरिनाथ महतो ने छापामारी अभियान के तहत बलबल नदी पुल से सोमवार को बालू लदा एक ट्रैक्टर गिरफ्तार किया है। वीडियो ने बताया कि ट्रैक्टर दुआरी गांव निवासी गिरेंद्र कुमार गुप्ता का है। जो अवैध तरीके से बालू उठव कर हजारीबाग की ओर भागे जा रहा था।पकड़े गए वाहन को थाना ले आया गया है।खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं किया गया है।

# बच्चों के पोशाक पर भी हो रहा कमीशन का खेल, रुपयों की हो रही बंदरबांट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र के सभी विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक बच्चों को दो पैंट, दो शर्ट, जूता, मोजा के अलावे एक स्वेटर भी दिया जाना है। परंतु कमीशन की बाढ़ में आपूर्ति कर्ता द्वारा सबसे निम्न स्तर यानी घटिया किस्म का पैंट, शर्ट, जूता मोजा, और स्वेटर की आपूर्ति की जा रही है। सरकारी आवंटन प्रत्येक बच्चों पर पोशाक में आने वाला खर्च 600 रुपये दिया गया है। जबकि 180 रुपये कमीशन में चला जाता है अब बचा मात्र 420 रुपये। आखिर आपूर्तिकर्ता महज 420 रुपये में दो पैंट, दो शर्ट, दो जूता, दो मोजा और एक स्वेटर की आपूर्ति विद्यालयों में करता है। वहीं 20 रुपये आपूर्तिकर्ता को जोड़े तो अब हमारे पास मात्र 400 रुपये बचते है । अब चार सौ रुपये में इन




सभी समानो का आपूर्ति होना आप समझ सकते हैं कि कपड़े और जूते स्वेटर की क्या गुणवत्ता हो सकती है। आपको बताते चले कि कमीशन में कौन किसका कितना कमीशन रूपी प्रसाद शामिल है। सबसे पहले विद्यालय के सचिव को 100 रुपये कमीशन, सीआरपी को 50 रुपये कमीशन, बीआरपी बीईओ अकाउंटेंट तीनो मिला कर 30 रुपये की कमीशन रूपी प्रसाद आपूर्तिकर्ताओं को चढावा रूपी प्रसाद भेंट करना है तभी उस आपूर्ति कर्ता को बिल पास करते हुए चेक दी जा सकती है। मान ले कि एक विद्यालय में 100 बच्चे हैं तो 100 गुना 100 यानी 10 हजार रुपये विद्यालय सचिव का प्रसाद है। सीआरपी को 100 गुने 50 यानी 5 हजार रुपये, बीआरपी, बीईओ, अकाउंटेंट 100 गुने 30 यानी 3 हजार रुपये प्रसाद रूपी कमीशन का खेल जारी है। वैसे में विद्या की मंदिर कहे जाने वाला विद्यालय में कमीशन रूपी प्रसाद चढाए वगैर कोई काम निःस्वार्थ नहीं होता है। यदि सरकार द्वारा आवंटित 600 रुपये का निष्ठा भाव से पोशाक की आपूर्ति की जाय तो बच्चों को अच्छा और बेहतर पोशाक मुहैया की जा सकती है। इस तरह का कमीशन का खेल से जहां शिक्षा विभाग को शर्मशार किया जा रहा है वहीं पवित्र विद्या के मंदिर को भी अपवित्र किया जा रहा है। आखिर दोषी कौन यह बड़ा सवाल है।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत प्री फील फॉर्म 6 से संबंधित बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह-निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में ऑनलाईन माध्यम से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीपीओ, विद्यालय के वार्डेन, प्रधानाचार्य के साथ बैठक की गई। बैठक में जिले के अंदर सभी विद्यालयों में ई विद्यावाहिनी के आधार पर प्री फिल फार्म 6 से संबंधित बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि पूर्व में समीक्षा के क्रम में यह मामला सामने आया था कि बहुत सारे विद्यार्थी जिनका प्री फील फॉर्म 6 भरा जा चुका है वो पास आउट हो गये है और वह आगे की पढ़ाई करने के लिए दूसरे जगह



चले गये है इस पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जो भी विद्यार्थी पास आउट हुए है उनसे सम्पर्क कर उनका फार्म भरवाएं और आगे कहा नए सत्र में शामिल विद्यार्थियों जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो जायेगा उन विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम शामिल करने हेतु फार्म 6 भरे जिससे की मतदाता सूची में नाम दर्ज किया जा सके। बैठक में विशेष रूप से सभी +2 विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्री फिल फार्म प्रखण्ड को उपलब्ध करायें और अगर प्री फिल फार्म 6 की सूची नहीं है तो प्रखण्ड से सम्पर्क कर प्राप्त करले। विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची शामिल करने से संबंधित बहाने नहीं चलेंगे। विद्यार्थियों की आयु सत्यापित करने के लिए भी कई आवश्यक जानकारियां साझा की गई।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन घायल, इलाज जारी

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बगरा मोड़ चौक के समीप एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर जाने से तीन सवार घायल हो गए। तीनो को रेफरल अस्पताल में भर्ती कर इलाज जारी है। घायलों में मंजू देवी, पिंकी देवी, मोनू कुमार का नाम शामिल है।जानकारी के अनुशार सिमरिया हर्षनाथपुर से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीनो चंदवा नगर मंदिर में पूजा अर्चना के लिए जा रहे थे। बगरा पहुंचते हीं मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर गिर गया जहां तीनों घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों के मदद से सिमरिया रेफरल अस्पताल में लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक डाक्टर अफान अहमद ने सभी को इलाज किया तीनो की स्थित ठीक है।

## आंगनबाड़ी सहायिका चयन में यशोदा देवी को की गई योग्यता के आधार पर चयनित



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बगरा पंचायत के ग्राम लुतिडीह में आंगनबाड़ी केंद्र लुतिडीह में सोमवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना साहू की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सहायिका के रिक्त पद पर चयन के लिए कुल चार अभ्यर्थीयों ने अपना अपना आवेदन जमा किया। जिसमें यशोदा कुमारी, पति महेंद्र प्रसाद, सुनीता कुमारी, पति संदीप ठाकुर, चंचला देवी, पति सुरेंद्र राणा गुड़िया कुमारी, पति कृष्ण कुमार ठाकुर का नाम शामिल है। दिए गए अभ्यर्थियों के आवेदनों को गहनता से जांच में अधिक शैक्षणिक योग्यता के आधार पर यशोदा कुमारी, पति महेंद्र प्रसाद का सहायिका के पद पर चयन किया गया। ग्राम सभा को सफल बनाने में मुखिया चन्दा देवी, पंचायत समिति चंचला देवी, संयोजिका रीना कुमारी, एएनएम अंजू देवी, प्रधानाध्यापिका इंदु भगत, आंगनबाड़ी सेविका बिंदु देवी, पूनम देवी, रिंकी देवी, सरिता कुजूर, इन्द्रदेव पासवान, विनोद प्रसाद, नंदकिशोर पासवान, प्रमोद कुमार, केदार प्रसाद, जगधारी राम, रमेश सिंह एवं सैकड़ो महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## बीएलओ के साथ बीडीओ ने किया समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल परिषर सभागार में सोमवार को बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ मतदाता सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने समीक्षा बैठक किया। एवं उपस्थित लोगों को कई दिशा निर्देश बताएं। आगे उन्होंने बताया कि 2024 निर्वाचन लोकसभा का चुनाव एवं साल के अंत में विधानसभा का चुनाव को लेकर मतदाता सूची से संबंधित सम्पूर्ण त्यारी कर लेनी है। एवं प्रत्येक बुथ में 18 वर्ष पूर्ण होने वाले लड़का लड़की स्त्री पुरुष का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लेना है।साथ ही साथ मृत्यु हुए व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाने की बात भी बीडियो ने कही है। आगे इन्होंने बताया कि एस एस आर के तहत 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर के बीच चल रहे अभियान में 18 वर्ष पूरे हुए आयु के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ लेनी है। मौके पर उपस्थित पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह बीपीओ रामकुमार सिंह तरुण कुमार एवं दर्जनों बिएलओ उपस्थित थी।

## गरीब की घर में दबंगों ने जड़ा ताला, पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेटर पंचायत के रुद गांव के अम्बा पतरा टोला के लखन गंझू का प्रधान मंत्री आवास योजना के द्वारा प्रदत्त आवास को गांव के ही दबंग के द्वारा कब्जा किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। आवास कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर सुरेश गंझू पिता लखन गंझू अपने पूरे परिवार के साथ सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक से मिल उनके समक्ष इसकी शिकायत की। पीड़ित परिवार ने बताया कि लगभग तीन चार वर्ष पूर्व सरकार के द्वारा मेरे पिता जी के नाम प्रधानमंत्री आवास मिला था, जब हमलोग गांव से बाहर कमाने गये थे उस समय मौका पाकर गांव के ही व्यक्ति मार्शल कंडूलना एवं उसके परिजन मिल कर उस घर में ताला लगा दिया। इससे हमलोगों को रहने के लिए बहुत परेशानी हो रही है। मकान की चाभी मांगे जाने पर उन लोगों के द्वारा रूपये की मांग किया जाता है उनके द्वारा रूपये मिलने के बाद ताला की चाभी दिये जाने की बात कही जाती है। पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद तुलस्यान, के निधन पर पत्रकारों ने किया शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक स्थित प्रेस क्लब में प्रखण्ड एवं जिले के पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद तुलस्यान के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे जिला व प्रखण्ड के विभिन्न अखबार तथा टीवी चैनल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। निर्भीक, निष्पक्ष पत्रकारिता एवं ईमानदार व्यक्तित्व के रूप में चर्चित पहचान थी उनकी। इस मौके पर दिवंगत पत्रकार रामप्रसाद तुलस्यान के कार्यकाल एवम् मीडिया जगत में उनके योगदान को याद किया गया तथा उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया की इस दुःख के बेला में भगवान उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दे। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार सिंह, मोकिम अंसारी, धर्मेंद्र पाठक, महेंद्र कुमार यादव, बिष्णु साहू, सुबोध शर्मा, अशोक कुमार साहू, शैलेश कुमार गुप्ता के अलावे राहुल कुमार शामिल थे।

## फसल राहत योजना का लाभ लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे किसान



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं में एक झारखंड राज्य फसल राहत योजना किसानों को लाभ पहुंचाने को लेकर शुरुआत गई है जिसे लेकर प्रखंड में कुल 17497 किसानों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जहां अबतक 17497 किसानों के निबंधन के विरुद्ध महज 5452 किसानों का ही निबंधन हो पाया है। क्षेत्र के किसान के बीच योजना में निबंधन कराने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं वह इसलिए कि पूर्व की झारखंड राज्य फसल राहत योजना को मुख्यमंत्री फसल राहत योजना में तब्दील किया गया था,अब फिर योजना को झारखंड राज्य फसल राहत योजना का नाम दिया गया है। क्षेत्र के कई किसान अपना निबंधन कराने और उनके दस्वावेज एप्रुवल होने के बावजूद उनके खाते में मुआवजा राशि नहीं मिली। बताया जा रहा है कि कुछ किसानों को कैटेगरी में मुआवजे की राशि उपलब्ध कराई गई है। वहीं इस संबंध में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अनुज शरण ने बताया कि किसान मायुस नहीं हों वह अपना निबंधन नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर करा लें। उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत उम्मीद है कि बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र सुखाड़ घोषित होगा और फसल के नुकसान का जांचोपरांत उन्हें मुआवजे की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि निबंधन शुल्क 40 रुपए हैं। सरकार द्वारा निबंधन की तिथि बढ़ाते हुए अंतिम 30 नवंबर 2023 कर दिया गया है।

# अभिभावक सह शिक्षक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में अभिभावक , शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्येन्द्र प्रसाद ने किया।इस गोष्ठी बैठक में अध्यक्षता कर रहे सत्येन्द्र प्रसाद ने कहा कि छात्र छात्राओं का पहला गुरु माता, पिता व अभिभावक ही होतें हैं इस लिए आप सभीको अपने अपने बच्चों को घर पर निगरानी रखनी चाहिए। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों से हर घंटी छात्र छात्राओं को पढ़ाने का आग्रह किया।वहीं माधव प्रसाद, दयानंद सोनी,राजीव कुमार,मो खौबैब आलम बिनोद राम, प्रदीप राम, सहित कई अभिभावकों ने अपना अपना विचार रखा। इसके पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी विद्यार्थी ससमय विद्यालय गणवेश पहनकर आना आवश्यक है। कोई भी छात्र छात्रा मोबाइल लेकर विद्यालय नहीं आएंगे। साथ ही जिन छात्र छात्रा का उम्र 18 वर्ष से कम हो वैसे छात्र छात्राओं को दोपहिया वाहन से विद्यालय नहीं आने का निर्णय लिया गया। क्योंकि कम उम्र के छात्र दोपहिया वाहन से विद्यालय आते हैं उनके पास लाइसेंस भी नहीं होता है साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसके साथ कानून का भी उलघंन होता है। सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय के नियम का पालन करने को कहा गया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में छात्र छात्राओं की संख्या दो हजार है व शिक्षक सात हैं। शिक्षक कम होने के कारण पठन पाठन में कठिनाइयां होती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार सिंह, विश्वरूप सिंघा, दिनेश प्रसाद दुबे, रुपेश कुमार, आल्का तिग्गा, पंकज कुमार, रीना कुमारी, सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा की अध्यक्षता में लातेहार परिसदन के सभागार में लातेहार जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया।उन्होंने विधानसभा में उठाये गये लातेहार जिला से सम्बंधित मामलों में कृत कार्यों की समीक्षा किया।बैठक के दौरान सभापति ने कहा कि विधानसभा में उठाये गये वैसे मामले जिसमें सरकार के द्वारा उसके निष्पादन का आश्वासन दिया गया वैसे मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित किया जाना चाहिए। समीक्षा के क्रम में विधानसभा में उठाये गये लातेहार जिला से सम्बंधित कुल 12 मामलों में कृत कार्यों के बारे सभापति ने सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी से जानकारी लिया। सभापति ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की वर्तमान स्थिति के बारे सिविल सर्जन से जानकारी लिया द्य उन्होंने सिविल सर्जन को बालूमाथ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण से सम्बंधित विस्तृत प्रतिवेदन समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया द्यसभापति ने जिला के हेरहंज प्रखंड एवं बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न ग्रामों में ट्रांसफार्मर लगाने के संबंध में कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल से जानकारी लिया। उन्होंने इस सम्बन्ध में कृत कार्य का प्रतिवेदन समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को दिया। इसके अलावा उन्होंने करकट नदी पर पुल निर्माण, राजा मेदनीराय के किला का जीर्णोद्धार इत्यादि के बारे भी सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लिया।बैठक के दौरान समिति के सदस्य सह विधायक, लातेहार बैद्यनाथ राम ने जिले में विभिन्न विकास कार्यों के बारे पदाधिकारियों से जानकारी लिया एवं उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो0 परवेज अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड बिपिन कुमार दुबे एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डोडा के साथ राजस्थान के तीन तस्कर गिरफ्तार, 16 चक्का ट्रक व 5 स्मार्टफोन जब्त



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राज्यीय अफीम तस्करों के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई हुई है। 30 क्विंटल प्रतिबंधित डोडा के खेप के साथ राजस्थान के तीन तस्कर चतरा में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तस्करी में प्रयुक्त 16 चक्का ट्रक, तस्करों का पांच स्मार्टफोन और दस हजार रुपया नगर बरामद किया गया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में गठित वशिष्टनगर जोरी थाना पुलिस की टीम को कामयाबी मिली है। चतरा-डोभी मुख्य मार्ग पर स्थित घंघरी इलाके से बरामद हुआ अवैध डोडा लदा राजस्थान नंबर का 16 चक्का ट्रक। कुंदा थाना क्षेत्र के गेन्द्रा जंगल से डोडा लादकर जा रहा था राजस्थान। राजस्थान के फलोदी, जोधपुर और बाड़मेर जिले के रहने वाले हैं गिरफ्तार सभी तस्कर। डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी। अभियान में थाना प्रभारी परमानंद मेहरा, एएसआई शशिकांत ठाकुर व आदित्य किशोर तिर्की समेत सैट-149 के जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रत्येक मंगलवार को लगेगा विधायक अंबा प्रसाद का जनता दरबार

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक अंबा प्रसाद का सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को हजारीबाग स्थित आवासीय कार्यालय में लगने वाला जनता दरबार अब स्थगित रहेगा। मंगलवार से बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में जनता दरबार लगेगा। केरेडारी प्रखंड मुख्यालय में भी लगने वाला जनता दरबार फिर से शुरू किया जाएगा एवं सभी विभागीय कार्रवाई प्रखंड मुख्यालय से ही सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों से कई जरूरतमंद लोग हजारीबाग, रांची एवं पतरातू नहीं पहुंच पाते थे इसलिए आम जनमानस के सीधे संपर्क में रहने के लिए प्रखंड मुख्यालय से ही विभागीय कार्यो का निष्पादन किया जाएगा।

### बड़कागांव बनिया टोली तालाब का छठ तालाब के रूप में निर्माण होगा: यासमीन निशा

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने हजारीबाग उपायुक्त को आवेदन देकर बड़कागांव प्रखंड के पूर्वी पंचायत अंतर्गत बनिया टोली तालाब को सुंदरीकरण करने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा है। जिप सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तालाब 2 एकड़ 48 डिसमिल में फैला हुआ है। यह बड़कागांव मुख्य चौक के समीप स्थित है। लेकिन इसकी अच्छी तरह से रखरखाव नहीं होने की वजह से यह तालाब कई वर्षो से बेकार पड़ा हुआ है। इसलिए जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने डीसी को आवेदन देकर इस तालाब को छठ तालाब के रूप में निर्माण करने की मांग की है। छठ तालाब के रूप में निर्माण होने से यहां के लोगों को छठ पर्व करने में काफी आसानी होगी। इस पर डीसी ने संज्ञान लेते हुए इस तालाब को जीर्णोद्धार के लिए निर्णय लेते हुए छठ तालाब के रूप में निर्माण करने की बात कही है। इस तालाब का टेंडर भी हो चुका है। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही की वजह से अभी तक इसमें कोई कार्य नहीं हो सका है।

### हैकाथॉन का आयोजन आईसेक्ट विश्वविद्यालय में 08 नवम्बर को

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय समस्याओं का तकनीकी समाधान को लेकर आगामी 08 नवंबर को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में हैकाथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समस्याओं का तकनीकी समाधान को लेकर इस तरह का आयोजन पहली बार हजारीबाग में किया जा रहा है। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने मटवारी स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सिटी कैंपस सभागार में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों को दी। उन्होंने कहा कि दरअसल सीएस एंड आईटी के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी कर चुके या अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ साथ अन्य विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम लाभप्रद साबित होगा। बता दें कि यह कार्यक्रम आईसेक्ट विश्वविद्यालय व पी5 डिजिटल सॉल्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के प्रायोजक दिल्ली की डिजिटल प्रमोशन कंपनी टिस ट्रू हैं। बता दें कि टिस ट्रू कंपनी के संचालक शशि कुमार ने हजारीबाग के विद्यार्थियों के लिए रोजगार और डिजिटल प्रशिक्षण प्रदान करने में सहायता प्रदान करने की बात कही। मीडिया से मुखातिब होते हुए पी5 डिजिटल सॉल्यूशन के सह संस्थापक निशांत कुमार व तनवीर रजा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत भाग लेने वाले अभ्यर्थी आम नागरिक की समस्याओं को लेकर, स्वास्थ्य और शोध, रियल एस्टेट और डिजाइनिंग, शिक्षा और परामर्श, डी फाई और फाइनेंस संबंधित नवीनतम लोकहित विचार प्रस्तुत करेंगे और कोडिंग के माध्यम से उसके समाधान के रास्ते भी बताएंगे। इसमें प्रथम तीन प्रतिभागियों को 5000, 3000 और 1000 रूपये का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### बरही प्रखंड में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेशानुसार प्रखंड के सात पंचायतो के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से प्रखंड सभागार एवं टाउन हॉल में शुरू किया गया। मौके पर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार दोनों स्थानों पर चल रहे कार्यक्रम का निरीक्षण किया। पंचायती राज के बेसिक जानकारी मास्टर ट्रेनर पुष्पा कुमारी एवं केके पाठक ने दिया। वही उनके सहयोग में ट्रेनर शशि गुप्ता (एनआईटीडीटी) रवि प्रसाद, पंचायत सचिव बुलबुल कुमारी सोनी, प्रियंका प्रकाश थे। प्रशिक्षण ले रहे वार्ड सदस्यों को बेसिक सामग्री में फाइल, बुकलेट, नोटपैड, बोतल, पेन आदि दिया गया। मौजूद वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर बेसिक जानकारी देते बताया कि ग्राम का विकास अंतर्गत ग्रामीण पक्की सड़के का मरम्मत, आवास से संबंधित, पेयजल की समस्याओं से अवगत कराना और सुधार करवाकर ग्राम विकास के लिए योजनाओं का शिलान्यास करवाना आदि है। वहीं उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रत्येक बेच में 40-40 वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू भी मौजूद थे। वही प्रशिक्षण कार्यक्रम में वार्ड सदस्य मनोज साव, फूलमती देवी, पूनम देवी, अशोक राणा, बिरेंद्र कुमार, आरती देवी, जमनी देवी आदि मौजूद थे।

### स्थानीय युवाओं ने सूर्यकुण्ड धाम स्नानागार कूंड का सफाई किया

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम के महिला स्नानागार कूंड का साफ-सफाई अभियान स्थानीय युवाओं व जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय के द्वारा किया गया. जिप सदस्य प्रतिनिधि ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहर सूर्यकुण्ड धाम का सफाई रखना व इस मनोरम स्थल को सजाना व संवारना हमसबों का परम कर्तव्य है.बताते चलें कि पिछले छ्ः माह से महिला स्नानागार कूंड में गंदगी के अंबार लगा रहने के चलते महिलाओं को स्नान करने में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड रहा था.सफाई अभियान में मुख्य रूप से पूर्व उपमुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय,अजीत कुमार पाण्डेय,युवा समाजसेवी आशिष कुमार पाण्डेय,रिंकू माली,गौतम नायक,जयराज पासवान,शेषनाथ सिंह,सुनील राम,दीपक पाण्डेय,संतोष कुमार पाण्डेय,पंकज पाण्डेय, बिरजू नायक के अलावा दर्जनों लोग शामिल थें।

### जागो महिला जागृति केन्द्र ने छात्राओं के बीच चलाया जागरुकता अभियान

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में जागो महिला जागृति केंद्र के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत् छात्र छात्राओं को बाल विवाह और बाल शोषण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जागो महिला जागृति केंद्र के सचिव रेशमा सिंह ने बताया कि संगठन की ओर से सभी विद्यालयों में बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में बब्लू राज, शांति देवी, सावित्री देवी, कौशल्या देवी, अजय कुमार, प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार, ज्योति श्री, विपिन कुमार मौर्य, आरिफ खान, शिखा कुमारी, योगेंद्र शर्मा समेत आदि लोग मौजूद थे।

## भामाशाह स्कूल में रंगोली, तोरण व सोहराई चित्रण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में रंगोली, तोरण व सोहराई चित्रण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चतुर्थ से लेकर दसवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। तोरण में कक्षा चतुर्थ व पंचम कक्षा के बच्चों ने भाग लिया, वही रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा छह्व सप्तम कक्षा के बच्चों ने भाग लिया, सोहराय कला में कक्षा अष्टम नवम व दशम के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा एक से बढ़कर एक क्राफ्ट व आकर्षक रंगोली बनाई गई। सभी प्रतिभागी भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया प्रदर्शन इतना शानदार रहा की निर्णायक मंडली भी अपनी निर्णय कर पाना असंभव सा प्रतीत हो रहा था। लेकिन अपनी सूझबूझ से निर्णय प्रदान किया रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तेजस्वी कुमारी एवं कोमल कुमारी कक्षा छ्ः (अ ) द्वितीय स्थान प्रियांशी कुमारी एवं आयुषी कक्षा सप्तम (ब) तृतीय स्थान खुशी एवं सृष्टि छ्ः (ब) तोरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आराध्या कुमारी पंचम (ब) द्वितीय स्थान आरुषि झा, एवं रिद्धि राणा चतुर्थ तृतीय स्थान आरोही कुमारी, कक्षा पंचम सोहराय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जिया राणा सिमना प्रिया द्वितीय स्थान आशीष कुमार तृतीय स्थान दिव्या कुमारी को प्राप्त हुआ यह सभी कक्षा नवम के हैं।

## भुवनेश्वर प्रसाद मेहता आज हजारीबाग में लोकसभा के लिए करेंगे शक्ति प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता आज क्रांति दिवस के अवसर पर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। हजारीबाग स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन में भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड में जल जंगल जमीन के लूट के खिलाफ परिवर्तन रैली निकल जाएगी, जिसकी शुरुआत जिला के पुराना समाहरणालय स्थित धरना स्थल से किया जाएगा।

लगभग 25 हजार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग चतरा कोडरमा रामगढ़ के कार्यकर्ता के साथ राष्ट्रीय सैनिक समता दल के सदस्य शक्ति प्रदर्शन में शामिल होंगे। शक्ति प्रदर्शन धरना स्थल से शुरुआत होकर शहर के इंद्रपुरी चौक प्रधान मार्ग झंडा चौक वालटोली चौक होते हुए बंसीलाल चौक पहुंचेगी जहां पुनः धरना स्थल पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन का जनसभा के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि जिस तरह से जल जंगल जमीन की लूट के लिए आपस में लोग लड़ रहे हैं जिसका लाभ पुलिस पदाधिकारी उठाते है। पूर्व सांसद ने कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा सीट में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा सीट पर दावा करती है।

## चित्रगुप्त पूजा की तैयारी को लेकर चित्रांश समाज किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रविवार को चित्रगुप्त पूजा हर्षोल्लास से मनाने को लेकर न्यू कॉलोनी स्थित चित्रांश चंदन कुमार कर्ण के आवास पर बरही चित्रांश परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें चित्रांश समाज के कई चित्रांश मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता व संचालन सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया। बैठक की शुरुआत अराध्यदेव चित्रगुप्त जी महाराज के वंदना के साथ हुई, तत्पश्चात कोषाध्यक्ष श्याम कुमार सिन्हा ने बीते वर्ष के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता व संचालन आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर पूजा की तैयारी, प्रसाद व्यवस्था, चंदा आदि विन्दुओ पर निर्णय लिया गया। वहीं सर्वसम्मति से हर्षोल्लास चित्रगुप्त पूजा सूर्य मंदिर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में मनाने का निर्णय लिया।

## बाल विवाह, बाल शोषण जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में सोमवार को बाल विवाह उन्मूलन एवं बाल शोषण मुक्त जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा तथा संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हमें बाल शोषण से जुड़े घटित घटनाओं का कारण का पता लगाना चाहिए तथा



उसके रोकथाम के लिए प्रयास करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को सशक्त बनाने के लिए हमें सामुदायिक सहयोग से गांव स्तर पर जागरूकता लाने की जरूरत है। बच्चों को सशक्त बनाने के लिए जेएसएलपीएस, शिक्षा विभाग, स्वयंसेवी संस्थाएं अपने स्तर से कार्य कर रही हैं। सभी सरकारी कर्मचारीयों से आग्रह किया कि पंचायत स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से चल रहा है जो 14 नवंबर बाल दिवस के दिन समाप्त होगा। कार्यक्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने कहा कि शैक्षणिक रूप से कमजोर तथा जागरूकता के अभाव में बाल हिंसा होती है। बाल मजदूरी करना एक हिंसा है और इसका रोकथाम आवश्यक है।

## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने बिंदु सोनी कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध छठ घाट बेलवा नदी छठ घाट में बेहतर व भव्य छठ पूजा आयोजन को लेकर अंबेडकर भवन बरकट्ठा में बैठक पूर्व मुखिया बसंत साव ने किया बैठक में छठ पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया साथ ही कहा गया है छठ पूजा सभी सनातनियो का सबसे बड़ा आस्था का केंद्र है छठ माता सबो को मनोकामना पूर्ण कर देती है इसलिए हम सनातनी को छठ पूजा त्यौहार धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाना चाहिए इस बैठक में पूजा समिति का चुनाव किया गया जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बिंदु सोनी, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष चंदन मोदी, सचिव संतोष साहनी, उप सचिव राहुल गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक गुप्ता संरक्षक मंडली सुनील श्रीवास्तव संजय गुप्ता,अशोक नायक, पूर्व मुखिया बसंत साव, कुंदन सोनी,पीतांबर नायक एवं




कार्यकारिणी समिति में शेरा गुप्ता, गुड्डु गुप्ता, सुजीत विश्वकर्मा, संजय कुमार दास, नीरज शिशु, राहुल सोनी, विक्रम सोनी, सुमन गुप्ता, अजीत विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, अजीत गुप्ता, सोनू सोनी, अजीत सोनी, संजय विश्वकर्मा, अनूप गुप्ता को मनोनीत किया गया समिति अध्यक्ष बिंदु सोनी एवं कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता व अन्य अधिकारियों ने कहा छठ पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा वही इस बार सार्वजनिक सहयोग से साउंड साज सजा एवं भव्य भंडारे की संपूर्ण व उत्तम व्यवस्था की जाएगी।

## भीम आर्मी बरकट्ठा के सदस्यो ने नव पद स्थापित थाना प्रभारी से की औपचारिक मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** थाना के पूर्व थाना प्रभारी दिनेश कुमार के कर्तव्यहीनता के आरोप में लाइन हाजिर होने के बाद नए थानेदार के रूप में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने पदभार ग्रहण किया. पदभार लेने के पश्चात विभिन्न संगठनों व जन प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी से औपचारिक मुलाकात कर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दे रहे हैं, और अच्छे कार्यकाल की कामना कर रहे हैं।वहीं रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन प्रखंड इकाई बरकट्ठा के सदस्यों ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी से औपचारिक मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट किया और शुभकामनाएं देते हुए अच्छे कार्यकाल की कामना किया।भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास ने कहा कि थाना अधिकांशतः शोषित पीड़ित और लाचार व्यक्ति ही अपने फरियाद लेकर आते हैं इसलिए उन शोषित पीड़ित व्यक्तियों के मामले पर संज्ञान लेते हुए उचित जांच पड़ताल कर न्याय दिलाने की बात कही।वहीं थाना प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस और पब्लिक के बीच का सामंजस्य होना बहुत जरूरी है ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रहे।इसके लिए क्षेत्र के सभी संगठनों के सदस्यों,जनप्रतिनिधियों व आम जनता का भरपूर सहयोग की आवश्यकता है। मौके पर कैलाश पासवान, सुजीत पासवान,अनिल पासवान,पीतांबर रविदास, राजू रविदास,विजय रविदास, सुंदर दास,सुनील रविदास, पप्पू रविदास,छोटी रविदास, समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक मनोज यादव ने प्राचीन छठ घाट का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्राचीन छठ घाट बरही का निरीक्षण किया। इस दौरान छठ घाट में पूजा समिति व प्रशासनिक सहयोग से चल रहे पोकलेन मशीन से सफाई अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूजा कमिटी के पदाधिकारियों से छठ पूजा को लेकर चर्चा की। कहा कि छठ पूजा समिति के पदाधिकारी छठव्रतियों का विशेष ख्याल रखें। उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हों और साज सज्जा में कोई कमी न रहे। पूजा कमिटी के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक श्री यादव को आश्वस्त किया कि कमिटी के लोग छठ महापर्व हर वर्ष से बेहतर करने में जुटे है।



साथ ही कहा कि पूजा कमिटी को स्थानीय पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था के महापर्व की संज्ञा से विभूषित है। यही वजह है कि संपूर्ण बिहार, झारखण्ड के अलावा अब देश व विदेशों में जिस प्रकार से उमंग व उत्साहपूर्वक लोग इस धार्मिक अनुष्ठान को पूरा करते हैं वह अकल्पनीय है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया समशेर आलम, पूजा कमिटी अध्यक्ष सह सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूजा कमिटी सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, नागेश्वर प्रसाद केशरी, कैलाश पति सिंह, विनय सिह, दिनेश प्रजापति, भाजपा युवा नेता अमित कुमार सिंह उर्फ छोटू, प्रवीण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, विक्की सिंह, भाजपा युवा मोर्चा पिंटू ठाकुर, कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, राजकुमार केशरी, राजू राणा, अंकित कुमार, आनंद कुमार, कृपाल राणा, विनोद साव, मो असलम, राजू राणा, आनंद प्रजापति, अजय प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, लोकेश ठाकुर, चंदन सिंह, केदार गोप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बरही विधायक ने केवाल में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने बरही प्रखण्ड के खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत केवाल में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का शिलापट्ट से पर्दा हटाकर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण 55 लाख 50 हजार रुपये की प्राक्कलित राशि से किया जाएगा।

विधायक श्री अकेला ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बन जाने के बाद यहां के ग्रामीणों को चिकित्सीय व्यवस्था में काफी सुविधा मिलेगी। कहा कि क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रति वह दृढसंकल्पित हैं।

वहीं बरहीडीह छठ घाट में प्रमुख मनोज रजक के सहयोग से जेसीबी मशीन से चल रहे सफाई अभियान में विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए।

इस दौरान विधायक श्री अकेला ने कहा कि छठ पूजा के दौरान छठव्रतियों को कोई परेशानी न हों, इसका ख्याल रखते हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। सफाई अभियान के दौरान विधायक ने नदी में जल स्तर की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि छठ पर्व करने वाले श्रद्धालु शुद्ध और स्वच्छ जल में भगवान सूर्य को अर्ध्य दें।

## सांकुल मुखिया समेत सैकड़ों महिला पुरुषों ने थामा कांग्रेस का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू पीटीपीएस रोड नं 05 स्थित विधायक आवास में प्रत्येक सोमवार को लगने वाली जनता दरबार में विधायक सुश्री अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना एवं त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार के दौरान विधायक अंबा प्रसाद की कार्यशाली व विकास नीति से प्रभावित होकर सांकुल पंचायत की मुखिया सुमन भारती चिकोर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य गीता देवी समेत हरिहरपुर पंचायत के ग्राम नेतुआ,लबगा के सैकड़ो महिला-पुरुषों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। वहीं विधायक द्वारा सभी को कांग्रेस का अंगवस्त्र पहना कर पार्टी में स्वागत किया ढ्ढ जनता दरबार के दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम



पंचायत से कई फरियादियों ने बारी-बारी से अपने समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा ढ्ढ जिसका विधायक अंबा प्रसाद ने दूरभाष के माध्यम से त्वरित निष्पादन किया। साथ ही लाखों की योजनाओं का विधायक ने अपने विधायक मद से योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अनुशंसा की। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अंजन प्रसाद,योगेंद्र सिंह खरवार, रमेश बेदिया,जयंत तुरी,नईम मियां, संजय सिंह,अशोक कुमार, हसीब अंसारी,याकूब राय, रवि साव मौजूद थे। वहीं कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुदर्शन मुंडा,अर्जुन मुंडा, सुनील मुंडा, मुनेश्वर मुंडा, तिलक मुंडा, विजय मुंडा, दिलेश्वर मुंडा, जितेंद्र मुंडा, महेश मुंडा, अशोक मुंडा,अजय मुंडा,नरेश मुंडा,राजू मुंडा,भुनेश्वर मुंडा,समुंदर मुंडा,लबगा पंचायत के ग्राम रसदा से रवि कुमार साव नेतृत्व में राजकुमार मुंडा,विजय ठाकुर, विनोद साहू,अमर कुमार,संदीप गोप और परमेश्वर साव आदि थे।

## अबुआ वीर दिशोम आवास योजना का लाभ उठाएं ग्रामीण : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत अतिसुदूर गांव सेहदा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता चूरामन गंझु एवं संचालन मनोज सोरेन ने किया। बैठक में दूसरे दल को छोड़कर तकरीबन 200 लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। श्री बेदिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा आदिवासी मूलनिवासी महिला पुरुष भूमिहीन व्यक्तियों के लिए हेमंत सोरेन सरकार जमीन देने कार्य कर रही है। आदिवासी मूल निवासी के लिए अबुआ वीर दिशोम आवास का



योजना पूरे झारखंड में चल रहा है उसका लाभ उठाएं ग्रामीण। झामूमो प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह के नेतृत्व में गोंदलपूरा पंचायत कमेटी विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष चूरामन गंझु, उपाध्यक्ष कार्तिक सोरेन, दिनेश मरांडी, विनीता कुमारी, सचिव राजेश हंसदा, संयुक्त सचिव सुनील सोरेन, देवंती कुमारी, महादेव हंसदा, संगठन सचिव वार्ड सदस्य संजय सोरेन, कोषाध्यक्ष सिकेंद्र बस्के, कार्यकारिणी सदस्य बैजनाथ गंझु, मनीता देवी, सोनोत हंसदा, सुखदेव हंसदा, प्रदीप हंसदा, सरना मरांडी, वीरेंद्र सोरेन, महेश मांझी, मनोज सोरेन, धनेश्वर सोरेन, मार्शल हेंब्रम, संजना कुमारी, सारो देवी, सविता देवी, सुमन देवी, लालमणि देवी, खुशबू देवी, अबलस एक्का, कादो मांझी, जोगन गंझु, सोनमती मरांडी को बनाया गया।

## बुनियाद रिश्तों की 2023, गुड़गांव में एमपी बिड़ला सीमेंट का वार्षिक डीलर सम्मेलन आयोजित

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुनियाद रिश्तों की 2023, एमपी बिड़ला सीमेंट का वार्षिक डीलर सम्मेलन (पूर्व), आज (शनिवार, 4/11/23) को गुड़गांव में आयोजित किया गया, जिसमें ग्राहकों के लिए कंपनी की आवाज के तौर पर डीलरों के महत्व पर प्रकाश डाला गया जो संगठन के प्रदर्शन पर बड़ा प्रभाव डालता है। चूंकि वे पूरे वर्ष व्यवसाय को आगे बढ़ाते हैं, इसलिए सम्मेलन उन्हें धन्यवाद देने और उन्हें अपडेट करने का एक अवसर था ताकि वे ग्राहकों को कंपनी के उत्पादों के बारे में सकारात्मक संदेश दे सकें। सम्मेलन में पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के 500 से अधिक डीलरों ने भाग लिया। बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री संदीप घोष ने कहा कि कंपनी को प्रदर्शन, नैतिकता और संस्कृति के लिए प्रशंसा पाने की दृष्टि से अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनना था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में डीलर कंपनी के भागीदार थे। उन्होंने आगे कहा कि विज़न, वैल्यू, वेलोसिटी और विजिबिलिटी, उत्कृष्टता के 4वी मॉडल हैं, जिन्हें कंपनी ने सभी कार्यों में दक्षता में सुधार के लिए अपनाया है। डीलरों को विशेष रूप से मदद लॉजिस्टिक्स संचालन के डिजिटलीकरण से हुई, जिससे विशेष रूप से विपणन गतिविधियों में गति और दृश्यता बढ़ी। सेल्स, लॉजिस्टिक्स और मार्केटिंग के अध्यक्ष कालिदास प्रमाणिक ने डीलरों और बाजार डेवलपर्स से एमपी बिड़ला सीमेंट ब्रांडों, विशेष रूप से यूनिक प्लस और परफेक्ट प्लस को बढ़ावा देने का आग्रह किया।




## झारखंड पुलिस ने स्थानीय दुकान पर छापा मारा, अवैध सीबीएसई सैंपल पेपर जब्त किए

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुस्तक चोरी में वृद्धि से निपटने के लिए एक ठोस प्रयास में, झारखंड पुलिस ने 4 नवंबर को बोकारो में एक स्थानीय दुकान बरनवाला बुक कॉर्नर पर छापा मारा और एडुकार्ट के सीबीएसई कक्षा 10 नमूना पत्रों की पायरेटेड प्रतियां बेचने के आरोप में मालिक सूरज बरनवाल को गिरफ्तार कर लिया। 2024 सत्र. बोकारो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और आईपीसी 420 और कॉपीराइट अधिनियम 63 के तहत उसे सलाखों के पीछे डाल दिया। सटीकता के साथ की गई छापेमारी में निम्न-गुणवत्ता वाली पायरेटेड पुस्तकों का भंडार उजागर हुआ, जो शैक्षिक अखंडता के समझौते पर एडुकार्ट के देशव्यापी दबाव के बीच जालसाजों को कड़ी चेतावनी का संकेत देता है। एडुकार्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि छात्रों को कुछ बेईमान दुकानदारों द्वारा एडुकार्ट की निम्न गुणवत्ता वाली डुप्लिकेट पुस्तकों से मूर्ख नहीं बनाया जाना चाहिए। इसी तरह की छापेमारी आने वाले कुछ हफ्तों में उड़ीसा, दिल्ली, बिहार, झारखंड और यूपी के प्रमुख शहरों में भी की जायेगी। छापे के दौरान, अधिकारियों ने पायरेटेड किताबों की कई प्रतियां जब्त कर लीं, जो अपने निम्न-श्रेणी के कागज, घटिया प्रिंट गुणवत्ता और स्पष्ट रूप से काले रंग की छवियों के कारण मूल पुस्तकों से तुरंत अलग पहचानी जा सकती थीं।

## बीजेपीएसए अध्यक्ष डॉ. वीएसपी सिन्हा व डॉ. विवेक गोस्वामी कार्यकारी सदस्य किए गए घोषित

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार-झारखंड प्लास्टिक सर्जरी संगठन झारखंड का वार्षिक सम्मेलन BJAPSICON-2023 नेपाल में 4 से 5 नवंबर तक आयोजित किया गया। इस आयोजन में देश के 100 से ऊपर प्लास्टिक सर्जन ने भाग लिया। झारखंड के प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर वीएसपी सिन्हा को सर्वसम्मानि से बीजेपीएसए का अध्यक्ष घोषित किया गया। डॉ. जीसी झा भूतपूर्व अध्यक्ष ने उन्हें सम्मानित किया। झारखंड के युवा प्लास्टिक एवं माइक्रोवैस्कुलर सर्जन डॉक्टर विवेक गोस्वामी को कार्यकारी सदस्य चुना गया। झारखंड के लिए यह गर्व की बात है। इस सम्मेलन में एम्स पटना के प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ वीणा सिंह ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए आभार व्यक्त किया।आयोजन के सचिव डॉ. प्रणव कुमार, संयुक्त सचिव डॉक्टर विवेक गोस्वामी डॉ राजेश कुमार एवं डॉक्टर गौरव परोदिया ने प्लास्टिक एवं माइक्रोवैस्कुलर सर्जरी को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। देश के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ राजेंद्र नेहेते, नासिक,डॉ अन्जना,डॉक्टर सुबोध सिंह , कोलकाता,डॉ रितेश पण्डा, एम्स बीबीएसआर ,डॉ. मिश्रा एससीबी कटक ने भाग लिया। बिहार एवं झारखंड के प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ. वीवी सिन्हा, डॉ. पी के वर्मा, डॉ. बीके शर्मा, डॉ.अशोक कुमार सिंह, डॉ. आर भारत डॉ एवं अन्य ने इस सम्मेलन को सफल बनाया।50 प्लास्टिक सर्जन ने भाग लिया। झारखंड के प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ आर भरत को समाज में उनके अद्वितीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




## जीएम ऑफिस अरगड्डा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर छात्रों को किया गया सम्मानित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा जीएम ऑफिस महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन विद्यार्थियों को सम्मानित कर किया गया। अवसर पर मुख्य रूप से जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने छात्रों के बीच प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया। डीएवी गिद्दी ए की छात्रा कक्षा 6 अदिति कुमारी ने वेलकम स्पीच दिया। जीएम का स्वागत सिटीजन फॉर्म स्कूल के प्रधानाचार्य उदय शंकर भट्टाचार्य ने पुष्प कुछ देकर किया। अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता प्रथम अदिति कुमारी कक्षा 6 डीएवी, हर्ष टुडू डीएवी, स्नेहा कुमारी कक्षा दसवीं युएचएस टोंगी, इसी कंपटीशन में वर्षा कुमारी 12वीं डीएवी, अनन्या सिंह 9वीं एसवीएम, कुणाल नायक कक्षा 12वीं डीएवी, क्विज में अंजलि कुमारी कक्षा आठवीं एसवीएम सिरका, परिधि सिंह कक्षा 8 एसवीएम सिरका, अंकित कुमार कक्षा 8 एसवीएम सिरका, स्लोगन में पालकी कुमारी कक्षा 10 युएचएस टोंगी, अमृता कुमारी कक्षा 10वीं युएचएस टोंगी, सिमरन कुमार कक्षा 10 युएचएस टोंगी, सिटीजन फॉर्म स्कूल के निशांत सिंह, अमन कुमार नेहल कुमार, शबा अहमद, जाहीद अहमद, अंकित यादव, आफरीन खान, सचिन शर्मा, रिशांत कुमार सुमित सोनी, रोहन कुमार, निखिल मेहता को पुरस्कृत किया गया। मौके पर एसओपी, नोडल अधिकारी, दुर्गेश सिंह, कर्मी, शिक्षकगण उपस्थित थे।




## रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में शोक सभा आयोजित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के परीक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकोत्तर कर्मी स्व. निरंजन महतो का निधन 5 नवंबर 2023 (रविवार) को हो गई। उनकी आत्मा की शान्ति के लिए महाविद्यालय एक शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में प्राचार्य डॉ रेखा प्रसाद ने कहा कि निरंजन से न सिर्फ परीक्षा विभाग के रीढ़ थे बल्कि महाविद्यालय के रीढ़ थे। उनकी असामयिक निधन से महाविद्यालय को होनेवाली क्षति की पूर्ति होना असंभव है। वह ऐसे व्यक्ति थे जिनका किसी से बैर नहीं था बड़े ही मृदुभासी, मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। किसी भी गैर शैक्षणिक कार्य को यों ही कर लेने की क्षमता रखते थे।परीक्षा नियंत्रक डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि निशब्द हूं।निरंजनजी का इस तरह जाना विश्वास ही नहीं हो रहा। परीक्षा विभाग के किसी भी परिस्थिति में बड़े ही शांति से कर गुजरने वाले निरंजनजी का जाना बड़ा ही दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें अपने चरणों में स्थान दे और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। शोक सभा में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों में प्रो. सरिता सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ. सी.टी.एन.सिंह, डा. बक्शी ओमप्रकाश, डा. के. सी. दुबे, डा. कामना राय, डा. मालिनी डीन, डॉ. बलवंती मिंज, डा. रामाज्ञा सिंह, डा. राहुल, डा. अनामिका, डॉ. प्रीति कमल, डा. नीतु मिंज, डा. शालिनी प्रकाश, डा. विजेता तिग्गा, डा. असीम, डॉ. शहनवाज खान, प्रो. साजिद, प्रो. बीरबल महत, जितेन्द्र राणा, अजिता किन्डो,आइ. एन. झा, वासुदेव महतो,आदि थे ।

### अखिल भारतीय किसान महासभा ने बरकाकाना में की राज्य स्तरीय बैठक

# राजभवन पर तीन दिवसीय धरना होगा ऐतिहासिक : बीएन सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय किसान महासभा झारखंड राज्य कमेटी की बैठक सोमवार को बंजारीनगर स्थित माधवकुंज धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से महासभा के राज्य अध्यक्ष बीएन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हीरा गोप, राज्य सचिव सह पूर्व विधायक राजकुमार यादव, प्रदेश प्रभारी जनार्दन प्रसाद मौजूद रहे। बैठक से पूर्व महासभा के पदाधिकारियों ने न्यूज क्लिक मीडिया पर हुए एफआईआर का विरोध जताते हुए एफआईआर की कॉपी जलाया। इस दौरान केंद्र सरकार पर तानाशाही के तहत मीडिया को दबाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया।वहीं बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बीएन सिंह ने कहा कि 26 से 28 नवंबर तक देश के सभी राजभवनों के समक्ष तीन दिवसीय धरना दिया जाएगा। झारखंड के राजभवन पर राज्य भर के किसान केंद्र सरकार की मनमानी के खिलाफ विरोध जताएंगे। कॉरपोरेट घरानों द्वारा किसानों की जबरन जमीन लूट और विस्थापन की समस्या को लेकर भी किसानों की आवाज बुलंद की जाएगी।इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि झारखंड में भी किसानों की स्थिती सही नहीं है। कई जिलों में खेती अपेक्षानुरूप नहीं हुई है। आकाल की स्थिती बन रही है। झारखंड की राज्य सरकार भी किसानों के प्रति संवेदनशील नहीं है। उद्योगपतियों द्वारा किसानों से उनके खेत-खलिहान छीनने का प्रयास हो रहा है। विस्थापन की समस्या विकराल रूप ले रही है। राज्य के किसान जगह-जगह आंदोलन कर रहे हैं।




# नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सेल/एसआरयू इफीको के द्वारा सी0एस0आर0 योजना के अंतर्गत रामगढ़ जिला के मरार ग्राम, मुंडा टोली के समीप मरार ग्लोबल स्कूल में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवम दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफिको के महाप्रबंधक प्रभारी बी0बी0 कांता ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । अन्य अतिथि में आर0के0साहा, महाप्रबंधक (वित्त एवम लेखा), पी0के0 गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), आर0के0 प्रधान, उप महाप्रबंधक (उत्पादन), बी0के0 टोप्पो, उप महाप्रबंधक (सा0प्र0), बी 0एस0 प्रसाद, उप महाप्रबंधक ( सामग्री प्रबंधन) उपस्थित हुए। आयोजक के रूप में सुनील कुमार, सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक एवम प्रशासन) उपस्थित थे। ग्राम वासियों के स्वास्थ चिकित्सा का जांच कंपनी के चिकित्सक दीपांकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एवं अभिषेक कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किया गया। सहायक कर्मी में आशीष कुमार, प्रसेनजीत कुमार सिंह, चेतलाल कुशवाहा, ममता केरकेट्टा, किरण सोरेन, अंजली कुमारी , गौतम कुमार साहू ,बिपिन कुमार उपस्थित थे। यूनियन के तरफ से खोगेंद्र साहू, के 0डी0 मिश्रा, संतोष सिंह, आनंद सिंह, नंद किशोर बेदिया, पवन साहू, ब्रजकिशोर प्रसाद एवम अन्य कर्मी उपस्थित हुए ।




## गोला चित्रांश परिवार की हुई आवश्यक बैठक आगामी चित्रगुप्त पूजा की तैयारी की हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखंड अन्तर्गत बक्शी टोला स्थित बाबू दूर्गा मंदिर (बक्शी टोला) के प्रांगण में चित्रांश महापरिवार गोला की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ज्योति प्रसाद बक्शी ने की। बैठक में आगामी 15 नवंबर को होनेवाली चित्रगुप्त पूजा की तैयारी के संबंध में चित्रांश बन्धुओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चित्रगुप्त पूजा को परम्परागत तरीक़े से धूमधाम के साथ मनाया जायगा। चित्रगुप्त पूजा के दिन पूर्वान्ह में पूजा अर्चना के बाद रात्रि में प्रीतिभोज का आयोजन किया जाता है। इस प्रीतिभोज चित्रांश महापरिवार के सभी सदस्य सपरिवार श्रद्धा के साथ शामिल होकर अपनी एकता का परिचय देते हैं। बैठक में चित्रांश महापरिवार के सचिव ज्योति कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष संजय बक्शी, आधार कुमार, कुँवर कुमार बक्शी, रवि अम्बस्ट, सुमन कुमार सिन्हा, शैलेश चन्द्र लाला, सुजीत सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, रजनीश आनंद, महेन्द्र बक्शी, मनोज कुमार सिन्हा, जीवन बक्शी, अभिषेक सिन्हा, मुकेश सिन्हा सहित महापरिवार के कई अन्य लोग मौजूद थे।

## क्रशर प्लांट में अनियमितता देख बीडीओ ने जताई नाराजगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर :** बीडीओ सह सीओ श्रीमान मरांडी ने अंचल क्षेत्र अंतर्गत संचालित क्रशरों की भौतिक जांच की। जिसमें एसआई विनोद कुमार सिंह, सीआई बिकास बास्की, अंचल कर्मचारी शंभुशरण दत्ता शामिल थे। इस क्रम में बीडीओ ने सिमलढाब स्थित नूर मोहम्मद स्टोन नामक क्रशर की जांच की। जहां प्रशासनिक निर्देश के बावजूद चाहरदीवारी की व्यवस्था नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-23-24-25, दिनांक 03.11.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** रामगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन के पास विकास नगर में 3.05 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान के कारण ओएचई का रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 5,56,063.63। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 11,100/-। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.11.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिएं। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। **(PR-775)**

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 21/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.11.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 17.11.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.11.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Block Public Health Unit (BPHU) at Mahuadanr Block under Latehar District. | 4965695 /- | 100 000/ - | 50 00/ - | 06 (six ) Months |
| 2 | Construction of Block Public Health Unit (BPHU) at Garu Block under Latehar District. | 4965695/ - | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 310718 Building(23-24)#D

## ऑटो व बाईक में टक्कर से दो लोगों मौत

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरियागढ थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर- डोड़मा मुख्य सड़क के समुन्दर गांव के पास ऑटो व बाइक टक्कर से घटना स्थल पर दो लोगों कि मौत हो गयी.प्राप्त जानकारी के अनुसार लापूंग खटंगा निवासी रूपन खलखो रविवार को साप्ताहिक बाजार जलंगा से बाइक में लौट रहे वही तोरपा कि ओर से आ रही ऑटो में जोरदार टक्कर हो गयी जिससे ऑटो सवार तोरपा निवासी अजय तिर्की व बाईक सवार लापूंग खटंगा निवासी रूपन खलखो कि घटना स्थल पर मौत हो गयी. वही ग्रामीणों द्वारा घटना कि सूचना जरियागढ़ पुलिस को दिया गया. तभी जरियागढ़ पुलिस घटना स्थल पहुंचकर दोनों शव को जप्त करके जरियागढ़ थाना लाया गया. जिसे सोमवार को दोनों शव का सदर अस्पताल खूंटी में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर,सिमडेगा

National Career Service

**रोजगार मेला दिनांक–08.11.2023 संबंधी सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, समडेगा द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में दिनांक–08.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो निम्नवत हैः–

| Sl. NA. | Name of Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required | Experience (If any) | Age (Min. - Max.) | Pay/Salary | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sadac India PvtLtd, Noida | Office Staff | 3 | 10TH | NA | 18-35 | 8000-10000 | – |
| | | Accountant | 2 | B.COM | NA | 18-35 | 9000-11000 | – |
| | | Computer Opperator | 5 | 12+CCC | NA | 18-35 | 8000-9000 | – |
| | | Servey Exe | 88 | 10TH | NA | 18-35 | 16500 | – |
| | | Sales Exe | 70 | GRADUATE AND DIPLOMA | NA | 18-35 | 15000-17000 | – |
| | | H.R Exe | 5 | GRADUATE AND DIPLOMA | NA | 18-45 | 19000-31500 | – |
| | | H.R Manager | 1 | MBA,M.COM,M.A, M.SC | NA | 18-45 | 25000-35000 | – |
| | | Cctv/Ro Technician | 12 | 10TH,ITI | NA | 18-45 | 10000-16500 | – |
| | | Telecaller | 15 | 10TH | NA | 18-45 | 10000-16000 | – |
| | | Supervisor | 5 | BA | NA | 18-45 | 25000-30000 | – |
| 2 | Nipun Skill/NipunMultiservices (Bajaj) | Apprenticeship Trainee | 200 | ITI, Digree | Fresher/Experience | 18-26 | 13000 To 18000 | Ch. Sambhajinagar (Aurangabad) |
| | | Apprenticeship Trainee | 100 | Diploma | Fresher | 18-23 | 16000/ | Ch. Sambhajinagar (Aurangabad) |
| | | Apprenticeship Trainee | 100 | ITI (Mechanical) | Fresher/Experience | 18-28 | 12000/- | Ch. Sambhajinagar (Aurangabad) |
| 3 | T K CONSTRUCTION & SERVICES PVT. LTD. Jamshedpur | Hr Executive | 6 | M.B.A/ B.Tech | 6 month experience | 20-45 | 12000-15000 | Simdega |
| | | Helper | 30 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Jhhasugora/Angul/Tilda |
| | | Fitter/Welder/Electrician | 10 | I.T.I | 2 year exp., JNTVTI Trained | 20-42 | 12000-16000 | West/East Singhbhum |
| | | Civil Supervisor | 5 | DIPLOMA/B.TECH | 2 year exp. JNTVTI trained | 25-40 | 12000-15000 | PAN Jharhkhand |
| | | Site Supervisor | 5 | DIPLOMA/B.TECH-Machancial | 2 year exp. JNTVTI trained | 26-45 | 12000-15000 | Jamshedpur /Jajpur |
| | | Mason/Carpentar | 20 | NAN MATRIC | 1 year experience | 20-45 | 15000-18000 | Vishakhapatnam |
| | | Telecaller | 10 | GRADUATE | 1 year experience | 20-30 | 8000-10000 | Simdega |
| | | Placement Coordinator | 2 | MBA/B.Tech | 6 month experience | 20-28 | 12000-15000 | Jamshedpur |
| | | Field Supervisor | 10 | GRADUATE | 1 year experience | 25-45 | 14000 | Simdega |
| | | Business Development Officer | 10 | MBA-Marketing/graduate | Fresher | 18-40 | 15000-18000 | Simdega |
| | | Trainee Operator | 15 | I.T.I | Any Trade | 18-23 | 11000 | Jamshedpur/ Durgapur |
| | | Bar Bendar | 10 | NAN MATRIC | 6 month experience | 19-28 | 20000 | Vishakhapatnam |
| | | SaniteringMistri | 15 | NAN MATRIC | 6 month experience | 19-28 | 20000 | Vishakhapatnam |
| | | Computer Operator | 10 | Graduate | Typing speed 20-30 | 20-40 | 8000-12000 | Home Based Job |
| | | Data Entry Operator | 10 | Inter | Typing speed 20-30 | 20-40 | 6000-10000 | Home Based Job |
| | | Receptionist/Telecaller/Counsellor | 3 | Graduate | 1 year experience | 20-30 | 10000 | Jamshedpur/ Asansol |
| | | Office Assistant | 2 | Graduate | 1 year experience | 20-30 | 9000 | Jamshedpur/ Asansol |
| | | Marketing Executive | 10 | Matric/inter | Fresher | 18-40 | 10000-13000 | Simdega |
| | | Rigger | 10 | NAN MATRIC | 6 month experience | 20-55 | 20000 | Vishakhapatnam |
| | | Saria Fitter | 20 | ITI fitter | 6 month experience | 20-55 | 20000 | Vishakhapatnam |
| | | Telecaller | 10 | Graduate | Fresher | 18-40 | 8000 | Home Based Job |
| | | Mobilizer Executive | 20 | Matric/inter | Fresher | 18-45 | 10000 | Simdega |
| | | Delivery Boy | 50 | Matric | Fresher | 18-45 | 12000 | Simdega |
| | | Trainee | 25 | I.sc/B.sc/ITI | Fresher | 18-23 | 11000 | Jamshedpur |
| | | P.A (Smart Look) | 2 | Inter/Graduate | 6 month experience | 20-25 | 15000 | Asansol/Dhanbad |
| | | Field Executive | 25 | Inter | Fresher | 18-40 | 12000 | Simdega |
| | | Lab Technician (Plant) | 25 | I.sc/B.sc/ITI | Fresher | 18-40 | 15000 | Maharastra/ Hariyana |
| 4 | St. Xavior College, Simdega | Assistant Professor (Commerce) | 1 | Ph.D. | 1 year | 35-40 | 25000 | Simdega |
| | | Assistant Professor (History) | 1 | Ph.D. | 1 year | 35-40 | 25000 | Simdega |
| | | Assistant Professor (Commerce) | 1 | Ph.D. | 10 years | 40-50 | 30000 | Simdega |
| | | Assistant Professor (Econamics) | 1 | Ph.D. | 10 years | 40-50 | 30000 | Simdega |
| | | Assistant Professor (English) | 1 | Ph.D. | 10 years | 40-50 | 30000 | Simdega |
| | | Assistant Professor (Geography) | 1 | Ph.D. | 10 years | 40-50 | 30000 | Simdega |
| | | Assistant Professor (Hindi) | 1 | Ph.D. | 10 years | 40-50 | 30000 | Simdega |
| | | Assistant Professor (History) | 1 | Ph.D. | 10 years | 40-50 | 30000 | Simdega |
| | | Assistant Professor (Political Sc.) | 1 | Ph.D. | 10 years | 40-50 | 30000 | Simdega |
| 5 | Inodayapreptors Pvt. Ltd. Bangalore | Mc Operator | 300 | Matric | NA | 18-30 | 14000-24000 | Karnataka |
| | | Apprenticeship Trainee (M) | 350 | ITI/ Diploma | NA | 18-30 | 14000-22000 | Karnataka |
| | | Apprenticeship Trainee (F) | 50 | ITI/Fitter | NA | 18-30 | 15000 | Karnataka |
| | | Q1 | 350 | C | NA | 18-30 | 14000-24000 | Karnataka |
| 6 | Raj Security and Training Centre Ranchi | Security Gaurd | 150 | 8th pass | NA | 18-40 | 10000-12000 | Ranchi |
| | | Ac Coach Attendant | 50 | Matric | NA | 18-40 | 10000 | Ranchi/Ahmdabad |
| | | Surveyor | 25 | Matric | NA | 18-40 | 10000 | Home Town |
| | | Sales Co.Ordinator | 20 | BA | NA | 18-40 | 12000 | Home Town |
| | | Technical Trainee | 100 | I.sc/ITI | NA | 18-40 | 12500 | Tata |
| | | Supervisor | 5 | BA | 6 Months Years | 18-40 | 10000-15000 | Ranchi/Hazaribag |
| | | Telecaller | 20 | Inter | NA | 18-40 | 8000-12000 | Home Town |
| | | Delivery Boy | 10 | Matric | NA | 18-40 | 10000 | Ranchi |
| 7 | Wistron Manufacturing Plant of I Phone | Operator (F) | 70 | Inter/ITI& Diploma | 1 year | 18-24 | 19719 | Karnataka |
| 8 | Arctic Industries Pvt. Ltd. Jamshedpur | Accountant | 10 | B.COM | 1 year | 18-35 | 12000-15000 | Jamshedpur |
| | | Computer Operator | 5 | 12th + CCC | NA | 18-35 | 10000-13000 | Jamshedpur |
| | | Telecaller | 20 | Matric | NA | 18-35 | 10000-12000 | Jamshedpur |
| | | Servey Exe | 110 | Matric | NA | 18-35 | 16500+ TA3000 | Jamshedpur |
| | | Sales Exe | 160 | Matric | NA | 18-35 | 16500+TA3000 | Jamshedpur |
| | | Hr Executive | 5 | Graduation | 1 year | 21-40 | 22000-29600 | Jamshedpur |
| | | Supervisor | 20 | Graduation | 1 year | 21-40 | 20000-25600 | Jamshedpur |
| | | B.D.M. | 2 | Post Graduation | 2 years | 21-45 | 25000-32300 | Jamshedpur |
| | | Ro Technician | 15 | Matric + ITI | NA | 18-35 | 11000-13000 | Jamshedpur |
| | | Cctv/Ro Technician | 15 | Matric + ITI | NA | 18-35 | 11000-13000 | Jamshedpur |
| 9 | Mileniuam Skill By G4S | Security Gaurd | 500 | Matric | NA | 18-40 | 14000-21000 | Hydrabad/Delhi/Gujrat/Tamilnadu |
| 10 | GraminSiksha AvamPrasikshan Foundation Jamtara | Machine Operator | 15 | Fitter | NA | 18-34 | 14000-20000 | Gujrat |
| | | Assembly | 40 | Fitter | NA | 18-34 | 14000-20000 | Gujrat |
| | | Quality Inspector | 20 | Diploma in Mechanical | NA | 18-34 | 18000 | Gujrat |
| 11 | Ranchi Security Pvt. Ltd. Ranchi | Mis Executive | 5 | Graduation & above | 1 year | 18+ | 180000 Annual | Gumla/Ranchi |
| | | Mobilizer Executive | 20 | Inter & above | 1 year | 18+ | 15000 | Gumla/Ranchi |
| | | Centre Manager | 5 | Graduation & above | 2 years | 18+ | 240000 Annual | Gumla/Ranchi |
| | | Driver | 4 | Matric | 2 years | 18+ | 10000-15000 | Gumla/Ranchi |
| | | Cook | 4 | & | 1 years | 18+ | 7000-9000 | Gumla/Ranchi |
| | | Security Gaurd | 50 | Matric | 1 years | 18+ | 9000-12000 | Gumla/Ranchi |
| 12 | LIC Simdega | Advisor | 20 | Matric | NA | 18+ | on Commission | Simdega |
| 13 | SBI Life insurance Simdega | Advisor | 20 | Inter | NA | 18+ | on Commission | Simdega |
| 14 | MormittiHelenpurSimdega | Steward | 3 | Matric | NA | 18+ | 8000-12000 | Simdega |
| 15 | SLV Security Services Sambalpur | Security Gaurd | 100 | Matric +Height 170 Cm | NA | 18+ | Minimum Wages | Odisha |
| | | Security Supervisor | 50 | 12th/Graduation+ Height 170 Cm | 2-5 years Exp in Computer Knowledge . | 18+ | Minimum Wages | Odisha |
| | | Assistant Security Officer | 10 | & | Ex Service man with Exp. In Security Industries with Computer knowledge | 18+ | Minimum Wages | Odisha |
| 16 | Basudev Tata Motors Simdega | Sales man | 3 | Inter | NA | 18+ | 8000-12000 | Simdega |

नोटः–मेला में भाग लेने के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट- https://rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं उसकी छायाप्रति तथा बायोडाटा दो कॉपी दो पासपोर्ट साईज फॉटो के साथ एवं आधार कार्ड, स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होंगे। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उतरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य किया जा रहा हैं। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(इच्छुक स्थानीय नियोजक मेला में रिक्ति के साथ भाग लेने हेतु जिला नियोजनालय, सिमडेगा में दिनांक–07.11.2023 को समय 5:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है)

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 310766 Simdega(23-24)#D

### सैफ द्वारा मिशन हैप्पी धनबाद एवं स्वच्छ सुंदर धनबाद का निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले लोग हुए सम्मानित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सोशल एक्टिविस्ट ऐंड इंटेलेक्चुअल फोरम (सैफ), द्वारा आयोजित ÷मिशन हैप्पी धनबाद÷ (एक अभियान, हर घर मे हो खुशहाली, हर चेहरे पर हो मुस्कान) एवं ÷पहल प्लान ~ स्वच्छ सुंदर धनबाद का निर्माण÷ के तहत स्वागत सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन वासेपुर स्थित आरबीएम पैलेस मे किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, आफताब आलम (क्षाप्रसे), काजल कुमारी (बिप्रसे), बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे, भूली थाना प्रभारी महेश चंद्र सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एजाज अली एवं संचालन इम्तेयाज़ आरफीन ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ मे आयोजकों के द्वारा सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ा कर एवं मोमेंटो देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। वहीं अतिथिगण द्वारा समारोह में वासेपुर की कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, संगीत, व्यापार, नौकरी, डॉक्टर, वकील आदि क्षेत्र के प्रतिभा संपन्न महिला-पुरुषों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं समाजसेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवी शमीम अख्तर, परवेज अख्तर उर्फ पारो खान, मोहम्मद सद्दाम हुसैन आदि को भी सम्मान प्राप्त हुआ। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा की यदि यहां की अवाम पुलिस का साथ दे तो वासेपुर को गैंग्स ऑफ वासेपुर से नहीं बल्कि लीजेंड ऑफ वासेपुर के नाम से जाना जाएगा। कहा की अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें तो समाज से बुराईयां स्वतः समाप्त होने लगेगी। वहीं ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि युवा वर्ग जीवन में आगे बढ़ने के लिए गलत संगत से दूर रहे और मेहनती एवं संघर्षशील बने तथा अपने कार्य से वासेपुर का नाम गौरवान्वित करे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सैफ के संयोजक मो. एजाज अली, राशिद महाजन, परवेज अख्तर, युनुस अंसारी, शमीम अख्तर, सरफराज अंसारी, वसीम खान, मो. रजा, मनीष आदि ने सराहनिय भूमिका निभाई।

# मरीजों ने डायलिसिस की मांग को लेकर सदर अस्पताल के बाहर किया सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह सदर अस्पताल के बाहर डायलिसिस के मरीजों ने डायलिसिस की मांग को लेकर सदर अस्पताल के बाहर बैठ कर सड़क जाम कर दिया । साथ ही अस्पताल के गेट पर ताला मारकर बंद कर दिया। मरीजों का कहना है की वे डायलिसिस के लिए प्रातः छह बजे से ही अस्पताल आये हुए है लेकिन डायलिसिस सेण्टर के बंद होने की वजह से वे डायलिसिस नहीं करवा पा रहे हैं। इस मामले में जब उन्होंने वहां के वर्कर से बात की तो उन्होंने बताया की आज हड़ताल की वजह से डायलिसिस सेण्टर बंद है। इस बात से आक्रोशित मरीजों ने सड़क पर बैठ कर सड़क जाम कर दिया और अस्पताल के गेट पर ताला मार दिया। बता दे की मामले की जानकारी मिलते ही एस डी एम विशालदीप खलखो भी सदर अस्पताल पहुँच गए है और मामले को शांत कराया ।

## गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति की बैठक आज गोमिया में : ब्रजेंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति की बैठक दिनांक 7 नवंबर 2023 को गोमिया विधानसभा के गोमिया स्थित मेन रोड आई ई एल बजाज एलियांज बेसमेंट में गोमिया जिला बोकारो में होना निश्चित हुआ है। समन्वय समिति की बैठक दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगा। इस बैठक में गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति के सभी सदस्यगण, गोमिया विधानसभा के प्रभारी, बोकारो कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं गोमिया प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं पंचायत अध्यक्षों तथा मंडल अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। विशेष रूप से इस बैठक मे गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति के प्रभारी शहजादा अनवर उपस्थित रहेंगे। उक्त सारी बातें गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।

## सांसद पी एन सिंह ने किया इ1 इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को मयूर विहार कॉलोनी, न्यू एयरपोर्ट गेट, बरवा अड्डा रोड मेमको मोड़ में ई1 एस्ट्रो, इ स्प्रिंटो के डीलर इको एलिगेंस सेल्स के नए इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद सांसद पी. एन. सिंह ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के अवसर पर सांसद पी. एन. सिंह ने बताया कि वर्तमान में इलेक्ट्रिक स्कूटी पेट्रोल स्कूटी की तुलना में खर्च और मेंटेनेंस के लिहाज से काफी किफायती साबित हुआ है। मैं इस इस प्रतिष्ठान के ओनर रोहन कुमार गुप्ता और अभिषेक गुप्ता को धनबाद वासियों को धनबाद में ही लेटेस्ट मॉडल्स, उपलब्ध कराने, उचित मूल्य और सबसे मुख्य कार्य ग्राहकों को स्कूटी की बहुत अच्छी सर्विसिंग सेवा देने के लिए महत्वपूर्ण मशविरा देता हूं। साथ ही शोरूम को सफलता एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। प्रतिष्ठा के ओनर ने बताया कि वर्तमान में और भविष्य के मद्देनजर दो पहिया वाहन के शौकीनो का पसंदीदा विभिन्न मॉडल्स मे इ एस्प्रिटो, एस इ एस, इ 1 एस्ट्रो इलेक्ट्रिक स्कूटर है जो हाई और लो स्पीड में, आकर्षक कलर और नवीनतम तकनीक से लैस है। जो देखते और ट्रायल करते ही प्रथम दृष्टि में बहुत ही पसंद आयेंगे। सभी स्कूटी की सर्विसिंग पर हमने खास ध्यान दिया है।

## धर्मपाल महतो ने निजी खर्च से बनवाया चापाकल लोगों को पानी को लेकर हो रही थी समस्या

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया नगर पंचायत क्षेत्र कोवड़िया टोला में पानी सप्लाई नही होने से लोग काफी परेशान थे सरकारी चापाकल भी खराब पड़े हैं इस क्षेत्र में 3 वर्षों पूर्व से पानी सप्लाई बंद होने के कारण क्षेत्र की जनता को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है लोगों के आवेदन देने के बावजूद भी सरिया नगर पंचायत के द्वारा चापाकल या पानी का कोई विकल्प नहीं निकला ग्रामीणों ने जे बी के एस एस नेता वा समाज समाजसेवी धर्मपाल महतो को इस बात से अवगत कराया, जिसके बाद तत्काल अपने निजी खर्चे से ख़राब चापाकल को बनवाया, इस दौरान इन्होने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र पानी की समस्या है और विभाग शीत निद्रा में सोए हुए हैं और जनता पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रही है हमने पूर्व में आवेदन भी दिया ।

## संकल्प महिला समिति ने कुष्ठ रोगियों के बीच किया राशन वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** दीपावली के मौके पर अंगारपथरा स्थित कुष्ठ रोगी मोहल्ला में सोमवार को 30 कुष्ठ रोगियों के बीच दीक्षा महिला मंडल के निर्देश पर संकल्प महिला समिति के सदस्यों द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत सुखा राशन चावल, दाल, आलू, तेल, मसाले, मिठाई, मोमबत्ती आदि वितरण किया गया।

# डुमरी : गोली कांड का हुआ खुलासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डुमरी :** डुमरी पुलिस ने थाना कांड संख्या 102/2023 का उद्भेदन करते हुए कांड में शामिल अभियुक्त थाना क्षेत्र के भण्डारो निवासी रामानन्द विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही दो देशी कट्टा जिसमें एक टूटा हुआ,को भी बरामद किया है। इस संबंध में सोमवार को डुमरी थाना में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि 29 सितंबर 23 को भंडारो निवासी संदीप विश्वकर्मा के द्वारा आवेदन दिया गया था जिसमें मारपीट करने एवं गोली चलाने का आरोप लगाया गया था जिस पर थाना कांड संख्या 102 दिनांक 30 सितंबर को धारा 341/323/307/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।बताया की मामले के अनुसंधान के दौरान उक्त कांड के प्राथमिकी अभियुक्त रामानन्द विश्वकर्मा (पिता युगल विश्वकर्मा) को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया जिसने पूछताछ में बताया कि उसने आपसी विवाद में अपने गोतिया एवं अन्य लोगों पर भय दिखाने तथा अपना वर्चस्व कायम करने के उद्देश्य से देशी कट्टा से गोली चलाने का काम किया था।वहीं बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त ने देशी कट्टा को अपने घर के बारी में स्थित कुआं में डाल दिया था जिसे बरामद कर लिया गया है। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार थाना प्रभारी पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो मिले बीसीसीएल सीएमडी से

# असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर की विस्तृत वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार को जदयू पार्टी के राज्यसभा सांसद सह जदयू पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह कोयला खान मंत्रालय के स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य खीरू महतो असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर बीसीसीएल धनबाद के मुख्य प्रबंध निदेशक सह अध्यक्ष समीरन दत्ता से मिले। समीरन दत्ता ने खीरू महतो को असंगठित मजदूरों की समस्या को प्राथमिकता के तौर पर हल करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। श्री खीरू महतो के साथ प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह, प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिंह, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बिंदु देवी, महिला प्रकोष्ठ के धनबाद जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय तथा दलित प्रकोष्ठ के नेता अशोक दास शामिल थे।

## बाल विवाह, महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** सोमवार को बनवासी विकास आश्रम गिरिडीह एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन ऑफ अमेरिका के द्वारा न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी का कार्यालय गिरिडीह के पत्रांक 349 दिनांक 31/10/2023 के आलोक में दिनांक 31/10/ 2023 से 14 11/ 2023 तक बाल विवाह और महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने हेतु प्रखंड/ संसाधन केंद्र बेंगाबाद में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सविता कुमारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कृष्ण देव सिंह की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल विवाह को दूर भगाने एवं इसके रोकथाम पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया वहीं बालिकाओं के शोषण पर भी शिक्षकों ने अपनी अपनी बातों को रखा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कृष्ण देव सिंह शिक्षक मिथिलेश सिंह आदि ने बाल विवाह को समाप्त करने हेतु अपनी अपनी विचारों को रखा कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक सीआरपी गोपाल रविदास मोहम्मद सलीम अंसारी बीआरपी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद कुमार एवं प्रियंका कुमारी की सराहनीय भूमिका रही।

## हावड़ा से दिल्ली के लिए एक वन वे स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर झाझा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते हावड़ा से दिल्ली के लिए एक वन-वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन हावड़ा से दिनांक 07.11.2023 को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 03007 हावड़ा-दिल्ली वन-वे स्पेशल दिनांक 07.11.2023 को हावड़ा से 08.35 बजे खुलकर बर्द्धमान, आसनसोल, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह स्टेषनों पर रुकते हुए 14.25 बजे झाझा, 15.18 बजे किउल, 17.55 बजे पटना पहुंचेगी । पटना से यह स्पेषल 18.05 बजे खुलकर 19.00 बजे आरा, 19.50 बजे बक्सर, 22.55 बजे पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. तथा अगले दिन 01.05 बजे प्रयागराज, 03.35 बजे गोविंदपुरी रुकते हुए 12.00 बजे दिल्ली पहुंचेगी । इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 10 कोच एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे ।

## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम का 17वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोहारबरवा टुंडी रोड कदैया ग्राम स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम का 17वां स्थापना दिवस बहुत ही शानदार एवं बुजुर्गों के प्रति हार्दिक रूप से समर्पित नमन एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम के महिला एवं पुरुष बुजुर्गों का ध्यान रखने वाले मददगार बेटे बेटिया अपने पूरे परिवार के साथ आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा सम्मान कर उनका आत्मिक हार्दिक आशीर्वाद लिया।

मंच पर 17वां स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटकर बुजुर्गों की सेवा का शपथ लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टूंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद, आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया।

आश्रम में बने मंच पर सभी अतिथियों और आए हुए पत्रकारों को पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर उनके द्वारा आश्रम में सालों भर किए गए कार्यों, योगदान के लिए आश्रम प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

मौके पर टुंडी विधायक मथुरा महतो, आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, टीएमसी नेता मुख्तार अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, पंकज सिंह, झारखंड किन्नर समाज की अध्यक्ष छम छम देवी, श्वेता किन्नर, मुन्ना सिंह, हरेंद्र सिंह, दिलशाद खान, कुसुंडा डीएवी के पूर्व प्रिंसिपल एस एस हाजरा, समाजसेवी ओमकार मिश्रा, सचिव डॉक्टर डी शरण, कार्यकारी अध्यक्ष बी सुधीर, आश्रम के सह सचिव सुरेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी विजय सिन्हा, रोटी बैंक के अध्यक्ष रवि शेखर, अमरजीत पासवान, गणेश शर्मा पूर्व सैनिक आरके सिंह एवं शंभू सिंह, केयरटेकर सुबल सिंह एवं शांति देवी, मनोज महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ चला हस्ताक्षर अभियान



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में 4 नम्बर टैक्सी स्टैण्ड में झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने धनबाद उपायुक्त को दिये जा रहे आवेदन पर हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया। संस्था द्वारा धनबाद उपायुक्त को लिखे त्राहिमाम आवेदन में झरिया के आवाम को वायु प्रदूषण से निजात दिलाने की अपील किया गया है। इसके समर्थन में आज चार सौ लोगों ने हस्ताक्षर किये।


# बिहार श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष आर के प्रसाद की मनी दूसरी पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बिहार श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष एवं धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय आर के प्रसाद की दूसरी पुण्यतिथि लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम आर के प्रसाद के पुत्र विजय सिन्हा, विनय सिन्हा, पुत्री रेखा सिन्हा, पुत्र वधू संगीता सिन्हा, सौरभ सिन्हा, श्वेता सिन्हा, सक्षम सिन्हा, समर्थ सिन्हा, विश्वजीत सिन्हा, सुरेंद्र यादव, दीपक प्रमाणिक, सौरभ पांडे, आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर बर्णवाल, डॉ देवेंद्र शरण सहित आश्रम में निवास करने वाले वृद्ध जनों ने स्वर्गीय आर के प्रसाद की तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। ज्ञात हो की आर के प्रसाद मजदूर नेता थे जिन्होंने मजदूरों के हक की लड़ाई के लिए बहुत से ऐसे कार्य किए हैं जिन्हें मजदूर जगत कभी भी भूल नहीं पाएगा। वही सभी लोगों ने आर के प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं स्व आर के प्रसाद के परिवार वालों ने आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों को अपने हाथों से परोस कर भोजन कराया।

## विधायक ने ग्रामीण छात्रा के चिकित्सक बनने पर किया सम्मानित



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की पासिंग आउट छात्रा काजल कुमारी ने मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर चिकित्सक बनने पर उसके स्वजन सहित मुहल्ले के लोगों में हर्ष है। उत्साहित ग्रामीणों के द्वारा जीतपुर नुनूकीडीह में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में टुंडी के झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने चिकित्सक बनी काजल कुमारी एवं उनके दादा किश्टो महतो को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। समारोह में झामुमो के वरिष्ट नेता कालीचरण महतो, बसंत महतो, रतन महतो, देवन महतो, तरुण महतो, दिलीप महतो, मुकेश सिंह, पप्पू सिंह आदि मौजूद थे।

## जरासंध महोत्सव की सफलता को लेकर बैठक



**सरिया प्रखंड कमिटी गठन किया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** चंद्रवंशी समाज के लोगों ने सरिया जैन धर्मशाला में बैठक कर जरासंध महोत्सव को सफल बनाने का निर्णय लिया। अध्यक्षता सजंय राज चन्द्रवंशी ने की। प्रखंड स्तरीय बैठक में समाज के लोगों ने बताया कि 26 नवंबर को ऑल इंडिया चन्द्रवंशी युवा एसोसिएशन के तत्वावधान में गिरिडीह में जरासंध महोत्सव और जरासंध शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर सरिया प्रखंड के बड़की सरिया, छोटकी सरिया, परसिया, बगड़ो, चरकी पहरी, अछुआटांड़, बागोडीह, फकीरापहरी, बलियारी आदि गांव से सैकडों लोग की उपस्थित में प्रखंड कमिटी के विस्तार संगठन मजबूती एंव 26 नवम्बर 2023 को जिला में जरासंध महोत्सव भव्य रूप से मनाने के लिए सरिया प्रखंड कमिटी के गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सरिया प्रखंड अध्यक्ष संजय राज चन्द्रवंशी, सचिव गणपति कु राम, उपाध्यक्ष संतोष रवानी, उपसचिव राजेश राम, पवन राम, कोषाध्यक्ष दिनेश रवानी, उपकोषाध्यक्ष विजय रवानी, बिनोद रवानी, सन्नी चन्द्रवंशी, संरक्षक नंदलाल रवानी, उपसंरक्षक अरुण कुमार, राजेंद्र रवानी, सक्रिय सदस्य रंजीत राम, मिथलेश राम, पप्पू राम, महेश चन्द्रवंशी, रामदेव राम, विक्रम राम, मिथलेश कुमार, लोकेश कुमार, संतोष रवानी को बनाया गया है।

## डॉ.रामेश्वर उरांव ने बलदेव साहू महाविद्यालय में नवनिर्मित पुस्तकालय भवन का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जी के कर कमलों द्वारा विधायक निधि से निर्मित बी0 एस0 कॉलेज लोहरदगा में पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पुस्तकालय भवन का निर्माण से जिले के युवाओं को लाभ मिलेगा और वे कॉलेज के पढ़ाई के साथ साथ झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा और सभी तरह की तैयारियां पुस्तकालय भवन में मुफ्त कर सकेंगे। आने वाले कुछ समय में करीब 15 लाख रुपए की लागत की पुस्तक इस पुस्तकालय भवन में रखी जायेगी जिसमे विद्यालय के पुस्तकों के साथ साथ जेपीएससी,





यूपीएससी, आईआईटी, इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित कई प्रतियोगिता परीक्षा का पुस्तक परीक्षार्थीयो को मुफ्त में मिलेगा जिससे गरीब तबके के युवा भी देश में होने वाले प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होकर तैयारी कर सकेंगे राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह एक ऐसा स्थान है जहां पर जानकारी एवं ज्ञान हासिल करने के लिए हर प्रकार की किताबें उपलब्ध होंगी जिससे विद्यार्थियों को अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित हो सके,आर्थिक रूप से जो कमजोर होते हैं उनके पास किताबें खरीदने के लिए पैसे नहीं होते है वे हर प्रकार की किताबों को पढ़कर इसका लाभ उठा सकते हैं मौके पर बी एस कॉलेज प्राचार्य डॉ शिव प्रसाद गुप्ता, प्रोफेसर शशि गुप्ता, रोहित उरांव विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, प्रोफेसर लोहरा उरांव, जिप सदस्य रूबी कुमारी, दोमना उरांव, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, ठाकुर प्रसाद, अनिस अहमद, सीमा परवीन, मुजम्मिल अंसारी, रविंदर सिंह, युनूस अंसारी, तनवीर गौहर, मुज्जम्मील अंसारी, विनय उरांव, रौनक इकबाल, हसीन अख्तर मुन्ना, ऐनुल अंसारी, कमरूल इस्लाम, पंकज तिवारी, सरिता देवी, बबिता देवी सरस्वती कच्छप, हरी उरांव, सैफ अली, रंजीत लकड़ा, फारूक हुसैन, तौसीफ आलम, इमरोज अंसारी, हरिदास उरांव, सुशील उरांव, इंतेखाब आलम, सनाउल्लाह, राजा अंसारी, एलिमिकाल टोप्पो, अतिस मुंजनी, जुबैर अंसारी, इशा रानी मिंज, सत्यदेव लोहरा, रंजीता एक्का, रोशनी कुमारी, सोनिया उरांव, अमीर अंसारी, विनोद उरांव,रघु उरांव, आदि उपस्थित थे।

## कुछ दिनों में छठ महापर्व घाटों में फैली है गंदगी

### खुले में शौच बना गंदगी का मुख्य कारण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** कुछ दिनों के बाद छठ महापर्व है, जो कि बड़ी ही आस्था,पवित्रता एवं शुद्धता के साथ केरसई सहित समस्त सिमडेगा जिला में धूमधाम से मनायी जाती है। ऐसी स्थिति में छठ घाटों तक जाने वाले रास्ते जर्जर व नदी घाटों की स्वच्छता स्थिति दयनीय बनी हुई है। पूरे देश भर में स्वच्छ भारत मिशन चलाया गया था। जिसमें सभी नागरिकों ने खुले में शौच ना करने का प्रण लिया था, लेकिन इसका असर ग्रामीण इलाकों में धुंधला होता जा रहा है। प्रखण्ड अंतर्गत आने वाले पंचायतों एवं ग्रामों के आसपास के नदी वाले क्षेत्रों में आज भी कई लोग खुले में शौच कर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण है स्वच्छता के प्रति लोगों की जागरूकता में कमी या कहें की ऐसा करने वालों पर उचित कार्रवाई न होना। केरसई में छठ पर्व की अलग ही उत्साह देखी जाती है, लेकिन छठ नदी घाटों में फैली अपार गंदगियां



छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचा रही है। गौरतलब है कि लगभग सभी के घरों में शौचालय का निर्माण हुआ है, लेकिन कहीं न कहीं कई लोग शुरू से ही बाहर शौच करने के आदी हो चुके हैं। जिस कारण नदी घाटों में गंदगी फैली हुई है। प्रशासन को चाहिए कि समय रहते प्रखण्ड अंतर्गत छठ घाट जाने वाले रास्तों को दुरुस्त एवं घाटों की साफ सफाई सुनिश्चित कराये ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

## राज्य स्थापना दिवस मनाने को लेकर बीडीओ ने किया बैठक



**सेन्हा-लोहारदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में राज्य स्थापना दिवस को लेकर मुखिया एवं प्रखंड कर्मियों का बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवनों का सजावट करने तथा 15 नवम्बर को सभही पंचायत में धरती अब्बा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 16 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम तिथिवार शिविर का आयोजन करने की बात कहीं गई। साथ ही कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल पर ही स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान योजना, सावित्री बाई फुले योजना, विधवा, वृद्धा पेंशन, वन पत्ता, अबुवा आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ त्वरित करवाई करते हुए जनता को उपलब्ध कराने और परिसम्पत्ति वितरण की बात कही गई? साथ ही कार्यक्रम से 3-4 दिन पुर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जेई संजीत कुमार,मनु कुमारी, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, आवास समन्वयक धनेश्वर महतो, सत्यकाम श्रीवास्तव, के अलावे दिलीप भगत, बसन्ती देवी, कमला देवी, पार्वती उराँव, शोभा देवी, राजश्री उराँव तथा सभी पंचायत सचिव, जनसेवक और प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

## शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंम्भ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहारदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से प्रारम्भ हुआ। आयोजित प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ कराया गया। वही बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की जरूरत के आधार पर अपग्रेड होने के लिये सम्ह समय पर सभी को प्रशिक्षण देना या लेना चाहिये। जिसे अपडेट तरीके से समय के अनुरूप कार्यो में गुणवत्ता लाया जा सके शिक्षक शिक्षिकाएँ छात्र छात्राओं का शाररिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में मुख्य भूमिका निभाते हैं। इस लिये समय के अनुसार सभी को प्रशिक्षण के माध्यम से अपडेट होना आवश्यक है। जिसे शिक्षण कार्य करने मे आसानी हो



सके। वही मौके पर मौजूद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि साक्षरता एवं संख्याज्ञान कार्यक्रम पूरे देश मे केंद्रीय मानव संसाधन विभाग के निर्देश पर चल रहा है. जिसमें कक्षा 3 तक के बच्चों का स्तर के अनुरूप शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिसके लिये कक्षा एक से 3 तक के छात्र छात्राओं के साथ कार्य कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। साथ ही कहा कि यह प्रथम चरण का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण में आये सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। वही प्रशिक्षक अवधेश यादव, सूर्यकांत भगत व अशोक भेंगरा द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को साक्षरता और संख्याज्ञान के बारे में बारीकी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिनी टाटा ट्रस्टस के सदस्यों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। प्रशिक्षण में आशा कच्छप, मंजू तिर्की, नवनीत गौड़, उदय नारायण सिंह, पुष्पा बाखला, जैनुल अंसारी, सैयद अली, फरजाना बेगम, निशान्त कुमार, अनिल राम सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन, सिनी ट्रस्ट के तरुण कुमार उपस्थित थे।

### श्रेणी 04 के संवेदकों ने उपायुक्त को दिया हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन, कहा

## पैकेज कर निकाली गई निविदा को रद्द कर पुनः निकाली जाए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल के निविदा संख्या ई-18 2023-24 को रद्द कर श्रेणी 04 के निबंधन में निविदा निकालने के संबंध में संवेदकों ने उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया है। जिसमें कहा गया है कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल में छोटा कार्य को पैकेज कर अपने प्रखण्ड कर चयनित चहेते संवेदको को देने हेतू निविदा निकाला गया है। 20 आगनबाड़ी कैरो एवं सेन्हा को मिलाकर रनिंग वाटर सिस्टम का कार्य कराना है। उसे स्वीकृति जिला द्वारा अलग अलग प्रदान किया गया है। परन्तु कार्यपालक अभियंता जब से आये हैं छोटे संवेदको के साथ सतौला व्यवहार कर रहे हैं। निविदा नियमावली में ऑडिट रिर्पोट सिमलर नेचर, अनुभव प्रमाण पत्र, ट्रम्न औभर डबल वीट किया जाता है। जबकि पीडब्लूडी में कोई प्रावधान नहीं है। कार्यपालक अभियंता इस रवैये पर पूर्व में भी इसकी सूचना दिया गया,परन्तु कोई भी सुधार नहीं हुआ और अड़ियल रवैया अपना रहे हैं। संवेदकों ने अनुरोध है कि निविदा सं0 ई-18, 2023-24 को रद कर पुनः श्रेणी 4 के निविदा निकाला जाय एवं कार्यपालक अभियंता के द्वारा जो नियम एवं शर्त लागू किया गया है, उसे रद किया जाय। साथ ही सरल तरीके से निविदा कराई जाय ताकि सभी संवेदक समान रूप से कार्य कर लाभ ले सकें। आवश्यक कार्रवाई हेतू संवेदकों ने ज्ञापन की प्रतिलिपि उपविकास आयुक्त लोहरदगा, प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल लोहरदगा, मुख्य सचिव झारखण्ड एवं मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार को भी दी गई है। हस्ताक्षर करने वाले श्रेणी 04 के संवेदकों में जियाउल अंलारी, कमरूज्जमां, इरफान अंसारी, मनोज साहु, राजू गुप्ता, सीमा तबस्सुम, मो. अरसद आलम, रजी वारिस अंसारी, साजिद अहमद, मोजिबुल आलम, फिरोज खान आदि शामिल हैं।

## किसानों के बीच उन्नत किस्म के सरसों एवं चना के बीज का किया गया वितरण



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 06 नवंबर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में किसानों के बीच रबी फसल की उन्नत किस्म का बीज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार गुप्ता,सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा एवं अनुराधा केरकेट्टा ने कहा कि वैसे किसान जिन्होंने पूर्व में उक्त कार्यालय में पंजीकरण करवाया था उन सभी किसानों को सरकार द्वारा निशुल्क सरसों,चना के साथ खेतो को उपजाऊ बनाने के लिए चुना,एवं फसल पर किसी प्रकार की बीमारी न हो उसके लिए विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों का भी वितरण कर उक्त किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही किसानों को समय समय पर खेतो की मिट्टी की जांच कराने के लिए एवं मिट्टी जांच करने के उपरांत जरूरत पड़ने पर उर्वरक खेतो में डालने की सलाह दी गई। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार गुप्ता, सहायक कृषि तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा, अनुराधा केरकेटा, किसान नंदकिशोर साहू, बासू उरांव, बाबूलाल उरांव बलराम केवट आदि उपस्थित थे।

## 55 वर्षीय सुमेर उरांव का आकस्मिक निधन, घर पहुंच नीरू शांति भगत ने जताया गहरा दुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड में सुमेर उरांव पिता स्वर्गीय दुखना उरांव उम्र लगभग 55 वर्ष के आकस्मिक हो गया निधन। निधन की सूचना मिलते हैं झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित हुई। इस दुख की घड़ी में परिवार वालों को हर संभव मदद की भरोसा दी उनकी तबीयत खराब की सूचना पहले ही दी गई थी जो सदर अस्पताल लोहरदगा में स्वयं अपने से जाकर अच्छी से अच्छी इलाज के लिए नीरू शांति भगत पहुंची थी उसके बाद वहां से मरीज अधिक सीरियस होने के कारण उसे रिम्स रेफर कर दिया गया था बेहतर इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल ले गया अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई इससे परिवार वालों को काफी आहत हुई। नीरू शांति भगत ने परिवार वालों के बीच में गई और पूरे परिवार वालों को भरोसा दिलाए की हर सुख दुख में मैं आप लोगों के साथ में रहूंगी। जिस तरह से पूर्व विधायक आप लोगों के साथ में हर एक सुख दुख में उपस्थित रहते थे मैं भी आप लोगों के हर सुख-दुख में आपकी हर एक कदम में साथ रहूंगी। साथ में जिला महिला अध्यक्ष अनीता साहू कैरो, प्रखंड सचिव गौतम साहू, कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, उपाध्यक्ष संजय महतो इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चूल्हापानी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का प्रथम वार्षिक आम सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को चूल्हापानी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का प्रथम वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यालय लोहरदगा से जिला कार्यक्रम प्रबंधक-जेएलपीसी अनिता केरकेट्टा मैडम उपस्थित हुई। कार्यक्रम का शुरुआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवम मंच पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके उपरांत कंपनी का संक्षिप्त परिचय एवम संबोधन, कम्पनी की अध्यक्ष इन्द्रमनी उराँव के द्वारा किया गया। इसमें उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक प्रगति एवमं 2023 - 24 का अब तक के उपलब्धियों को उपस्थित शेयरधारकों एवम अतिथि के समक्ष जानकारी दी गई। छ्क्करू मैडम अनिता केरकेट्टा द्वारा उपस्थित सभी शेयर धारकों एवम् बोर्ड सदस्यों को यह जानकारी दी गई कि चुल्हापानी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का फॉर्मेशन 10K FPO Scheme के तहत छ्स्क्क के अंतर्गत किया गया है, जो केंद्र सरकार के द्वारा किसानों को उन्नत कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने, किसानों को शशक्त बनाने, किसानों का जीवकोपार्जन बढ़ाने इत्यादि के उद्देश्य से पूरे भारत देश में बनाया जा रहा है। डीपीएम ने बताया कि यह किसान उत्पादक कंपनी क्लस्टर Approach के तहत फसल योजना बनाकर किसानो के उत्थान के लिए कार्य करेंगी।

## जलडेगा के कोलोमडेगा में 13 वां वार्षिक एवं दूसरे मिशन पर्व का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा के कोलोमडेगा जीईएल चर्च में सोमवार को धूमधाम के साथ मिशन पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का शामिल हुए। इस दौरान चर्च परिवार की ओर से उन्हें माला पहनकर स्वागत किया गया।मौके पर झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे उपस्थित थे। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने मिशन पर्व के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा इसी दिन कलिसिया की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि प्रभु ने हम सबों को आपसी प्रेम एवं सौहार्द के साथ रहने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि जीवन का मूल उद्देश्य आपस में प्रेम के साथ जीवन यापन करना है। आपसी भेदभाव, मनमुटाव, जात-पात को समाज से दूर करने की जरूरत है। आप सभी कलीसिया को मजबूत करने के लिए सहयोग करें और समाज में हमेशा एक दूसरे का सहयोग करें जिस प्रकार आप संगठित होकर चर्च में प्रार्थना करने आते हैं उसी प्रकार समाज की हर छोटी बड़ी समस्याओं को संगठित रहकर दूर करने का प्रयास करें ताकि समाज की सभी समस्या पूरी जड़ से समाप्त हो सके। परमपिता परमेश्वर ने हमें जिस उद्देश्य से पृथ्वी पर भेजा है उसकी पूर्ति हो इसका विशेष ध्यान रखें आप स्वार्थी ना बने इस प्रकार परमपिता परमेश्वर दूसरों की सेवा में अपने प्राणों को त्याग दिया था बाद में वह पुनः जी उठे थे।इधर दोपहर के बाद भजन होड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कन्वर्जेंस सेमिनार का आयोजन, ग्रामीणों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के तितलिंग गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में किए जा रहे गतिविधियों को बताया गया। इस दौरान संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, राशन कार्ड, श्रम विभाग, 15वें वित्त आयोग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आत्म, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उज्जवला योजना, ई श्रम कार्ड से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान ग्रामीणों को श्रम विभाग में आवश्यक रूप से निबंधन कराने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया की श्रम विभाग में निबंधन करने पर मजदूरों को विभाग द्वारा 20 प्रकार का लाभ दिया जाता है। मौके पर संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया, मुखिया अगस्ती तीडू, ग्राम सभा अध्यक्ष अरविंद होरो, सचिव जुनुल गुड़िया, उप सचिव इशुकिरिंग होरो, जल सहिया अनुबहा बरला, स्वास्थ्य सहिया दयामनी गुड़िया सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने कृषि से संबंधित सभी विभाग के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में आज कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं आत्मा विभाग की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग के राज्य संपोषित योजनाओं और केंद्र संपोषित योजनाओं की समीक्षा की गई। राज्य संपोषित योजनाओं में बिरसा बीज विनिमय एवं वितरण योजना अंतर्गत आवंटन, व्यय, कृषक मेला, एग्रीक्लिनिक योजना, कृषि प्रयोगशाला की स्थापना, मृदा परीक्षण की स्थिति की समीक्षा की गई और आवंटन के विरूद्ध व्यय सौ प्रतिशत किये जाने का निदेश दिया गया। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सभी तरह के वितरण का कार्य कराये जाने का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। केंद्र संपोषित योजनाओं में एनएफएसएम अंतर्गत रबी बीज का लक्ष्य, प्राप्त आवंटन व वितरण की समीक्षा की गई। इसमें प्राप्त बीज को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में



बंटवाये जाने का निदेश दिया गया। दलहन बीज के आवंटन की समीक्षा की गई व प्राप्त बीज का भी वितरण आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कराये जाने का निदेश दिया गया। इसमें गेहूं, गरमा मक्का, सरसों, सूर्यमुखी, चना बीज के आवंटन की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त बिरसा फसल विस्तार योजना, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषक पाठशाला, एग्री स्मार्ट गांव आदि की भी समीक्षा की गई। वर्ष 2022-23 में केसीसी के आवेदन बैंक स्तर से वापस किये हैं, उनकी पुनः समीक्षा करने का निदेश एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया। कृषक पाठशाला में एमओयू के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं करनेवाले एजेंसी को शो-कॉज दिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, कृषक पाठशाला में कार्यरत मानव बल के मानदेय भुगदान का भी निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में कुल लक्षित किसानों का ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु सभी अंचल अधिकारियों को पत्राचार किये जाने का निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में उद्यान, मत्स्य, आत्मा, पशुपालन विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई और लक्ष्य पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार, आत्मा परियोजना उप निदेशक समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय शिक्षा की पहल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पिरामल फाऊंडेशन (कैवल्या एजुकेशन फाऊंडेशन) के द्वारा जिला स्तरीय क्षमता वर्धन सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शिक्षा की पहल कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिमडेगा में साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में सुधार करना. इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 विद्यालयों में शिक्षा की पहल कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमें 8000 छात्रों को सीखने के अवसरों में सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही 100 मास्टर ट्रेनर तैयार कर नेतृत्व को मजबूत करने का भी लक्ष्य है जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता को बढ़ावा दिया जा सकें। कार्यक्रम में संजीव जैन और प्रतिभा नायक ने सभी को उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जो शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विद्यालयों में शिक्षा की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न कार्यों पर गहरी चर्चा की गई। कैसे हम एक दूसरे के



साथ फीडबैक लिया और दिया जाय, डाटा की समझ विकसित कर लर्निंग आउटकम को बढ़ाने में रणनीति बनाई जाय साथ ही मॉर्निंग असेंबली, बिल्डिंग एन्ड लर्निंग ऐड, बाल संसद, विद्यालय प्रबंधन समिति, पुस्तकालय आदि। साथ ही पंचायती राज सदस्यों युवाओं स्वयंसेवक को समुदायों आदि को भी प्रशिक्षण प्रक्रिया में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वह विद्यालयों और बच्चों के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के लिए सहयोग कर सकें। इसके जरिए युवाओं को जागरूक करने और समुदाय में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। सिमडेगा जिले के विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अलका लकड़ा, एरिया अफसर रौशनी मैम, फील्ड मैनेजर प्रशांत पांडेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बसंत कुमार, 9 बीपीओ, 15 बीआरपी, 17 CRP, सीनियर प्रोग्राम लीडर विनोद कुमार, प्रोग्राम लीडर अमित चतुर्वेदी और मनीषा नेगी और सभी गाँधी फ़ेलोस उपस्थित रहे।

## हाई वैल्यू क्रॉप पर किसानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखण्ड स्थित लीड्स कार्यालय में लीड्स संस्था द्वारा किसानों का हाई वैल्यू क्रॉप पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। प्रशिक्षक के रूप में आए जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रशिक्षण में किसानों को ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, चेरी, स्वीट कॉर्न, ब्रॉकली, पीला कैप्सीक्यूम आदि हाई वैल्यू फसल के विषय में विस्तार रूप से जानकारी दी। वहीं उन्होने प्रशिक्षण में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया और किसानों को रसायनिक खाद से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया। लीड्स संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने किसानों को झारखंड राज्य फसल राहत योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना की विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम में लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कलिंद्र प्रधान सहित लक्षित गांव के किसान उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### मनोरंजन के क्षेत्र में भारत बनेगा विश्वगुरु : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली** : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत मनोरंजन क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र हर वर्ष 20 फीसदी की ग्रोथ रेट से आगे बढ़ रहा है। ठाकुर ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गोवा में 20 से 28 नवंबर के बीच इफ्फी का आयोजन किया जाएगा। यह फिल्मों के लिए एक वैश्विक मंच है। यहां दुनिया की बेहतर फिल्में को मंच मिलता है और सम्मानित किया जाता है। ठाकुर ने कहा कि भारत में दुनिया में सबसे अधिक फिल्में हर वर्ष बनती हैं। देश में ओटीटी (ओवर-द-टॉप) प्लेटफार्मों का तेजी से विस्तार हो रहा है। हजारों घंटों के कंटेंट ओटीटी पर उपलब्ध हैं। ओटीटी पर भारतीय फिल्में और वेब सीरीज खूब देखी जा रही हैं। यह क्षेत्र रोजगार के अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब ओटीटी श्रेणी में भी बेहतर फिल्मों को सम्मानित किया जाएगा।ठाकुर ने कहा कि इफ्फी के प्रति दुनिया के फिल्मकारों का आकर्षण बढ़ा है। इस बार बाहरी देशों की फिल्मों की एंट्री में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष जाने-माने हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस को गोवा में आयोजित होने वाले 54वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रतिष्ठित सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में दस लाख का गबन, एफआईआर दर्ज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में ऑडिट के दौरान दस लाख रुपये गबन का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में रांची कार्यालय के निरीक्षक दीनदयाल शर्मा ने सुखदेवनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। मामले में विभूति कुमार राय को आरोपित बनाया गया है। विभूति राय जमशेदपुर शाखा में प्रबंधक के तौर पर पदस्थापित हैं। यह राशि का गबन चार बार में हुआ हैं। जानकारी के अनुसार तीन अलग-अलग तारीख में पैसों की निकासी की गई है। पहली बार में पांच लाख रुपये की निकासी 19 अप्रैल 2014 को हुई थी। दूसरी राशि दो लाख रुपये 29 अप्रैल 2014 को और तीसरी राशि तीन लाख 28 अप्रैल 2014 को निकाली गई है। सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### बिहार : पीएम विश्वकर्मा योजना का 26 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ

**बेगूसराय** : पीएम विश्वकर्मा योजना में अपने प्रयास से बेगूसराय को शामिल करने का बयान गिरिराज सिंह द्वारा दिया जाना चर्चा का विषय बन गया है। लोगों का कहना है कि इस महत्वाकांक्षी योजना में बेगूसराय को गिरिराज सिंह द्वारा शामिल नहीं कराया गया है। लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर लगातार योजना का लाभ दिला रहे समाजिक कार्यकर्ता प्रो. संजय गौतम ने कहा है कि गिरिराज सिंह बड़बोलेपन के कारण अपने ही सरकार को बदनाम करने पर तुले हुए हैं। जिस पद पर हैं, उन्हें सही जानकारी के साथ सही तथ्यों को रखना चाहिए।

# शिक्षक प्रशिक्षण छात्राओं का चौमुखी विकास लक्ष्य : शिवानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में बीएड के सत्र 2023 -25 के दैनिक कक्षाओं के संचालन हेतु शुभारंभ 2022 से 24 की प्रशिक्षु छात्राओं ने स्वागत के साथ शुरू किया गया। इस अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती शिवानी आनंद एव प्राचार्य डॉ.अनुपमा गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सत्र का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की डायरेक्टर शिवानी आनंद ने छात्राओं को कहा कि यह कॉलेज प्रमंडल का इकलौता महिलाओं के लिए खोला गया बीएड



कॉलेज है और लगातार 11 वर्षों में कई बार यूनिवर्सिटी टॉपर का खिताब कॉलेज को लेने का अवसर मिला है। हम आशा करते हैं इस सत्र की छात्राएं भी इस परंपरा को कायम रखेंगे। मेरा प्रयास होगा यहां कि छात्राओं का चौमुखी विकास हो। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। इस अवसर पर डायरेक्टर शिवानी आनंद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को हमेशा अग्रसर करने का प्रयास करता है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने सभी छात्राओं को शैक्षिक वर्ष में बेहतर भविष्य की कल्पना करते हुए शुभकामनाएं दी एवं महाविद्यालय में अनुशासन को कायम रखने की हिदायत दी। यहां से एक बेहतर शिक्षक बनकर निकलने के पश्चात राष्ट्र के हित में अपना विकास के साथ अपना योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सभी शिक्षक और अविनाश कुमार सिंह, सुजीत कुमार, वीणा तिवारी, माया त्रिपाठी, अरुण पांडे, रामसागर, अंजना दुबे, आकांक्षा तिवारी, प्रिया सिंह सहित महाविद्यालय में अन्य सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## यूपी एटीएस ने दो आतंकियों को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया

एजेंसी

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने सोमवार को अलीगढ़ में अलग-अलग इलाकों से दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग आईएसआईएस से जुड़े दो सेल्फ रेडिक्लाइज्ड आतंकी है और अपने हैंडलर्स के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। एटीएस के अपर पुलिस महानिदेशक मोहित अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कथित आतंकी अब्दुल अर्सलान और माज बिन तारिक अलीगढ़ के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले हैं। इनके पास से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, आतंकी साहित्य व प्रोपेगेंडा से भरी पेन ड्राइव मिली है। इसके अलावा देश विरोधी आतंकी विचारधारा समर्थित कई ग्रुपों का खुलासा हुआ, जिससे ये लोग प्रतिबंधित साहित्य आदान-प्रदान करते थे। अग्रवाल के मुताबिक यह दोनों आतंकी विचारधारा से प्रेरित होकर आईएसआईएस की बैयत (शपथ) भी ले चुके है और वे खिलाफत कायम करने के लिए देश विरोधी षडयंत्र रच रहे थे। ये लोग हैंडलर्स के निर्देश पर अपने जैसी विचारधारा रखने वाले लोगों के साथ में जोड़कर आतंकी जेहाद की सेना बनाने में जुटे थे। साथ ही उत्तर प्रदेश में कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना पर काम कर रहे थे। एडीजी ने बताया कि इस मामले की गहराई से जांच करने पर यह पता चला कि मुंबई में दर्ज मुकदमों में पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तों शाहनवाज और रिजवान के संबंध अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्र संगठन (एसएएमयू) से जुड़े कुछ छात्रों से हैं।

## भारतीय रेल को कोई चला रहा है तो वह है ट्रैकमेन : रूप नारायण सुनकर

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय रेल को कोई चला रहा है तो वह ट्रैकमेन है। ट्रैकमेन के बगैर रेल को चलाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। ये लोग भीषण गर्मी, बरसात और कड़ाके की ठंड में भी अपनी डयूटी मुस्तैदी से निभाते हैं, जिससे हमारी रेल सुरक्षित चलती है। यह बात रेलवे बोर्ड के मेम्बर (इंफ्रास्ट्रकचर) रूप नारायरण सुनकर ने यहां रेल हादसों के मानवीय तथा तकनीकी कारण और निवारण पर आयोजित सुरक्षा संगोष्ठी में शामिल ट्रैक मेन, कीमेन, गेटमैन आदि को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर एनएफआईआर के अध्यक्ष गुमान सिंह, एनएफआईआर के उपाध्यक्ष व यूआरएमयू के महासचिव बीसी शर्मा, यूआरएमयू के अध्यक्ष एस.एन. मलिक, मंडल मंत्री रमणिक शर्मा, मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, वर्किंग प्रेसिडेंट डी.के. चावला, प्रेम सोलंकी वाइस प्रेसिडेंट पीएस सिसोदिया, महिला विंग अध्यक्ष सोनिया शर्मा, उर्मिला डोगरा, मनोज, टीके शर्मा, सुभाष चांद आदि मौजूद थे। इस मौके पर ट्रैकमेनों ने कहा कि उनसे 11-11 घंटे काम लिया जाता है और बदले में उन्हें आराम करने के लिए एक छत तक नहीं मिलती है। खुले आसमान में कड़ी धूप और बरसात, ठंड के बीच काम करना पड़ता है। पीने की भी कोई व्यवस्था नहीं होती है। ट्रैकमेनों ने कहा कि जब हम सुरक्षित रहेंगे तभी रेलवे भी सुरक्षित रहेगी। हम लोगों की सुरक्षा को लेकर कुछ नहीं हो रहा है। इन लोगों की ओर से बीसी शर्मा व गुमान सिंह ने मांगों का एक ज्ञापन रूप नायारण सुनकर को सौंपी।

# झारखंड आंदोलन के आधार स्तंभ थे झगरू पंडित : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एकीकृत बिहार से अलग विस्तृत झारखंड राज्य की मांग वर्षो से उठते आई थी। लंबी लड़ाई व सैकड़ों शहादत के बाद 15 नवंबर 2000 को अलग झारखंड राज्य बना। इस राज्य को बनाने में और दिशोम गुरुजी को इस मुकाम तक पहुंचाने में झारखंड आंदोलनकारी कृषि-गुरु स्वर्ण विजेता बाबा झगरू पंडित की महत्ती भूमिका रही है। वे जीवन भर पार्टी से जुड़े रहे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिपाही बनकर काम किए। उस इलाके का शायद ही कोई होगा, जो झगरू बाबा को नहीं जानता होगा और अदब से नाम नहीं लेता होगा। 04 नवंबर 2021 को झगरू बाबा 95 साल की उम्र में अपने पैतृक गांव जामताड़ा के पिपरासोल में अंतिम सांस लिए। झारखंड माटी कला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय, मेदिनीनगर में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति, पलामू के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां पलामू प्रमंडल के



सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी ने झगरू बाबा की तस्वीर पर दीप-प्रज्वलित कर फूलमाला चढ़ाया एवं एक मिनट का सामूहिक मौन रख उनको नमन किया।

सभा को संबोधित करते झामुमो के युवा नेता अविनाश देव कहा कि झगरू पंडित झारखंड आंदोलन के आधार स्तंभ थे। झगरू बाबा जैसे अनगिनत गुमनाम आंदोलनकारियों को खोज कर उनकी जीवनी को पाठ्य-पुस्तक में जगह देने की जरूरत है, ताकि आने वाली नस्ल झारखंड के संघर्ष व समग्रता में व्यापक दृष्टि रख सके और शहीदों के सपनों के झारखंड बना सके। पलामू जिला समिति ने बाबा के आदम कद प्रतिमा की निर्माण करवाई है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन या गुरुजी जब समय देंगे, समिति प्रतिमा को स्थापित करने का कार्य करेगी। इस मौके पर झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ, पलामू के अध्यक्ष, सचिव एवं संघ के तमाम सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही और सबों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

#### प्रसिद्ध उर्दू पत्रकार सैयद अमीर हुसैन रिजवी की याद में शोक सभा का हुआ आयोजन, वक्ताओं ने कहा

# रिजवी साहब को भुलाया नहीं जा सकता



*** उर्दू को घर-घर पहुंचने वाले शख्स थे पत्रकार सैयद अमीर हुसैन रिजवी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : प्रसिद्ध उर्दू पत्रकार पूर्व स्थानीय संपादक सैयद अमीर हुसैन रिजवी की याद में सोमवार को मस्जिद जाफरिया कैंपस में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने की और संचालन नौजवान शायर सोहेल सईद ने किया। झारखंड के सबसे सीनियर उर्दू पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी ने नाम आंखों से उन्हें याद करते हुए कहा के रिजवी साहब मेरे दोस्त थे। बहुत अफसोस होती है के उर्दू समाज जिंदा और मुर्दों को अब याद करने का रिवायत खत्म कर रही है। रिजवी साहब को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं कांग्रेस के सीनियर लीडर अजय नाथ शाहदेव ने शौक व्यक्त करते हुए कहा के राज्य के लिए लॉस है रिजवी साहब का जाना। हम उनके परिवार से कहना चाहते है कि उनके नाम से एक अवॉर्ड की घोषणा की जाए। ताकि उनको इसी बहाने याद किया जा सके। वहीं प्रोफेसर हरविंदर वीर सिंह ने कहा के रिजवी साहब ने पत्रकारिता के लिए पूरी जिंदगी कुर्बान कर दी। उर्दू जबान में अखबार निकालना बहुत मुश्किल कार्य है। हम रिजवी साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। वहीं झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष कांग्रेस नेता शमशेर आलम ने कहा के मेरी यह खुशनसीबी है कि हम रिजवी साहब के बड़े अजीज थे। रिजवी साहब हमेशा अपने नेक मशविरा मुझे देते। रिजवी साहब निर्भीक पत्रकार थे, जो अब हमारे बीच नहीं रहे। हमें याद है रिजवी साहब,खुर्शीद प्रवेज सिद्दीकी, मुजफ्फर हसन और ऐसे लोगों ने उर्दू की लड़ाई लड़ी और मधु कोड़ा सरकार ने उर्दू को दूसरा लैंग्वेज का दर्जा दिया। वहीं महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा के रिजवी साहब उस समय काम किया। 1990-92 में जब पूरा देश जल रहा था। उसे वक्त रिजवी साहब संप्रदायिक सौहार्द बनाने का काम किया और लोगों को जोड़कर संप्रदायिक सौहार्द बनाया। वहीं लोक सेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद खान ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा के रिजवी साहब नेक और सच्चे इंसान थे। हम यह घोषणा करते हैं की झारखंड के सर्वोच्च नागरिक सम्मान झारखंड रत्न मरणोपरांत से रिजवी साहब को परिवार को दिया जाएगा। वही झारखंड के सीनियर पत्रकार मुजफ्फर हसन ने कहा के पत्रकारों का काम है मोहब्बत बांटना। रिजवी साहब बड़ी मेहनत किए हैं उर्दू अखबार के लिए। उर्दू को घर-घर पहुंचने वाले शख्स थे रिजवी साहब। नौजवानों को जोड़ने का काम किया। हम अलग-अलग अखबार में रहते हुए मेरी दोस्ताना दोस्ती रही। लेकिन 40/50 साल से अखबार में सेवा देने के बाद रिजवी साहब को क्या मिला एक अलग विषय हैं। वहीं सीनियर पत्रकार वकील अहमद रिजवी ने कहा कि रिजवी साहब से हमारी मुलाकात 1978-80 से है। हमने उनके साथ काम किया मेरी फैमिलीयर रहें। वह पत्रकार के साथ एक अच्छे शायर भी थे। वहीं सीनियर पत्रकार मुस्तकीम आलम ने कहा कि रिजवी साहब बहुत नेक दिल इंसान। वहीं सर्वधर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम ने कहा कि रिजवी साहब कलम के दुनिया के बेताज बादशाह थे। वहीं अध्यक्षता कर रहे हजरत मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने उन्हें याद करते हुए कहा के हमेशा दूसरों के काम आने वाले शख्स का नाम अमीर हुसैन रिजवी था। वह कॉम व मिल्लत के लिए सोचते थे।हमेशा उनकी कोशिश रहती थी की हर कलमा पढ़ने वाला मुसलमान एक चटाई पर आ जाए।

**शोक सभा में इनकी रही उपस्थित**

शोक सभा में मौलाना तहजीब उल हसन रिजवी, जय सिंह यादव, अजय नाथ शाहदेव, खुर्शीद परवेज सिद्दीकी, प्रोफेसर हरविंदर वीर सिंह, मुजफ्फर हसन, वकील अहमद रिजवी, मुस्तकीम आलम, खुर्शीद हसन रूमी, शारिब खान, एस एम खुर्शीद, एस एम आसिफ, नौशाद खान, मोहम्मद इस्लाम, नफीसुल आबिदीन, सैयद शहरोज कमर, तनवीर खान, अख्तर अंसारी, अमीन अहमद, अब्दुल मन्नान, अब्दुल खालिक, सैफ उल हक, सैयद निहाल अहमद, इकबाल फातमी, निहाल हुसैन सरियावी, गुलाम शाहिद, परवेज कुरैशी, नौशाद आलम, आसिफ, असफर, नसीम, नकी रिजवी, अबूजर गफारी, आदिल रशीद, गुड्डो, समेत कई लोग मौजूद थे।

### स्थापना दिवस मनाया गया

**रांची।** फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ़ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई के राँची स्थित कार्यालय में बड़े धूमधाम से केक काटकर 59वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस शुभ अवसर पर फेडरेशन के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट और झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा संगठन अधिकारी के हकों को लेकर हमेशा से मुखर रहा है और आगे भी रहेगा। कोषाध्यक्ष कॉमरेड प्रकाश उराँव ने एकजुट रहने का आवाहन किया। मौके पर उपाध्यक्ष कॉमरेड बेंजामिन मुर्मू, उप महासचिव मनीष नारायण, सहायक महासचिव हरीश कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कॉमरेड अली हसन, कॉमरेड ज्योत्सना बारा और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर विश्व कप से किया बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली** : बांग्लादेश ने श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर उसे विश्व कप से बाहर का रास्ता दिखा दिया. श्रीलंका की ओर से रखे गए 280 रन के लक्ष्य पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम 7 विकेट पर टारगेट हासिल करने में सफल रही. इस मैच में श्रीलंका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 में 279 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। श्रीलंका के लिए चरिथ असलंका ने सबसे ज्यादा 108 रन बनाए। वहीं,तंजीम हसन शाकिब 3 विकेट के साथ बांग्लादेश के सबसे सफल गेंदबाज रहे। वहीं, बांग्लादेश ने 7 विकेट के नुकसान पर ये टारगेट हासिल कर लिया। बांग्लादेश के लिए नजमुल हुसैन शान्तो ने 90 रन और शाकिब अल हसन ने 82 रन की पारी खेली। श्रीलंका इस हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।बांग्लादेश के लिए विश्व कप



अच्छा नहीं रहा. पहले मैच में अफगानिस्तान को हराने के बाद ये टीम लगातार 6 मैच हारी. वहीं, श्रीलंका का भी हाल भी कुछ ऐसा ही है. ये टीम भी लगातार दो मैच हारी है. भारत के खिलाफ तो श्रीलंका को 302 रन के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था. दोनों टीमें दिल्ली के खराब क्वालिटी से परेशान हैं.इसी वजह से दोनों को अपने प्रैक्टिस सेशन तक को रद्द करना पड़ा. हालात अभी भी ठीक नहीं हैं. ऐसे में मैच पर भी संकट के बादल हैं. इसी मैदान पर पिछले महीने साउथ अफ्रीका ने विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा 428 रन ठोके थे. यानी बैटिंग के लिए यहां का विकेट अच्छा रहा है.श्रीलंका अपनी टीम में एक बदलाव कर सकता है और दिमुथ करुणारत्ने के स्थान पर कुसल परेरा टीम में आ सकते हैं. वहीं, दुशान हेमंता के स्थान पर ड्यूनिथ वेल्लालागे को भी मौका मिल सकता है. बांग्लादेश टीम में कोई बदलाव होता नहीं दिख रहा.

# विश्व को विनाश से बचाने का फॉर्मूला भारत के पास : सतपाल महाराज

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सतपाल महाराज ने पुनः एक बार मजहब के नाम पर लोगों का बांटने व मारने का सिलसिला रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला केवल बातों से रुकने वाला नहीं हैं बल्कि इसके लिए हमें भारत के ऋषियों-मुनियों का वह फार्मूला अपनाना होगा, जो सभी भेद-भाव को मिटाकर मानव को मानव से जोड़ता है। वे मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा पंडवाला कलां स्थित श्री हंस नगर आश्रम में आयोजित त्रिदिवसीय सद्भावना सम्मेलन के अंतिम दिन देश के कोने-कोने से आये हुए श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।अपने प्रवचन में सतपाल महाराज ने कहा कि कुछ लोग धर्म और मजहब के नाम पर एक दूसरे की हत्या करने को ही धर्म मानते हैं, हमास और इजराइल के बीच छिड़ी जंग इसी बात को दर्शाती है। यह बात ईश्वर



की बनाई सृष्टि के लिए एक कलंक जैसी है। ऐसे में दुनिया में फैल रही इस नफरत को दूर करने के लिए भारत के तत्व-ज्ञानी संतों को आगे आना होगा।सतपाल महाराज ने भारतवंशियों को इस बात की भी याद दिलाई कि श्री हंस जी महाराज द्वारा 18 और 19 नवम्बर 1962 में देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में 'संसार बचाओ सम्मेलन' का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि दुनिया में जब अणुबम और उसके भयानक परिणामों की चर्चा होने लगी थी तब श्री हंस जी महाराज ने यह सम्मेलन कर निश्शस्त्रीकरण की ओर सबका ध्यान खींचा था। सतपाल महाराज ने कहा कि अणुबम का खतरा आज पहले से कई गुणा बढ़ गया है। आज पुरी दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। ऐसे में हम सबको यह सोचना होगा कि संसार कैसे बचेगा? महाराज ने आगे कहा कि संतों का काम लोगों को जगाने का होता हैं वे खुद पिछले कई सालों से निश्शस्त्रीकरण की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने का काम कर रहे हैं। भारत ने हमेशा से ही दुनिया को रास्ता दिखाया है। हमें यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि नफरत को दूर करने का फॉर्मूला भारत के पास ही है।

नफरत को नफरत से दूर नहीं किया जा सकता बल्कि उसका रास्ता प्रेम और सद्भावना का है। सम्मेलन में गुरु माता अमृता जी ने कहा कि प्रभु को पाने का एक ही रास्ता है, वह है प्रेम का रास्ता। उसमें दूसरा भाव नहीं समाता। अगर आपके अंदर अहंकार है तो प्रभु की उस गली में आप नहीं घुस पाएंगे, केवल पवित्र भाव ही आपको प्रभु के पास तक ले जा सकता है और वह है मन की पवित्रता और मन की पवित्रता केवल साधना से ही आती है। इसलिए सभी को खूब भजन सुमिरन करना चाहिए।

# मिशन मोड पर कार्य करें अधिकारी : राधा रतूड़ी

एजेंसी

**देहरादून** : राज्य के अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के सौ फीसदी पूरा होने तक नियमित रूप से समीक्षा की जाए।घोषणाओं को जल्द पूरा करने के लिए सभी विभागों को ऑनरशिप लेनी होगी तथा मिशन मोड पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विलम्ब एवं लापरवाही स्वीकार नही की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने सचिवालय में मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा शीघ्र और प्राथमिकता के



आधार पर कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। बैठक में विद्यालयी शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप 600 अतिरिक्त विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र धारचूला के तहत आपदा में अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था सहित अन्य कार्य प्रगति पर है।चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि खटीमा में नान इनवेजिव कार्डियक केयर सेन्टर हब के रूप में विकसित करने, खटीमा में ब्लड बैंक की स्थापना, पिथौरागड़ के तहत बेस चिकित्सालय को सुचारू करने सहित इत्यादि कार्य गतिमान है। बैठक में अपर सचिव नमामि बंसल, योगेन्द्र यादव तथा सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।